खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

अधिकतम : 31°C
न्यूनतम : 22°C

मुरादाबाद, शुक्रवार 8 अगस्त 2025 मुरादाबाद संस्करणः वर्ष 22 अंक 359 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

www.shahtimesnews.com

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com | श्रावण शुक्ल पक्ष 13 विक्रमी सम्वत् 2082 | 13 सफर 1447 हिजरी | नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित



नवाचार-आधारित शोध को मिले प्राथमिकताः आनंदीबेन पेज 2



बीएफआई अधिकारी ने मिसबिहेव कियाः लवलीना खेल टाइम्स




पैरोल और फरलोः कानून है या विशेषाधिकार सम्पादकीय




ब्रह्मोस की ताकत देख चौंक गए थे ट्रम्प पेज 12

## हमारे लिए अपने किसानों का हित सर्वोच्च प्राथमिकता

# टैरिफ वॉर पर प्रधानमंत्री मोदी की दो टूक

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** पीएम नरेंद्र मोदी ने गुरुवार को अमेरिकी टैरिफ का जिक्र किए बिना कहा कि हमारे लिए अपने किसानों का हित सर्वोच्च प्राथमिकता है।

भारत अपने किसानों, पशुपालकों और मछुआरे भाई-बहनों के हितों के साथ कभी भी समझौता नहीं करेगा। पीएम मोदी ने गुरुवार को दिल्ली में एमएस स्वामीनाथन शताब्दी अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन में कहा कि मैं जानता हूं कि व्यक्तिगत रूप से मुझे बहुत बड़ी कीमत चुकानी पड़ेगी, लेकिन मैं इसके लिए तैयार हूं। पीएम मोदी का यह बयान अमेरिका के भारत पर 50 फीसदी टैरिफ के ऐलान के एक दिन बाद आया। दरअसल अमेरिका भारत के एग्रीकल्चर और डेयरी सेक्टर में अपनी शर्तों के साथ एंट्री चाहता है। कई दौर की मीटिंग के बाद भारत इस पर तैयार नहीं -शेष पृष्ठ दो पर



- **टैरिफ का जिक्र किए बिना कहाः हमारे लिए अपने किसानों का हित सर्वोच्च प्राथमिकता अमेरिका इन सेक्टर में एंट्री चाहता है**

### आप और भी बहुत कुछ देखेंगेः ट्रम्प

**वाशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने अब एक बार फिर उन्होंने बड़ा बयान दिया है। ओवल ऑफिस में पत्रकारों से वार्ता करते हुए ट्रम्प ने रूस से लगातार तेल खरीद को लेकर और अधिक टैरिफ लगाने की चेतावनी दी। दरअसल, जब ट्रम्प से पूछा गया कि भारतीय अधिकारियों का कहना है चीन जैसे अन्य देश भी रूसी तेल खरीद रहे हैं। आप इन अतिरिक्त प्रतिबंधों के लिए भारत को ही क्यों जिम्मेदार ठहरा रहे हैं? इस पर ट्रम्प ने जवाब देते हुए कहा कि अभी तो सिर्फ आठ घंटे ही हुए हैं। देखते हैं क्या होता है। आपको और भी बहुत कुछ देखने को मिलेगा। आपको कई अतिरिक्त प्रतिबंध देखने को मिलेंगे। आगे जब उनसे पूछा गया कि भारत पर लगाए गए अतिरिक्त टैरिफ की तरह ही क्या उनके पास चीन पर अधिक टैरिफ लागू करने की कोई समान योजना है? इस पर अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने कहा कि ऐसा हो सकता है।

# धराली त्रासदीः अब तक 274 का रेस्क्यू

## एक ऑफिसर व आठ जवान अभी भी लापता

शाह टाइम्स ब्यूरो

**देहरादून/ उत्तरकाशी।** उत्तराखंड के धराली में हुए हादसे में अब तक 5 मौतों की पुष्टि हो चुकी है। 70 लोगों का रेस्क्यू किया गया है। प्रशासन के हवाले से सेना ने बताया कि 50 से ज्यादा लोग लापता हैं। एक जूनियर कमीशंड ऑफिसर (जेसीओ) और 8 जवान लापता हैं।

वहीं, आर्मी के 9 जवानों और 3 सिविलियंस को हेलीकॉप्टर से रेस्क्यू कर देहरादून लाया गया। गंभीर रूप से घायल 5 लोगों को एम्स ऋषिकेश, 9 लोगों को उत्तरकाशी के जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। आपदा प्रबंधन सचिव ने बताया कि गंगोत्री और आसपास के क्षेत्रों में करीब 400 लोग फंसे हैं। वहां से अब तक 274 लोगों को हर्षिल लाया गया है। सभी को हर्षिल से उत्तरकाशी और देहरादून लाने का काम जारी है। हर्षिल से अब तक 190 लोगों को आईटीबीपी मातली शिफ्ट किया जा चुका है। राज्य सरकार, जिला प्रशासन, आपदा प्रबंधन विभाग, आईटीबीपी, एनडीआरएफ और अन्य एजेंसियां रेस्क्यू व राहत कार्यों में जुटी हैं। सीएम पुष्कर सिंह धामी स्थिति की निगरानी कर रहे हैं। दरअसल, उत्तरकाशी जिले के धराली में मंगलवार 5 अगस्त को दोपहर 1.45 बजे बादल फट गया था। गंगोत्री के पहाड़ों से बहने वाली खीर गंगा नदी में बाढ़ आ गई। तेज रफ्तार पानी के साथ आए मलबे ने 34 सेकंड में धराली गांव को जमींदोज कर दिया था।

- **धराली से 70, हर्षिल से 190 और गंगोत्री से 274 लोगों का रेस्क्यू**
- **सीएम धामी स्थिति की निगरानी कर रहे**

### CRPF की गाड़ी 200 फीट गहरी खाई में गिरी, तीन जवानों की मौत

**उधमपुर।** जम्मू-कश्मीर के उधमपुर जिले के बसंतगढ़ इलाके में गुरुवार सुबह 10:30 बजे सीआरपीएफ जवानों की बंकर गाड़ी 200 फीट गहरी खाई में गिर गई। हादसे में 3 जवानों की मौत हो गई, जबकि 15 अन्य घायल हो गए। प्रशासन के मुताबिक, 5 जवानों की हालत गंभीर है। सीआरपीएफ के अफसरों के अनुसार, गाड़ी जवानों के एक दल को ले जा रहा था, जो सड़क से फिसलकर खड़ी ढलान से नीचे खाई में जा गिरा। 3 शव घटनास्थल से बरामद किए जा चुके हैं, जबकि कई घायल जवानों को गंभीर हालत में रेस्क्यू कर पास के अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

### अहमदाबाद प्लेन क्रैश के 60 पीड़ित परिवार जाएंगे यूएस कोर्ट

**अहमदाबाद।** अहमदाबाद प्लेन क्रैश में जान गंवाने वाले मृतकों के 60 परिवारों ने बोइंग कंपनी के खिलाफ कोर्ट में जाने का फैसला किया है। इन परिवारों ने दुर्घटनाग्रस्त विमान की निर्माता कंपनी बोइंग के खिलाफ एक अमेरिकी कोर्ट में मुकदमा दायर करने की तैयारी कर ली है। इसके लिए उन्होंने अमेरिकी विशेषज्ञ वकील माइक एंड्रयूज को भी हायर कर लिया है। इन परिवारों ने दुर्घटना की जांच पर सवाल उठाए हैं। परिवार की मांग है कि उन्हें कॉकपिट वॉयस रिकॉर्डर और फ्लाइट डेटा रिकॉर्डर का कच्चा डेटा दिया जाए, ताकि वे स्वतंत्र जांच करवा सकें।

### निकांत जैन के ठिकानों पर ईडी की छापेमारी

**लखनऊ।** उप्र में निलंबित आईएएस अभिषेक प्रकाश के करीबी निकांत जैन और गोल्डन ब्लॉसम के राजिंदर सिंह के ठिकानों पर ईडी ने छापेमारी की है। प्रवर्तन निदेशालय ने निलंबित आईएएस अधिकारी और इन्वेस्ट यूपी के पूर्व सीईओ अभिषेक प्रकाश के करीबी निकांत जैन पर शिकंजा कसा है। निवेशकों से रिश्वतखोरी के मामले में ईडी का बड़ा एक्शन लिया है। जानकारी के अनुसार प्रवर्तन निदेशालय ने गुरुवार को निकांत जैन के लखनऊ विशाल खंड स्थित घर और ऑफिस समेत पांच जगह छापेमारी की है।

# राहुल का EC पर बड़ा हमला

## राहुल गांधी ने स्क्रीन पर वोटर लिस्ट दिखाकर खोली पोल

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने गुरुवार को वोटर लिस्ट में गड़बड़ पर एक घंटे 11 मिनट तक 22 पेज का प्रजेंटेशन दिया। राहुल ने स्क्रीन पर कर्नाटक की वोटर लिस्ट दिखाते हुए कहा कि वोटर लिस्ट में संदिग्ध वोटर मौजूद हैं। उन्होंने कहा कि महाराष्ट्र के नतीजे देखने के बाद हमारा शक पुख्ता हुआ कि चुनाव में चोरी हुई है। मशीन रीडेबल वोटर लिस्ट नहीं देने से हमें भरोसा हुआ कि चुनाव आयोग ने भाजपा के साथ मिलकर महाराष्ट्र के चुनाव की चोरी की है।

राहुल ने कहा कि हमने यहां वोट चोरी का एक मॉडल पेश किया, मुझे लगता है कि इसी मॉडल का प्रयोग देश की कई लोकसभाओं और विधानसभाओं में हुआ। राहुल गांधी के आरोपों पर कर्नाटक चुनाव आयोग ने शपथ पत्र मांगा है। उन्होंने कहा कि वे लिखित में शिकायत करें, ताकि आगे की कार्रवाई की जा सके। कर्नाटक की महादेवपुरा असेंबली सीट की वोटर लिस्ट स्क्रीन पर दिखाते हुए राहुल गांधी ने कहा कि यहां के 6.5 लाख वोट में से एक लाख वोटों की चोरी हुई है। कांग्रेस के रिसर्च में यहां एक लाख के करीब गलत पता और एक ही पते पर बल्क वोटर और डुप्लीकेट वोटर्स का पता चला। कर्नाटक में हमें 16 सीटों पर जीत मिलती, लेकिन हम सिर्फ 9 सीटों पर जीते। हमने इन सात हारी हुई सीटों में से एक सीट पर जांच-पड़ताल की, वो सीट थी बेंगलुरु सेंट्रल। इस सीट पर कांग्रेस को -शेष पृष्ठ दो पर

- **महाराष्ट्र में 40 लाख संदिग्ध नाम, कर्नाटक में भी फर्जीवाड़ा**
- **छह महीने में सात फीट तक ऊंचे पेपर्स खंगाले, सबूत जुटाए**
- **आरोपों पर चुनाव आयोग ने शपथ पत्र मांगा, लिखित में शिकायत करें राहुल**
- **राहुल की वीडियो को गुमराह करने वाला बताया**



### राहुल गांधी के चुनावी धांधली के आरोपों पर भाजपा का पलटवार

**नई दिल्ली।** भाजपा ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी पर देश की जनता का अपमान करने का आरोप लगाया है। पार्टी ने कहा कि राहुल गांधी ने भाजपा की चुनावी जीत को 'फ्रॉड' यानी धोखा करार देकर बहुत ही गैरजिम्मेदाराना और शर्मनाक बयान दिया है। जनता इसी तरह के व्यवहार और सोच के कारण लगातार कांग्रेस को नकारती रही है और आगे भी नकारती रहेगी। भाजपा सांसद और पूर्व केंद्रीय मंत्री रविशंकर प्रसाद ने राहुल गांधी के बयान की निंदा करते हुए कहा कि राहुल गांधी, जो अब नेता प्रतिपक्ष हैं, उन्होंने बेहद गैरजिम्मेदाराना और शर्मनाक टिप्पणी की है। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी ने चुनाव आयोग को ही फ्रॉड बता दिया, जो कि बेशर्मी की सारी हदें पार करता है।

# जस्टिस वर्मा के खिलाफ महाभियोग नहीं रुकेगाः SC

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने कथित नकदी बरामदगी के आरोपों से घिरे न्यायमूर्ति यशवंत वर्मा की रिट याचिका गुरुवार को खारिज कर दी।

न्यायमूर्ति दीपांकर दत्ता और न्यायमूर्ति एजी मसीह की पीठ ने यह फैसला सुनाया। पीठ ने फैसला सुनाते हुए कहा कि घटना की जांच के लिए आंतरिक जांच समिति का गठन और उसके द्वारा अपनाई गई प्रक्रिया गैरकानूनी नहीं थी। पीठ ने कहा कि हमने माना है कि मुख्य न्यायाधीश और आंतरिक समिति ने तस्वीरें और वीडियो अपलोड (शीर्ष अदालत की वेबसाइट पर) करने के अलावा पूरी प्रक्रिया का पूरी ईमानदारी से पालन किया था। अदालत ने आगे कहा कि मुख्य न्यायाधीश द्वारा प्रधानमंत्री और राष्ट्रपति को पत्र भेजना (पद से हटाने के बारे में) असंवैधानिक नहीं था। पीठ ने यह भी कहा कि भविष्य में ज़रूरत पड़ने पर आपके (न्यायमूर्ति वर्मा) लिए कार्यवाही शुरू करने का विकल्प खुला है। पीठ ने कहा कि आंतरिक प्रक्रिया को कानूनी मान्यता प्राप्त है। यह कोई समानांतर या संविधानेतर व्यवस्था नहीं है। उन्होंने कहा कि कार्यवाही के दौरान न्यायमूर्ति वर्मा का आचरण विश्वास पैदा नहीं करता, क्योंकि उन्होंने आंतरिक जांच कार्यवाही में भाग लिया था।

**जस्टिस वर्मा की याचिका खारिज की, कैश कांड में कार्रवाई को चुनौती दी थी**



# सच्चाई छिपाने की चेष्टा करने वालों को ऐसा सबक देंगे पीढ़ियां रखेंगी यादः योगी

शाह टाइम्स ब्यूरो

**सम्भल।** जनपद के भ्रमण पर पहुंचे सीएम योगी आदित्यनाथ ने सम्भल में 559 करोड़ रुपये की 222 विकास परियोजनाओं का लोकार्पण एवं शिलान्यास किया। जबकि जिला मुख्यालय के लिए भूमि पूजन और शिलान्यास किया। साथ ही जनसभा में सम्भल के तीर्थ और धार्मिक विरासत के संरक्षण, ऐतिहासिक अन्यायों और राजनीतिक विरोधियों पर तीखे वार किए।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने जिले को कई विकास परियोजनाओं की सौगात दी। कल्कि नगरी को नमन कर अपने सम्बोधन की शुरुआत करते हुए रक्षाबंधन, जन्माष्टमी और श्रावण मास में परियोजनाओं के लिए जनपद वासियों को बधाई दी। उन्होंने मंच से ही परियोजनाओं का लोकार्पण किया। जनसभा में मुख्यमंत्री ने सपा, कांग्रेस का नाम लिए बगैर स्थानीय नेताओं पर जमकर तीखे प्रहार किए। उन्होंने कहा कि पिछली सरकार एक जिले में एक गुंडा और एक माफिया पालती थी। हम एक जिले में एक मेडिकल कॉलेज दे रहे हैं। युवाओं के लिए पिछले 8 साल में साढ़े 8 लाख नौकरी दी। कभी चेहरा नहीं देखा गया, जाति नहीं देखी गई। पिछली सरकारों में दंगे होते थे। शोषण होता था। न बेटी, न ही व्यापारी सुरक्षित थे। आज सब सुरक्षित हैं। अलबत्ता केवल दंगाई सुरक्षित नहीं हैं। उन्होंने कहा कि अयोध्या, काशी में जो हो सकता है वह सम्भल में क्यों नहीं हो सकता। सम्भल जैसी सच्चाई को जिन्होंने छिपाने की चेष्टा की, उनको ऐसा सबक सिखाएंगे कि पीढ़ियां याद करेंगी।

- **मुख्यमंत्री ने 559 करोड़ की 222 परियोजनाओं का किया लोकार्पण**

# चार लाख का इनामी आशीष मुठभेड़ में मारा गया

**प्रयागराज।** शंकरगढ़ थाना क्षेत्र में यूपी पुलिस की एसटीएफ ने झारखंड के धनबाद निवासी शातिर अपराधी आशीष रंजन उर्फ छोटू को एक सशस्त्र मुठभेड़ में मार गिराया।

मारे गए बदमाश की गिरफ्तारी पर झारखंड सरकार ने चार लाख रुपये का इनाम घोषित कर रखा था। आशीष रंजन मुठभेड़ में ढेर हो गया। उसके पास से एके-47 के साथ-साथ भारी मात्रा में 9 एमएम की कारतूस और नौ एमएम की पिस्टल भी बरामद हुई है। करीब आधे घंटे तक हुई मुठभेड़ में आशीष रंजन को तीन गोलियां लगी, जिससे कि वह वहीं ढेर हो गया।

- **बदमाश के पास से एके 47 सहित भारी मात्रा में हथियार बरामद**

# पत्रकार के हत्यारे दो इनामी बदमाश ढेर

**सीतापुर।** उप्र में सीतापुर जिले के पिसावा क्षेत्र में पुलिस की एसटीएफ ने एक सशस्त्र मुठभेड़ में दो शातिर बदमाशों को मार गिराया।

पुलिस ने बताया कि चर्चित राघवेंद्र बाजपेई पत्रकार हत्याकांड के एक-एक लाख रुपये के इनामी बदमाशों को गुरुवार को पिसावां पुलिस और एसटीएफ ने मुठभेड़ में घायल कर दिया। घायल बदमाशों को पिसावा अस्पताल उपचार के लिए भेजा गया, जहां से गंभीर अवस्था को देखते हुए उन्हें जिला चिकित्सालय लाया गया। जिला चिकित्सालय में दोनों को मृत घोषित कर दिया गया। इनके पास से मुंगेर में निर्मित पिस्टल एवं कार्बाइन, बाइक के साथ बरामद हुई है। पुलिस अधीक्षक अंकुर अग्रवाल ने बताया कि गुरुवार भोर में मुखबिर से सूचना मिली कि राघवेंद्र बाजपेई पत्रकार की हत्या के आरोपी हरदोई सीतापुर के मूवमेंट में है। सूचना मिलने पर पुलिस ने पांच टीमों का गठन करके इन्हें घेर लिया, लेकिन दोनों ने पुलिस पर फायरिंग करते हुए भागने का प्रयास किया। जवाबी कार्रवाई में दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए। इनकी पहचान संजय उर्फ अकील खान ,राजू उर्फ रिजवान खान, निवासी अटवा थाना मिश्रिख के रूप में हुई।

- **उप्र के सीतापुर का चर्चित राघवेंद्र हत्याकांड**

# ईडी बदमाशों की तरह काम नहीं कर सकताः सुप्रीम कोर्ट

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने गुरुवार को सख्त लहजे में कहा कि प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) बदमाशों की तरह काम नहीं कर सकता और उसे कानून के दायरे में ही रहना होगा। टिप्पणी केंद्रीय एजेंसी की ओर से जांचे गए मामलों में दोषसिद्धि की कम दरों पर चिंता जताते हुए की गई।

जस्टिस सूर्यकांत, न्यायमूर्ति उज्ज्वल भुयान और न्यायमूर्ति एन. कोटिश्वर सिंह की पीठ ने कहा कि हम प्रवर्तन निदेशालय की छवि को लेकर भी चिंतित हैं। शीर्ष अदालत 2022 के उस फैसले की समीक्षा की मांग वाली याचिकाओं पर सुनवाई कर रही है, जिसमें धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) के तहत प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की गिरफ्तारी की शक्तियों को बरकरार रखा गया था। केंद्र और ईडी की ओर से पेश हुए अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल एसवी राजू ने समीक्षा याचिकाओं पर सवाल उठाया। उन्होंने कम दोषसिद्धि दर के लिए प्रभावशाली आरोपियों की टालमटोल की रणनीति को जिम्मेदार ठहराया। राजू ने कहा कि प्रभावशाली बदमाशों के पास बहुत साधन होते हैं। वे कार्यवाही को लंबा खींचने के लिए अलग-अलग चरणों में आवेदन दायर करने के लिए वकीलों की फौज रखते हैं। मामले का जांच अधिकारी जांच में समय लगाने के बजाय किसी न किसी आवेदन के लिए अदालत के चक्कर लगाता रहता है। न्यायमूर्ति भुयान ने अपने एक फैसले का हवाला देते हुए कहा कि पिछले पांच वर्षों में प्रवर्तन निदेशालय की ओर से दर्ज किए गए 5,000 मामलों में से 10 प्रतिशत से भी कम मामलों में दोषसिद्धि हुई है। न्यायमूर्ति भुयान ने कहा कि आप बदमाश की तरह काम नहीं कर सकते, आपको कानून के दायरे में रहकर काम करना होगा।



- **सख्त लहजे में कहाः कानून के दायरे में रहना होगा, मामलों में दोषसिद्धि की कम दरों पर चिंता जताई**

# गुलदार ने महिला को मौत के घाट उतारा

## क्षेत्र में गुलदार के आतंक के बावजूद वन अधिकारी लापरवाह





**शाह टाइम्स संवाददाता**

**अफजलगढ़।** धान की नलाई करने गई महिला को गुलदार ने हमला कर मौत के घाट उतार दिया। जिससे क्षेत्र में हड़कंप मच गया है। भारतीय किसान यूनियन ने मुआवजे की मांग उठाई है। क्षेत्र में गुलदार के आतंक के बावजूद वन अधिकारी लापरवाह बने हुए है।

प्राप्त समाचार के अनुसार कालागढ़ (उत्तराखंड) की सीमा से सटे ग्राम पुराना कालागढ़ (हेडी बस्ती) निवासी पूनम देवी पत्नी कमल सिंह ने जसवंत सिंह रावत पुत्र ध्यान सिंह निवासी भिक्का वाला का खेत बटाई पर लिया था। वह अपने पुत्र संदीप (13 वर्ष) के साथ धान के खेत में घास की नलाई करने गई थी। संदीप पशुओं को लिए चारा लेकर घर आ गया था तथा उसकी मां पूनम देवी काफी समय तक घर वापस नहीं आई, तो संदीप को चिंता हुई। वह अपनी मां को खेत में तलाश करने के लिए गया, तो पूनम देवी का शव क्षत-विक्षत हालत में पड़ा मिला। महिला की गुलदार के हमले से हुई मौत की सूचना जंगल में आग की तरह फैल गई। भारी संख्या में लोग घटनास्थल की ओर दौड़ पड़े।

सूचना मिलते ही पुलिस क्षेत्राधिकारी राजेश कुमार सोलंकी, थाना अध्यक्ष सुमित कुमार राठी, थाना अध्यक्ष रेहड़ विकास कुमार, भारी पुलिस बल के साथ घटनास्थल पर पहुंच गए। वन क्षेत्राधिकारी नगीना रेंज प्रदीप कुमार शर्मा, वन दरोगा सुनील कुमार राजौरा, नायब तहसीलदार कपिल कुमार आजाद, ग्राम प्रधान जितेंद्र कुमार, ग्राम विकास अधिकारी इरफान अहमद मंसूरी, भारतीय किसान यूनियन नेता मदन सिंह राणा, युवा नेता पंडित अतुल कुमार शर्मा आदि घटनास्थल पर पहुंच गए। ग्रामीणों ने अपनी मांगे पूरी होने तक शव नहीं उठने दिया। वन क्षेत्राधिकारी प्रदीप कुमार शर्मा ने वरिष्ठ अधिकारियों से संपर्क कर ग्रामीणों की मांगें मानते हुए बताया कि मृतक के आश्रितों को सहायता के रूप में चार लाख राजस्व विभाग तथा एक लाख रुपए वन विभाग से दिलवाए जाएंगे। गुलदार को पकड़ने के लिए पिंजरा लगाया जाएगा। क्षेत्र में पेट्रोलिंग करते हुए अस्थाई कैंप बनाया जाएगा। जिस पर अस्थाई चौकीदार दैनिक वेतन श्रमिक के रूप में कार्य करेगा। अस्थाई कैंप के साथ-साथ स्थाई चौकी के निर्माण हेतु उच्च अधिकारियों से वार्ता कर निर्माण कराया जाएगा। उक्त क्षेत्र को अभिलेखों में अमानगढ़ रेंज में मिलाया जाएगा।

दूसरी तरफ भाकियू (टिकैत) के नेता मदन सिंह राणा ने मुख्यमंत्री को पत्र लिखकर कहा कि ब्लॉक क्षेत्र में गुलदार के हमलों के कारण किसान खौफजदा है। खेतों पर कृषि कार्य करने के लिए किसान व मजदूर नहीं जा पा रहे हैं। भाकियू ने गुलदार के हमले में घायलों को 30 लाख तथा मृतक के आश्रितों को 50 लाख रुपए आर्थिक सहायता के रूप में मुआवजा देने, मृतकों के परिजनों को सरकारी नौकरी देने एवं नगीना रेंज और अमानगढ़ रेंज के गुलदार प्रभावित क्षेत्रों में वन चौकी बनाने की मांग की।

# किसानों से अधिक से अधिक ट्रैक्टरों को लेकर ट्रैक्टर मार्च में पहुंचने की अपील



## 13 अगस्त को बिजनौर में भाकियू का ट्रैक्टर मार्च

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नांगल सोती।** 13 अगस्त को संयुक्त किसान मोर्चे के आह्वान पर बिजनौर में निकलने वाले ट्रैक्टर मार्च को सफल बनाने के लिए भाकियू ने पूरी ताकत झोक दी हैं।

इसी क्रम में ग्राम लालपुरमान में भाकियू वरिष्ठ नेता अमरीश कुमार के निवास स्थान पर आयोजित क्षेत्रीय किसानों की पंचायत को संबोधित करते हुए प्रदेश उपाध्यक्ष बाबूराम तोमर ने कहा कि इस बार 13 अगस्त का ट्रैक्टर मार्च पहले से भी तगड़ा ट्रैक्टर मार्च साबित होगा।

जिला अध्यक्ष सुनील प्रधान ने किसानों की समस्याओं के समाधान के लिए अधिक से अधिक ट्रैक्टरों की संख्या में बिजनौर पहुंचने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि अगर किसानों की समस्याओं पर प्रशासन ध्यान नहीं देता तो इस बार किसान ही कलेक्ट्रेट में 15 अगस्त का झंडा फहराएंगे।

युवा जिला अध्यक्ष सरदार मनप्रीत सिंह संधू ने युवाओं से संगठन के प्लेट फार्म से जुड़कर अपनी समस्याओं के समाधान कराने की अपील की। पंचायत का संचालन संजीव कुमार ने किया।

पंचायत में प्रदेश महासचिव ठाकुर रामावतार सिंह, कुलदीप सिंह, दिनेश कुमार, अजय बालियान, सरदार वरिंदर सिंह बाठ, आदिल जैदी, देवदत्त शर्मा, ब्लॉक अध्यक्ष अवनीश कुमार, ऋषिपाल सिंह, विजय पहलवान, मुकेश कुमार, वीरेश राणा, ठाकुर हषर्बधन सिंह, नरदेव सिंह, अंकित चौधरी, अभिषेक चांगियांन, नीरज सिंह, सुनील कुमार, बबलू प्रधान, सत्यम तोमर, रजनीश अहलावत, मोहित देशवाल, सौरभ काकरान, आदि उपस्थित रहें।

# स्वच्छता अभियान के योद्धाओं को रक्षाबंधन पर मिला सामाजिक अपनत्व

## राखी के माध्यम से सफाई मित्रों का सम्मान



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धामपुर।** रक्षाबंधन के पावन पर्व पर नगर पालिका की ओर से स्वच्छ भारत मिशन के अंतर्गत चल रहे बंधन स्वच्छता कार्यक्रम के तहत गुरुवार को एक भावुक कर देने वाला आयोजन हुआ, जिसमें नगर की सफाई व्यवस्था संभाल रहे सफाई मित्रों को राखी बांधकर सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम में नगर की युवतियों व महिला कर्मचारियों ने सफाई मित्रों की कलाई पर राखी बांधी और उन्हें समाज के प्रति उनके योगदान के लिए धन्यवाद दिया। बदले में सफाई मित्रों ने बहनों को स्वस्थ और समृद्ध जीवन का आशीर्वाद देते हुए आपसी भाईचारे का भाव प्रकट किया।

इस अवसर पर उपस्थित अधिशासी अधिकारी रविशंकर शुक्ला ने कहा कि सफाई कर्मी नगर की स्वच्छता की रीढ़ हैं। रक्षाबंधन पर उन्हें सम्मानित करना सिर्फ एक परंपरा नहीं, बल्कि उनके परिश्रम के प्रति हमारी संवेदना और कृतज्ञता की अभिव्यक्ति है। उन्होंने यह भी कहा कि इस तरह के आयोजनों से समाज के हर वर्ग के बीच सामाजिक समरसता और सम्मान का भाव बढ़ता है।

कार्यक्रम में सफाई एवं खाद्य निरीक्षक विकास कुमार लोहरा, हेमेंद्र सिंह, लिपिक विकास गुप्ता, नितिन अग्रवाल, कुमारी विशाखा, किरण चौधरी सहित नगर पालिका का समस्त स्टाफ मौजूद रहा। समापन पर सभी सफाई मित्रों और कर्मचारियों को मिठाइयां वितरित की गईं और सभी ने मिलकर स्वच्छता को जन आंदोलन बनाने का संकल्प लिया।

# अखिलेश यादव बनेंगे सीएम : शेख जाकिर

## पीडीए की लड़ाई को मजबूती के साथ लड़ रही सपा



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** सपा जिला अध्यक्ष शेख जाकिर हुसैन ने कहा कि आगामी विधानसभा चुनाव के बाद प्रदेश में राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के नेतृत्व में सपा की सरकार बनेगी।

प्राप्त समाचार के अनुसार पार्टी कार्यालय में आयोजित मासिक समीक्षा बैठक में बड़ी संख्या में पदाधिकारी व कार्यकर्ता मौजूद रहे। जिला अध्यक्ष शेख जाकिर हुसैन ने कार्यकर्ताओं को 2027 में प्रदेश में सपा की सरकार और अखिलेश यादव को मुख्यमंत्री बनाने का संकल्प दिलाया। उन्होंने कहा कि सपा ने 2024 के लोकसभा चुनाव में पीडीए फॉर्मूले के दम पर इतिहास रचा है। अब 2027 में प्रदेश की सत्ता हासिल करने का लक्ष्य है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से अपने-अपने समुदायों में जाकर लोगों को पार्टी से जोड़ने और सपा की नीतियों को घर-घर पहुंचाने की अपील की, ताकि जनपद की सभी आठों विधानसभा सीटों पर सपा का परचम लहराया जा सके। नगीना विधायक मनोज पारस ने कहा कि पीडीए तभी मजबूत होगा, जब कार्यकर्ता हर घर तक पहुंच कर लोगों को जोड़ेंगे। उन्होंने अखिलेश यादव को पिछड़ों, दलितों और अल्पसंख्यकों का सच्चा हितैषी बताते हुए कहा कि उनकी अगुवाई में सपा 2027 में भाजपा को सत्ता से हटाएगी। नूरपुर विधायक राम अवतार सैनी ने पीडीए फॉर्मूले को अधिक मजबूत करने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि सभी पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं को आम जनता के बीच जाना होगा। जनता भाजपा सरकार की नीतियों से परेशान है। इस अवसर पर डॉ. रमेश तोमर, पूर्व जिला अध्यक्ष राशिद हुसैन, जमील अंसारी, डॉ. रहमान, पूर्व चेयरमैन शमशाद अंसारी, सतपाल सिंह, साहनपुर के पूर्व चेयरमैन मैराज अहमद, किरतपुर के वरिष्ठ नेता साइम राजा, सतवीर यादव, चौधरी दारा सिंह, राधा सैनी, शहजाद अंसारी, मदन सैनी, हाजी जावेद राईन, अफजल उल हक, कुंतेश सैनी, कमलेश भूईयार, दिनेश चौधरी, सुखवीर ठेकेदार, ओम प्रकाश सिंह, नबील अहमद, फुरकान एड., शाहनवाज मंसूरी, कैसर अली, तौफीक मलिक, कय्यूम खां, सिकंदर कस्सार, शेख जाहिद, नसीम अहमद, मनोज राजपूत, मौहम्मद आबिद, शेख इरशाद, नईम मकरानी, हनी फैसल, प्रभा चौधरी, राजेश गोयल, मास्टर लईक अहमद, पंकज विश्नोई, डॉ. नितिन यादव, महमूद कस्सार, नमन प्रधान, दुष्यंत यादव, शहजाद हुसैन, भूर सिंह प्रधान, जयप्रकाश चंदेल, काशिफ खान, नजीबाबाद के नगर अध्यक्ष फरहान खान, शाहनवाज खान, नाजिम खान, जुल्फिकार कुरैशी, अमरीक सिंह, सुहैल बाकर, हितेश यादव, संजय पाल, अब्दुल वहाब, आकिब राणा, तरुण लाम्बा, मुस्तकीम अहमद, कासिम कुरैशी, मौहम्मद फरमान, मौहम्मद आरिफ, वसीक अहमद, रजी अहमद, जगविंदर चौधरी, सुभाष विश्वकर्मा, सलीम सलमानी, मौहम्मद सलमान, मंसूब खान, काजी शहजाद, लोकेंद्र चौधरी, अखलाक पप्पू, शाहिद हुसैन, मुदित त्यागी, जगदीश चौधरी, हिलाल बेग, अहमद खिजर खान आदि उपस्थिति थे। संचालन महासचिव धनंजय यादव ने किया।

# सिंचाई मंत्री से मिले कपिल



**बिजनौर।** आज लखनऊ में सिंचाई मंत्री स्वतंत्र सिंह से जनपद के प्रभारी मंत्री कपिल देव अग्रवाल ने मुलाकात की। उन्हें जनपद के बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों की स्थिति से अवगत कराया। मंत्री कपिल देव अग्रवाल ने बताया कि वर्तमान में जनपद के कई क्षेत्रों में गंगा नदी के जलस्तर में वृद्धि के कारण बाढ़ जैसे हालात उत्पन्न हो गए हैं। जिससे स्थानीय जनता को कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने बाढ़ नियंत्रण, तटबंधों की सुदृढ़ता और प्रभावित क्षेत्रों में त्वरित राहत एवं बचाव कार्यों के संचालन हेतु आवश्यक संसाधनों एवं तकनीकी सहायता और अधिक सक्रिय कराए जाने का आग्रह किया। सिंचाई मंत्री स्वतंत्र देव ने मामले को गंभीरता से लेते हुए विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया कि जनपद के बाढ़ग्रस्त क्षेत्रों में तत्काल प्रभाव से समुचित कार्यवाही सुनिश्चित की जाए।

# 13 सितम्बर को लोक अदालत

**बिजनौर।** अपर जनपद न्यायाधीश व सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण श्रेय शुक्ला ने बताया कि राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण एवं उप्र राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देशानुसार 13 सितंबर को प्रातः दस बजे से जनपद न्यायालय में राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें प्री-लिटिगेशन स्तर के दीवानी वाद, शमनीय आपराधिक वाद, वैवाहिक वाद तथा न्यायालय में लम्बित आपराधिक शमनीय वाद, धारा-138 एनआई एक्ट के वाद, धन वसूली वाद, मोटर दुर्घटना क्लेम वाद, लेबर वाद, बिजली-पानी बिल वाद, मैट्रीमोनियल वाद (तलाक वादो के अतिरिक्त), भूमि अधिग्रहण वाद, सेवा सम्बन्धी वादों (जिसमें पेंशन वाद भी सम्मलित है), उच्च न्यायालय, जिला न्यायालय के लम्बित राजस्व वाद, व अन्य दीवानी वादों का निस्तारण किया जाएगा।

# जलस्तर घटने पर मिली राहत



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शेरकोट।** हरेवली की पोषक नहर की पालट अचानक टूट गई। पानी ने गांव की ओर रुख कर लिया, जिससे ग्रामीणों में अफरा-तफरी मच गई। निचले इलाकों में रहने वाले ग्रामीण अपने सामान और पशुओं के साथ सुरक्षित जगहों पर चले गए। सूचना मिलते ही थानाध्यक्ष पुष्पेंद्र कुमार पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे।

प्राप्त जानकारी के अनुसार गनीमत रही कि सुबह तक जलस्तर घटने से पानी का बहाव कम हो गया, जिससे ग्रामीणों ने राहत की सांस ली। गुरुवार को सिंचाई विभाग के अधिकारी मौके पर पहुंचे और बचाव एवं सुरक्षा के लिए काम शुरू कराया। टूटी जगह पर रेत के कट्टे लगाए जाने का काम शुरू किया गया। पहाड़ो पर लगातार हो रही बारिश ने चारों तरफ तबाही मचा रखी है। नहरों के आस-पास बसे ग्रामों मे रहने वाले लोगों का जीना दुश्वार हो गया है।

# वीकेआईटी में बीएड का परीक्षाफल घोषित, सानिया व शिल्पी रही प्रथम



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** एमजेपी रूहेलखण्ड विश्वविद्यालय बरेली द्वारा बीएड के घोषित परीक्षा परिणाम में वीर कुंवर डिग्री कॉलेज, बिजनौर का परीक्षा परिणाम शत प्रतिशत रहा।

बीएड द्वितीय वर्ष की छात्रा सानिया वर्मा ने 75.64 प्रतिशत अंक पाकर प्रथम व प्रिया शर्मा 75 प्रतिशत अंक पाकर द्वितीय स्थान प्राप्त किया तथा बीएड प्रथम वर्ष की छात्र शिल्पी बारूई ने 75.43 प्रतिशत अंक पाकर प्रथम व नबा शब्बीर ने 74.29 प्रतिशत अंक पाकर द्वितीय स्थान प्राप्त किया। कॉलेज के प्रबन्ध निद. ेशक अभिषेक सिंह, प्राचार्य एवं विभाग के समस्त शिक्षकों ने छात्र-छात्राओं को बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।

## प्रथम पृष्ठ के शेष...

**टैरिफ वॉर...**

है। भारत से अमेरिका भेजे जाने वाले सामानों पर 7 अगस्त से 25 फीसदी टैरिफ लगेगा। वहीं 25 फीसदी एक्स्ट्रा टैरिफ 27 अगस्त से लागू होगा। इससे भारतीय सामान अमेरिकी बाजार में महंगे हो जाएंगे। उनकी मांग कम हो सकती है। वहां के इंपोर्टर्स अन्य देशों से सामान मंगा सकते हैं।

अमेरिका चाहता है कि उसके डेयरी प्रोडक्ट्स (जैसे दूध, पनीर, घी आदि) को भारत में आयात की अनुमति मिले। अमेरिकी कंपनियां दावा करती हैं कि उनका दूध स्वच्छ और गुणवत्ता वाला है और भारतीय बाजार में सस्ता भी पड़ सकता है। भारत दुनिया का सबसे बड़ा दूध उत्पादक देश है और इस सेक्टर में करोड़ों छोटे किसान लगे हुए हैं। भारत सरकार को डर है कि अगर अमेरिकी डेयरी उत्पाद भारत में आएंगे, तो वे स्थानीय किसानों को भारी नुकसान पहुंचा सकते हैं। भारत में ज्यादातर लोग शुद्ध शाकाहारी दूध उत्पाद चाहते हैं, जबकि अमेरिका में कुछ डेयरी उत्पादों में जानवरों की हड्डियों से बने एंजाइम (जैसे रैनेट) का इस्तेमाल होता है। भारत की शर्त है कि ये शाकाहारी हो। इसके साथ ही अमेरिका चाहता है कि गेहूं, चावल, सोयाबीन, मक्का और फलों जैसे सेब, अंगूर आदि को भारत के बाजार में कम टैक्स पर बेचा जा सके। वह चाहता है कि भारत अपनी इम्पोर्ट ड्यूटी को कम करे। इसके अलावा, अमेरिका जैव-प्रौद्योगिकी (जीएमओ) फसलों को भी भारत में बेचने की कोशिश करता रहा है, लेकिन भारत की सरकार और किसान संगठन इसका कड़ा विरोध करते हैं। मोदी ने कहा कि स्वामीनाथन ने देश की खाद्य सुरक्षा को जीवन का ध्येय बनाया। कुछ व्यक्तित्व ऐसे होते हैं, जिनका योगदान किसी एक युग या किसी एक क्षेत्र तक सीमित नहीं होता। प्रो. एमएस स्वामीनाथन ऐसे ही एक महान वैज्ञानिक थे। उन्होंने विज्ञान को जनसेवा का माध्यम बनाया। स्वामीनाथन ने देश की खाद्य सुरक्षा को अपने जीवन का ध्येय बनाया। उन्होंने एक ऐसी चेतना जागृत की जो आने वाली अनेक शताब्दियों तक भारत की नीतियों और प्राथमिकताओं का मार्गदर्शन करती रहेगी। स्वामीनाथन के साथ मेरा जुड़ाव कई सालों पुराना है। बहुत से लोग गुजरात की पुरानी परिस्थितियों से परिचित हैं। पहले सूखे और चक्रवातों के कारण कृषि को काफी संकट का सामना करना पड़ता था और कच्छ में रेगिस्तान का विस्तार हो रहा था। जब मैं गुजरात का मुख्यमंत्री था, तब हमने मृदा स्वास्थ्य कार्ड पर काम शुरू किया था। प्रो. स्वामीनाथन ने इसमें काफी रुचि दिखाई, उन्होंने खुलकर हमें सुझाव दिए और हमारा मार्गदर्शन किया। उनके योगदान के कारण इस पहल को जबरदस्त सफलता मिली। पीएम किसान सम्मान निधि से मिलने वाली सीधी सहायता ने छोटे किसानों को आत्मबल दिया है। पीएम फसल बीमा योजना ने किसानों को जोखिम से सुरक्षा दी है। सिंचाई से जुड़ी समस्याओं को पीएम कृषि सिंचाई योजना के माध्यम से दूर किया गया है। 10 हजार एफपीओएस निर्माण ने छोटे किसानों की संगठित शक्ति बढ़ाई है। ई-एनएएम की वजह से किसानों को अपनी उपज बेचने में आसानी हुई है।

**राहुल का....**

6,26,208 वोट मिले। भाजपा को 6,58,915 वोट मिले। दोनों पार्टियों को मिले वोटों का अंतर सिर्फ 32,707 था। वहीं जब महादेवपुरा असेंबली सीट पर वोटिंग हुई तो दोनों पार्टियों के बीच वोट का अंतर 1,14,046 का रहा। राहुल गांधी ने कहा कि इस हिसाब से देखें, तो एक लाख से ज्यादा वोटों की चोरी हुई। ये वोट चोरी पांच प्रकार से की गई थी। महाराष्ट्र में चंद महीने में लाखों मतदाताओं के नाम सूची में जोड़े गए, जो काफी चिंताजनक है। 40 लाख वोटर रहस्यमयी हैं। यहां पांच महीने में कई वोटर जोड़े गए। वोटर लिस्ट को लेकर चुनाव आयोग को जवाब देना चाहिए। उन्हें बताना चाहिए कि क्या वोटर लिस्ट सही है या गलत।

शाम पांच बजे के बाद वोटर टर्नआउट का बढ़ना भी हैरान करने वाला है। शाम पांच बजे के बाद वोटिंग क्यों बढ़ी? चुनाव आयोग इसका जवाब दे। कांग्रेस पार्टी ने वोटों की धांधली के मामले में चुनाव आयोग से सवाल पूछे हैं, लेकिन आयोग ने एक भी जवाब नहीं दिया। हमें वोटों की चोरी पकड़ने में छह महीने का वक्त लगा है। ये गड़बड़ियां इसलिए हैं, क्योंकि चुनाव आयोग वोटर्स का डेटा उपलब्ध नहीं कराता। उन्होंने आरोप लगाया कि इस वजह से वोटों की चोरी हो रही है। हरियाणा में कांग्रेस की हार के लिए उन्होंने इन गड़बड़ियों को ही जिम्मेदार बताया। राहुल गांधी ने बताया कि लाखों पेपर्स की मैनुअली चेकिंग के बाद हमने ये सबूत जुटाए हैं। अगर इन पेपर्स को एक गड्डी बनाकर रख दिया जाए ,तो यह 7 फीट ऊंचा हो जाएगा। सबूतों को जुटाने में करीब 6 महीने का वक्त लगा। ऐसा इसलिए हुआ क्योंकि चुनाव आयोग ने जानबूझकर हमें नॉन मशीन रीडेबल पेपर्स मुहैया कराए, ताकि इन्हें मशीन से स्कैन न किया जा सके। कर्नाटक के मुख्य चुनाव अधिकारी ने राहुल गांधी को पत्र लिखा है। कहा कि निर्वाचन नियमों के तहत, अगर कोई व्यक्ति मतदाता सूची की वैधता पर सवाल उठाता है, तो उसे लिखित में विवरण देना होता है। वे नियम 20(3)(बी) के तहत शपथपत्र पर हस्ताक्षर कर ऐसे मतदाताओं के नाम उपलब्ध कराएं, ताकि उनके दावों की जांच की जा सके।

# नवाचार-आधारित शोध को मिले प्राथमिकता: आनंदीबेन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**



**लखनऊ।** नवाचार आधारित शोध को प्राथमिकता दिए जाने की वकालत करते हुए उत्तर प्रदेश की राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने कहा कि उत्कृष्ट शोध कार्यों को प्रोत्साहन देना आवश्यक है, क्योंकि ऐसे शोध कार्यों का लाभ देश को मिलता है। पटेल ने यहां विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद, विश्वविद्यालयों में शोध गति. विधियों को बढ़ावा देने तथा अनुसंधान की गुणवत्ता एवं उपयोगिता को मजबूत करने के लिए आयोजित एक बैठक में कहा कि जब कोई विश्वविद्यालय किसी शोध परियोजना का प्रस्ताव प्रस्तुत करता है, तो उसका विधिवत प्रस्तुतीकरण और स्क्रीनिंग होनी चाहिए, उस पर गंभीरतापूर्वक विचार किया जाना चाहिए, जिससे उसकी गुणवत्ता और उपयोगिता का आकलन किया जा सके। जो भी फंड विश्वविद्यालयों को प्रदान किया जाता है, उसकी प्रगति की समय-समय पर समीक्षा होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि उत्कृष्ट शोध कार्यों को आगे बढ़ाना और उन्हें प्रोत्साहन देना आवश्यक है, क्योंकि ऐसे शोध कार्यों का लाभ देश को मिलता है। यदि कोई परियोजना अस्वीकृत की जाती है, तो विश्वविद्यालय को अस्वीकृति का कारण अवश्य बताया जाना चाहिए, ताकि वे आवश्यक सुधार कर परियोजना को पुनः प्रस्तुत कर सकें। परियोजना की संकल्पना से लेकर उसकी स्वीकृति और पूर्णता तक निरंतर संवाद और समीक्षा की प्रक्रिया बनी रहनी चाहिए। राज्यपाल ने इस पूरी प्रक्रिया को गंभीरता से संचालित करने पर बल दिया। परिषद और विश्वविद्यालयों के बीच बेहतर संवाद और सहयोग होना चाहिए।

**शाह टाइम्स**

स्वामी शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. सुजडू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं दीपक काम्पलैक्स, पारकर कॉलेज रोड, मुरादाबाद से प्रकाशित।

**सम्पादक**
**एस.एन. राना**

*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**
☎ 0591-2313314

मुख्यालयः
मोबाइल-9720007290

R.N.I. No. UPHIN/2003/10263
**www.shahtimesnews.com**
email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

# हादसे में दो युवकों की मौत

## एक अन्य घायल की हालत नाजुक

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नजीबाबाद।** हादसे में दो युवकों की दर्दनाक मौत हो गई। जबकि एक अन्य घायल हो गया, उसकी हालत भी नाजुक बनी हुई है।





प्राप्त समाचार के अनुसार मंडावली थाना अंतर्गत ग्राम मुस्सेपुर निवासी सहदेव सिंह गुर्जर पुत्र चन्द्रपाल सिंह एवं वीर सिंह प्रजापति पुत्र हुकम सिंह प्रजापति बहुत ही होनहार युवक थे। वह अपने एक अन्य साथी ग्राम इस्सेपुर निवासी ब्रजपाल सिंह के साथ कार से मुरादाबाद जा रहे थे। कार को सहदेव सिंह गुर्जर चला रहे थे। नेशनल हाईवे से जैसे ही कार कोतवाली की तरफ मुड़ी, तो नगीना की तरफ से अचानक आई तेज रफ्तार कार ने इनकी कार को टक्कर मार दी। जिससे वीर सिंह प्रजापति की घटना स्थल पर ही मृत्यु हो गई। मेरठ में उपचार के दौरान सहदेव सिंह की भी मृत्यु हो गई। कार में सवार ब्रजपाल सिंह की हालत भी गंभीर बनी हुई है। दोनों होनहार युवाओं की दुखद मृत्यु से पूरे ग्राम व क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई है। पूर्व एमएलसी सुबोध पाराशर, सुमित गुर्जर, चौधरी ईशम सिंह, दुष्यन्त सिंह, ग्राम प्रधान दलीप कुमार, अर्जुन सिंह, सोनू प्रजापति, संजू प्रजापति, पं. धर्मेन्द्र शर्मा आदि सहित बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिकों ने दोनों के घर जाकर अपनी शोक संवेदनाएं व्यक्त की।

## नाबालिग की इज्जत पर हमला

**राजा का ताजपुर।** स्योहारा थाना क्षेत्र के ग्राम रवाना निवासी महिला ने पड़ोस में रहने वाला इमरान पुत्र मौहम्मद हारून पर जबरन घर में जबरन घुस कर उसकी नाबालिग बेटी की इज्जत लूटने का प्रयास करने का आरोप लगाया है। पुलिस को दिए प्रार्थन पत्र में उसने कहा कि जब उनकी नाबालिक पुत्री ने शोर मचाया, तो आरोपी इमरान धमकी देता हुआ फरार हो गया। पड़ोसियों ने उसको पकड़ना चाहा, तो फरार हो गया। पीड़िता ने बताया कि आरोपी बदमाश किस्म का व्यक्ति है। उसके विरूद्ध पूर्व में भी स्योहारा थाने में मुकदमा दर्ज है। पीड़िता ने थाना अध्यक्ष से न्याय कि गुहार लगाई है।

# वरिष्ठ रालोद नेता मौ. जैद को मिली प्रदेश में बड़ी जिम्मेदारी

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** वरिष्ठ रालोद नेता व नहटौर नगर पालिका की चेयरपर्सन के पति मौहम्मद जैद को राष्ट्रीय अध्यक्ष व केन्द्रीय मंत्री जयंत चौधरी ने बड़ी जिम्मेदारी देते हुए उत्तर प्रदेश पंचायत चुनाव हेतु गठित कमेटी में सदस्य नियुक्त किया है।



प्राप्त समाचार के अनुसार रालोद के द्वारा उत्तर प्रदेश पंचायत चुनाव हेतु कमेटी गठित की गई है। जिसमें कुलदीप उज्जवल संयोजक बनाए गए है। जबकि रोहित प्रताप, मौहम्मद जैद, विकास कादियान, संतोष सिंह व हवलदार यादव सदस्य बनाए गए है। यह कमेटी प्रदेश में होने वाले पंचायत चुनाव की कमान संभालेगी। मौहम्मद जैद को बड़ी जिम्मेदारी मिलने से कार्यकर्ताओं व समर्थकों में खुशी की लहर दौड़ गई है। मौहम्मद जैद का कहना है कि पार्टी ने उन्हें जो जिम्मेदारी सौंपी है, उसे पूरी ईमानदारी व लगन के साथ निभाने की कोशिश करूंगा। उन्होंने राष्ट्रीय अध्यक्ष व केंद्रीय मंत्री जयंत चौधरी का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि वह आम जनता की भलाई व किसानों एवं मजदूरों के अधिकारों की रक्षा के लिए पूरा प्रयास करते हैं। उन्होंने कहा कि रालोद ने हमेशा समाज के हित में काम किए है।

## पंचायत चुनाव के लिए बनाई गई कमेटी में सदस्य नियुक्त

दूसरी तरफ मौहम्मद जैद को उत्तर प्रदेश पंचायत चुनाव के लिए गठित कमेटी में सदस्य बनाए जाने से जनपद में अच्छा संदेश गया है। युवा कार्यकर्ताओं में खुशी की लहर दौड़ गई है। युवा कार्यकर्ताओं का कहना है कि मौहम्मद जैद पार्टी के वफादार नेता है। उन्होंने हर वक्त पार्टी के लिए कार्य किया है। उन्होंने विपरित परिस्थितियों में भी पार्टी का साथ नहीं छोड़ा है। वह जमीन से जुड़े जुए नेता है। उनको सदस्य बनाए जाने से अच्छा संदेश गया है। चुनाव में इसका फायदा भी होगा।

# बान नदी में पानी आने से नगीना का बिजनौर से सम्पर्क कटा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कोतवाली देहात।** पानीपत खटीमा राजमार्ग पर बान नदी का पानी आने से नगीना का बिजनौर से संपर्क कट गया। समाचार लिखे जाने तक मार्ग सुचारू नहीं हो पाया है। पुलिस दोनों ओर खड़ी है।

बृहस्पतिवार सुबह बान नदी का पानी पानीपत खटीमा राजमार्ग पर ग्राम शादीपुर बस अड्डे के पास आ गया। इसके चलते राहगीरों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ा। धीरे-धीरे पानी बढ़ गया। पानी लगभग 5 फीट तक बढ़ गया, जिसके बाद यातायात बंद हो गया। इस दौरान कुछ ट्रैक्टर ट्राली चालकों ने बाइक सवारों को ट्रैक्टर ट्राली से पार उतारा।

मौके पर पहुंचे एसडीएम नगीना आशुतोष जायसवाल, सीओ नगीना अंजनी कुमार, थाना अध्यक्ष कोतवाली देहात प्रवेज तोमर मौके पर पहुंचे तथा ट्रैक्टर ट्रालियों द्वारा की जा रही अवैध वसूली को बंद करा दिया। इस दौरान दोनों ओर लंबी-लंबी लाइन लग गई। इसके बाद पुलिस ने नहटौर मार्ग पर तथा शादीपुर स्थित शिव दुर्गा मंदिर पर यात्रियों को रोका। इस दौरान यात्रियों को भारी समस्या का सामना करना पड़ा। नगीना जाने वाले यात्री बिजनौर से किरतपुर और नजीबाबाद होते हुए नगीना पहुंचे। समाचार लिखे जाने तक मार्ग सुचारू नहीं हो पाया था।

# चेयरपर्सन पति जैद व ईओ ने नहटौर को डूबने से बचाया

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** नहटौर के वरिष्ठ समाजसेवी हाजी यामीन फारूकी ने चेयरपर्सन पति मौहम्मद जैद व उनकी पूरी टीम सहित धामपुर एसडीएम रितू रानी की तारीफ करते हुए कहा कि उनके प्रयासों से गांगन में आई बाढ़ के बावजूद नगर डूबने से बच गया।



प्राप्त समाचार के अनुसार दो दिन तक हुई मूसलाधार बारिश एवं पहाड़ों का पानी आ जाने की वजह से नहटौर नगर के समीप बहने वाली गांगन नदी में बाढ़ आ गई है। बाढ़ की वजह से गांगन नदी का तटबंध टूट गया और बाईपास सहित आसपास के मौहल्लों में पानी भर गया। बाईपास पर कई फुट पानी खड़ा हो गया था। जैसे ही नगर पालिका प्रशासन को इस बारे में पता चला, तो इसकी सूचना चेयरपर्सन पति मौहम्मद जैद, धामपुर एसडीएम रितू रानी व पुलिस को दी गई। पुलिस ने बैरिकेटिंग लगाकर मार्ग बंद कर दिया। एसडीएम रितू रानी ने दौरा कर बचाव कार्य शुरू करने के लिए कहा। चेयरपर्सन पति मौहम्मद जैद व ईओ ओम गिरि भी जेसीबी लेकर मौके पर पहुंच गए। उन्होंने एक जगह से तटबंध की मरम्मत कराई, इस बीच दूसरी जगह से पानी बहने लगा। पालिका की टीम ने नगर में पानी घुसने से रोकने के लिए दूसरी तरफ रास्ता बनाया और सड़क के किनारे मिट्टी लगा दी। पानी की निकासी की व्यवस्था की गई। चेयरपर्सन पति व वरिष्ठ रालोद नेता मौहम्मद जैद अपनी टीम के साथ रात भर डटे रहे। उनकी पूरी नजर इस बात पर थी कि किसी भी कीमत पर पानी आबादी की तरफ न जा पाए। जिसमें सफलता भी मिली। वरिष्ठ समाजसेवी हाजी यामीन फारूकी ने एसडीएम रितू रानी, चेयरपर्सन पति मौहम्मद जैद, ईओ ओम गिरि, पालिका कर्मचारी विशेष कुमार, ठेकेदार मोबिन अहमद व मौहम्मद रफीक आदि की तारीफ करते हुए कहा कि उन्होंने सराहनीय कार्य किया है। उन्होंने पुलिस प्रशासन की भी तारीफ करते हुए कहा कि हादसों को रोकने के लिए पुलिस टीम मौके पर डटी रही। उन्होंने कहा कि नगरवासी उनकी मेहनत को नहीं भूल पाएंगे।

## पालिका की पूरी टीम लगातार करती रही काम: हाजी यामीन फारूकी

# नालों के निर्माण व सफाई में भ्रष्टाचार से जलभराव

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** नालों के निर्माण एवं सफाई के कार्य में भ्रष्टाचार की वजह से नगर क्षेत्रों में जलभराव की समस्या सामने आ रही है। साथ ही नागरिकों के द्वारा नालों एवं नालियों पर किया गया अतिक्रमण व पानी निकासी का रास्ता बंद कर देने से भी मुसीबत खड़ी हो रही है।

गौरतलब है कि नगर क्षेत्रों में जब नालों व नालियों का निर्माण कराया जाता है, तो पानी के निकास व बहाव को लेकर न तो सर्वे किया जाता है और न ही यह आंकलन किया जाता है कि पानी की निकासी के लिए नाले व नाली की चौड़ाई व गहराई कितनी रहनी चाहिए। ठेकेदारों के भरोसे काम छोड़ दिया जाता है। निर्माण कार्यों में चालीस प्रतिशत से ज्यादा कमीशन होने की वजह से ठेकेदार भी अपनी मनमर्जी चलाते है। उन्हें इसी कार्य में से कमीशन निकालना पड़ता है। घटिया निर्माण करना उनकी मजबूरी बन जाती है। अधिकारियों एवं अभियंताओं को सिर्फ अपने कमीशन से मतलब होता है। वह जानते है कि जो निर्माण हो रहा है, उससे आगे चल कर समस्या खड़ी हो जाएगी। लेकिन उन्हें यह भी पता रहता है कि जब समस्या खड़ी होगी, तो उनका तब तक ट्रांसफर हो चुका होगा।

## नागरिकों के द्वारा किया गया अतिक्रमण भी नासूर

इसी तरह नालों की हर साल बरसात के मौसम से पूर्व तलीझाड़ सफाई कराई जाती है। इस कार्य में लाखों रुपए खर्च किए जाते है। इसमें भी मोटा कमीशन खा लिया जाता है। जिसकी वजह से न तो नालों की पूरी तरह से सफाई हो पाती है और न ही यह सुनिशिचित किया जाता है कि नालों का पानी आखिरकार कहा जाएगा। जिसकी वजह से बरसात के मौसम में जलभराव की समस्या का सामना करना पड़ता है। जनपद का कोई भी ऐसा नगर व कस्बा नहीं है, जहां पर जलभराव की समस्या फिलहाल मौजूद न हो। घरों व दुकानों सहित धार्मिक स्थलों में गंदा पानी घूस रहा है। करोड़ों रुपए की सम्पत्तियों का नुकसान हो रहा है।

जलभराव की समस्या के लिए नागरिक भी कम जिम्मेदार नहीं है। नागरिकों के द्वारा नालों व नालियों पर अतिक्रमण कर जल निकासी का रास्ता बंद कर दिया जाता है। अतिक्रमण की वजह से प्रतिदिनि सफाई कार्य भी नहीं हो पाता है। कई जगह आम दिनों में भी सड़कों पर गंदा पानी खड़ा रहता है। इन अतिक्रमणों को हटाने के लिए भी अधिकारियों के द्वारा ईमानदारी के साथ अभियान नहीं चलाया जाता है। अतिक्रमण हटाने के लिए चलाए जाने वाले अभियान में सबसे ज्यादा भेदभाव किया जाता है। गरीब ठेले व खोके वालों के अतिक्रमण तो हटा दिए जाते है।

मगर पूंजीपतियों व प्रभावशाली लोगों के अतिक्रमण नहीं हटाए जाते है। जबकि इनके द्वारा किए गए अतिक्रमण से ही असली समस्या खड़ी होती है।

## एक नजर

### नहटौर ईदगाह में घुसा गंदा पानी



**नहटौर।** बारिश के दौरान ईदगाह में नालों का गंदा पानी घुस जाने पर ईदगाह कमेटी के पदाधिकारियों ने नगर पालिका ईओ ओम गिरि को ज्ञापन देकर समस्या के समाधान की मांग की है। प्रत्येक वर्ष पानी की निकासी नहीं होने के कारण बरसात के दौरान नालों का गंदा पानी ईदगाह में घुस जाता है। ईदगाह कमेटी के मुतवल्ली जावेद अहमद, मौहम्मद महफूज उर्फ गुड्डा सभासद, काजी सिराज अहमद, मनव्वर सरताज, काजी नवेद अहमद, हाफिज फहीम, शफीक अहमद, असलम सैफी, मौहम्मद सलीम, शादाब काका, फैजान अहमद आदि ने पालिका कार्यालय पहुंच कर ईओ ओम गिरि को ज्ञापन देकर ईदगाह में गंदा पानी जाने पर रोक लगाए जाने व ईदगाह की सफाई कराने की मांग की है।

### ट्रैक्टर मार्च की तैयारी जोरों पर



**बिजनौर।** जिला मुख्यालय पर 13 अगस्त को निकाले जाने वाले ट्रैक्टर मार्च व अनिश्चितकालीन धरना प्रदर्शन के लिए भारतीय किसान यूनियन टिकैत के कार्यकर्ताओं द्वारा की जा रही तैयारियां जोरों पर हैं। गांव-गांव में बैठकें हो रही हैं। जिलाध्यक्ष सुनील प्रधान तथा युवा जिलाध्यक्ष सरदार मनप्रीत सिंह भी अपनी टीमों के साथ ग्रामों का दौरा कर समीक्षा कर रहे है। आज ग्राम मानपुर, रायपुर व हैबतपुर में सभाएं हुई। जिला अध्यक्ष सुनील प्रधान ने कहा कि आन्दोलन कोई शौक नहीं, हमारी मजबूरी है। डीएम से न्याय मिलने तथा समस्यायों के समाधान होने की उम्मीद में एसडीएम को ज्ञापन सौंपा था। एक पखवाड़े से अधिक समय हो गया है, लेकिन किसी भी बिंदु पर विचार तक भी नहीं हुआ। जिस कारण विभिन्न कार्यालयों में बैठे भ्रष्ट कर्मचारियों के हौसले बुलंद हैं। किसान अपनी समस्याओं का समाधान कराने के लिए धक्के खाते घूम रहे हैं। अधिकारियों का व्यवहार भी ठीक नहीं है। 13 अगस्त से हम शांतिपूर्ण तरीके से अपनी जायज मांगों को लेकर अनिश्चितकालीन आन्दोलन करेंगे। यदि प्रशासन ने कोई उकसाने वाली कार्यवाही की, तो उसका मूंह तोड़ जवाब दिया जायेगा। सभा में अमित बालियान, हर्षवर्धन, रोहित कुमार, अवनीश कुमार, सौरभ चौधरी, जितेंद्र सिंह, आकाश चौधरी, मुनेंद्र काकरान, आशु चौधरी, रजनीश अहलावत, दीपक तोमर, सचिन, नीटू, सागर सिंह, अजय बालियान आदि शामिल रहे।

### बढ़ापुर चेयरमैन ने सौंपा प्रतिवेदन



**बढ़ापुर।** भारी बारिश के कारण कस्बे के दोनों तरफ बहने वाली नदियों से जान माल की हानि को बचाने व प्रभावित स्थानों की सुरक्षा को लेकर चेयरमैन डॉ. दिलशाद अंसारी व वरिष्ठ राजनीतिज्ञ मौ.आरिफ खान एड. के नेतृत्व में प्रतिनिधिमंडल जिला आपदा अधिकारी प्रभात कुमार श्रीवास्तव से मिला। उन्हें प्रत्यावेदन प्रस्तुत किया। जिला प्रशासन द्वारा तुरंत कार्यवाही की गई और प्रशासनिक अमला मौके पर पहुंचा। नदी के कटाव से होने वाली हानि को रोकने के प्रयास शुरू कर दिये है। पिछले कई घंटों से लगातार मूसलाधार बारिश होने की वजह से बाढ़ की स्थिति बनी हुई है। क्षेत्र की खो, नकटा, ऊनी, पहाड़ा व गुलाह नदी ऊफान पर है। ऐसी स्थिति में कस्बे के पूरब व पश्चिम दिशा में बहने वाली नदिया नुकसान पहुंचा रही है। कस्बे के पश्चिम में करोड़ों की लागत से निर्मित डंपिंग ग्राउंड व कब्रिस्तान भी नकटा नदी को चपेट में आ रहा है।

# कोल्डड्रिंक के धोखे में युवती ने पी लिया तेजाब

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नजीबाबाद।** क्षेत्र के ग्राम फजलपुर तबेला में युवती ने कोल्डड्रिंक के धोखे में तेजाब पी लिया। परिजनों ने उसे मेडिकल अस्पताल में भर्ती कराया। जहां से उसकी हालत नाजुक देखते हुए उसे मेरठ रैफर कर दिया गया।

प्राप्त समाचार के अनुसार ग्राम फजलपुर तबेला निवासी 18 वर्षीय शबनूर पुत्री कबीर ने कोल्डड्रिंक के धोखे में तेजाब पी लिया। जिससे परिजनों में हड़कम्प मच गया। वह युवती को सीएचसी ले गये। जहां पर डॉक्टर ने उसकी हालत गम्भीर देखते हुए मेडिकल कॉलेज के लिए रैफर कर दिया। जहां से उसे मेरठ के हायर सेंटर रैफर कर दिया गया। परिजनों के अनुसार घर में एक बोतल में तेजाब रखा हुआ था। जिसे शबनूर ने गलती से कोल्डड्रिंक समझ कर पी लिया। उसकी हालत नाजुक बनी हुई है।

## मेरठ में हालत बेहद गंभीर

# विद्यार्थियों को मिले नि:शुल्क टैबलेट



**बिजनौर।** राजकीय आईटीआई में आज विभिन्न ट्रेड में प्रशिक्षित 202 छात्र-छात्राओं को स्वामी विवेकानंद युवा सशक्तिकरण योजना अंतर्गत निशुल्क टेबलेट वितरित किए गए। प्रधान सहायक राकेश शर्मा ने कहा कि सभी विद्यार्थी इन टेबलेट का उपयोग प्रशिक्षण एवं शिक्षा संबंधी कार्यो में ही करें। इस अवसर पर प्रधानाचार्य मंजुल मयंक, कार्यदेशक श्रीमती ज्योत्सना, वरिष्ठ सहायक सत्येंद्र कुमार, सुशील कुमार आदि उपस्थित रहे।

# नूरपुर में मुनकाद अली का स्वागत

## पार्टी में प्रत्येक कार्यकर्ता का सम्मान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नूरपुर।** पूर्व राज्यसभा सदस्य व बसपा के पश्चिम उ. प्र. के प्रभारी बाबू मुनकाद अली का यहां पहुंचने पर स्वागत किया गया। मुनकाद अली ने कहा कि बसपा में प्रत्येक कार्यकर्ता को सम्मान मिलता है। उन्होंने कहा कि बसपा अनुशासित पार्टी है।



प्राप्त समाचार के अनुसार नूरपुर विधानसभा के पूर्व बसपा प्रत्याशी हाजी जियाउद्दीन अंसारी के निवास पर कार्यकर्ताओं ने पूर्व सांसद बाबू मुनकाद अली का जोरदार स्वागत किया। समीक्षा बैठक में पूर्व सांसद बाबू मुनकाद अली ने कहा कि पार्टी का हर एक पदाधिकारी अपने कार्यकर्ताओं को मान सम्मान करें, क्योंकि कार्यकर्ता ही पार्टी की रीढ़ की हड्डी है। अगर पार्टी का कार्यकर्ता मजबूत होगा, तो पार्टी मजबूत होगी। उन्होंने कार्यकर्ताओं में जोश भरते हुए कहा कि आने वाला कल बसपा का है। आने वाले विधानसभा चुनाव में बसपा की सरकार बनेगी और मायावती पांचवीं बार प्रदेश की मुख्यमंत्री बनेंगी। जनता बसपा के कार्यकाल को याद कर रही है। अपनी सरकार में मायावती सभी वर्गों के लोगों को सम्मान देने का काम करती है। बसपा सर्वजन हिताय सर्वजन सुखाए के नारे पर काम करती है। उन्होंने हर एक पदाधिकारी से बूथ कमेटी को मजबूत करने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि अगर बूथ कमेटी मजबूत होगी, तभी संगठन मजबूत होगा।

उन्होंने कहा कि प्रदेश की जनता केंद्र व प्रदेश की भाजपा सरकारों से तंग आ चुकी है। अब प्रदेश की जनता बदलाव चाहती है। क्योंकि भाजपा सरकार में मंहगाई चरम सीमा पर है। नौजवान बेरोजगार घूम रहे हैं। किसान परेशान हाल है। अपराधी खुलेआम अपराध कर रहे हैं। भाजपा सरकार दलितों व मुसलमानों के साथ बदले की भावनाओं से काम कर रही है। भाजपा सरकार हिन्दू व मुसलमान के बीच नफरत फैला कर राज करना चाहती है। उन्होंने कहा कि जब प्रदेश में मायावती मुख्यमंत्री थी, तब कानून का राज था। किसी भी अधिकारी की हिम्मत नहीं थी कि जनता का उत्पीड़न कर लें। हर विभाग में बैठे अधिकारी जनता का सम्मान करते थे। अधिकारी रिश्वत लेने के नाम पर डरता था। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार ने आठ सालों में हिन्दू व मुसलमान को बांटने का काम किया है। अब जनता भाजपा सरकार को उखाड़ फेंकने मन बना चुकी है।

पूर्व सांसद गिरीश चंद ने कार्यकर्ताओं से कहा कि भाईचारे को मजबूत करने की जरूरत है। डोर टू डोर जाकर पार्टी की नीतियों के बारे में प्रचार प्रसार करें। उन्होंने कहा कि किसी भी कार्यकर्ता को उदास होने की जरूरत नहीं है। पार्टी में उतार चढ़ाव आता रहता है। आने वाले विधानसभा चुनाव में फिर से बसपा का परचम लहराएगा।

इस मौके पर प्रभारी रणविजय सिंह, प्रभारी नाजिम अहमद अल्वी, हाजी जियाउद्दीन अंसारी, बसपा जिलाध्यक्ष दिलीप कुमार उर्फ पिंटू, जिला प्रभारी काके सिंह रवि, वरिष्ठ बसपा नेता डॉ. शमशाद अहमद, विधानसभा अध्यक्ष बलवंत सिंह देश. बंधु, मास्टर चरन सिंह, पूर्व जिला अध्यक्ष जितेंद्र सागर, कवि राज सिंह, मौलाना असरारुल हक, परम सिंह, प्रधान नसीमुद्दीन अंसारी, जिला उपाध्यक्ष आकिल अंसारी आदि मौजूद थे। संचालन मुजाहिद फारूकी ने किया।

# धामपुर में बारिश थमी, पर आफत कायम

## नवजात को गोद में लेकर अस्पताल पहुंचा पिता, तेज बहाव में फंसा परिवार


**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धामपुर।** शहर में बीते दो दिनों से बारिश नहीं हुई है, लेकिन हालात सुधरने के बजाय और बिगड़ते जा रहे हैं। ऊपरी पहाड़ी इलाकों से लगातार आ रहे तेज बहाव के कारण जलभराव कम होने का नाम नहीं ले रहा। धामपुर के कई इलाकों में सड़कों, गलियों और घरों के अंदर तक पानी भरा हुआ है, जिससे आमजन का जीवन पूरी तरह अस्त-व्यस्त हो गया है।

कालागढ़ मार्ग पर हालात इतने गंभीर हैं कि एंबुलेंस तक फंस रही हैं। इस बीच सोशल मीडिया पर एक झकझोर देने वाला वीडियो वायरल हुआ है, जिसमें एक पिता अपनी कुछ घंटे पहले जन्मी नवजात को गोद में उठाकर पानी में भरी सड़क पार करता दिख रहा है। बताया जा रहा है कि नवजात की नाल तक नहीं कटी थी, और कोई वाहन या सहायता नहीं मिलने पर वह स्वयं ही उसे लेकर अस्पताल की ओर निकल पड़ा। यह दृश्य न केवल जल संकट की गंभीरता दर्शाता है, बल्कि सिस्टम की असफलता पर भी बड़ा सवाल खड़ा करता है।

इसी तरह पहाड़ी दरवाजा क्षेत्र में एक परिवार पानी के तेज बहाव में फंस गया। चारों सदस्य किसी तरह एक-दूसरे का हाथ थामे बहाव को पार करते नजर आए। गनीमत रही कि समय रहते कोई बड़ा हादसा नहीं हुआ।

श्रावण मास की त्रयोदशी पर रखे जाने वाले प्रदोष व्रत में भी श्रद्धालुओं को संकट का सामना करना पड़ा। शुद्ध जल उपलब्ध न होने के कारण कई लोगों को व्रत नहीं रख पाने की





मजबूरी झेलनी पड़ी। बार एसोसिएशन धामपुर के पूर्व अध्यक्ष गजेंद्र सिंह एडवोकेट ने बताया कि जिन इलाकों में पानी भरा है, वहां सबमरसिबल से गंदा पानी निकल रहा है। पीने, नहाने और रसोई के उपयोग के लिए भी स्वच्छ जल नहीं मिल पा रहा। जिन मोहल्लों में इंडिया मार्का हैंडपंप नहीं हैं, वहां नागरिकों को बोतलबंद पानी खरीदना पड़ रहा है, जिससे उनके घरेलू बजट पर अतिरिक्त भार पड़ रहा है।

क्षत्रिय नगर स्थित शीला टॉकीज पुलिया के पास बह रहे पानी में मछलियां आ गई, जिसकी खबर फैलते ही वहां बड़ी संख्या में लोग उन्हें पकड़ने के लिए जुट गए। वहीं उपजिलाधिकारी रितु रानी, पुलिस क्षेत्राधिकारी अभय पांडे और प्रशासनिक अधिकारियों ने जलभराव वाले क्षेत्रों का निरीक्षण कर लोगों की समस्याएं सुनीं और संबंधित विभागों को आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए।

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक समाचार पत्र
'शाह टाइम्स'
की शत-प्रतिशत गारंटी
खबरें छुपाता नहीं, छापता है
मोबाइल नम्बर:- 9927777377
samiullah.bijnor@gmail.com

# बाढ़ की वजह से नेशनल हाईवे पूरी तरह से बंद

## गजरौला-चांदपुर होकर जा रहे मेरठ व मुजफ्फरनगर के वाहन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** मालन नदी में आई बाढ़ एवं गंगा में उफान के चलते नेशनल हाईवे पर पानी आ जाने की वजह से इसे पूरी तरह से बंद कर दिया गया है। बिजनौर से मेरठ, दिल्ली व मुजफ्फरनगर जाने वाले वाहनों को वाया चांदपुर-गजरौला होते हुए भेजा जा रहा है। साथ ही जनपद के अन्य मार्गों पर भी पानी बह रहा है। नहटौर-धामपुर मार्ग भी बंद है।






प्राप्त समाचार के अनुसार भले ही पिछले दो दिनों से जनपद में मूसलाधार बारिश नहीं हुई है, लेकिन इससे पूर्व दो दिनों तक हुई मूसलाधार बारिश व पहाड़ों से पानी आ जाने के कारण जनपद की सभी नदिया व नाले उफान पर है। मालन, गांगन, राम गंगा, खो व अन्य बरसाती नदियों व नालों सहित गंगा नदी में पानी का प्रवाह काफी तेज है। कई जगह तटबंध टूट गए है और पानी खेतों व सड़कों पर बहता हुआ आबादी क्षेत्र में घुस गया है। धामपुर में तो हालात बद से बदत्तर बने हुए है। नहटौर में भी गांगन का पानी तबाही मचा रहा है। नहटौर-धामपुर मार्ग बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया है और इस पर गांगन का पानी बह रहा है। जिसकी वजह से इसे यातायात के लिए बंद कर दिया गया है। मेरठ हाईवे पर बैराज से पूर्व पानी बहने के कारण इसे भी आज यातायात के लिए पूरी तरह से बंद कर दिया गया। बैराज मार्ग पर पानी बह रहा है। मार्ग जगह-जगह क्षतिग्रस्त हो गया है। जिलाधिकारी जसजीत कौर द्वारा आज मेरठ-पौड़ी राष्ट्रीय राजमार्ग का निरीक्षण किया गया। उन्होंने बताया कि गंगा बैराज में पहाड़ से पानी अधिक आने के कारण सड़क के क्षतिग्रस्त होने तथा सड़कों पर पानी के प्रवाह के दृष्टिगत मेरठ-पौड़ी राष्ट्रीय राजमार्ग पर वाहनों का आवागमन बंद कर दिया गया है, ताकि किसी भी प्रकार की दुर्घटना की संभावना न होने पाए। उन्होंने बताया कि सड़कों पर फंसे यात्रियों को ट्रैक्टर के माध्यम से सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाया जा रहा है।

जिलाधिकारी जसजीत कौर द्वारा बाढ़ से प्रभावित चांदपुर तहसील के ग्राम मीरापुर सीकरी का निरीक्षण किया गया। जिलाधिकारी ग्राम मीरपुर सीकरी में मोटर बोर्ड से पहुंची तथा प्रभावित ग्राम का बारीकी के साथ मुआयना किया। ग्रामीण घरों की छतों पर पाए गए। उन्होंने उप जिलाधिकारी को निर्देशित किया कि ग्रामीणों के लिए शुद्ध पेयजल, गैस आदि की व्यवस्था की जाए। पशुओं के लिए चारे की भी व्यवस्था करना सुनिश्चित करें। उन्होंने मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी को निर्देश दिए कि ग्राम मीरपुर सीकरी सहित बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में पशुओं का टीकाकरण कराएं। उन्होंने उप जिलाधिकारी एवं तहसीलदार को निर्देशित करते हुए कहा कि अपने-अपने क्षेत्र में सतर्कता बरतते हुए बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में भ्रमण कर प्रभावित लोगों को राहत सामग्री पहुंचाना सुनिश्चित करें।

निरीक्षण के समय अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व वान्या सिंह, ज्वाइंट मजिस्ट्रेट स्मृति मिश्रा, उप जिलाधिकारी बिजनौर एवं चांदपुर, सिंचाई विभाग सहित अन्य विभागीय अधिकारी मौजूद थे।

## भाजपा नेता पर देवी-देवताओं के अपमान का गंभीर आरोप

### भाजपा नेता ने दी तहरीर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**अफजलगढ़।** भारतीय किसान यूनियन (टिकैत) के ब्लॉक अध्यक्ष ने एक भाजपा नेता पर सोशल मीडिया के माध्यम से हिंदू देवी देवताओं को लेकर अभद्र भाषा का प्रयोग करते हुए गाली गलौज करने का आरोप लगाया है। उन्होंने पुलिस से कार्यवाही की मांग की है।

प्राप्त समाचार के अनुसार भारतीय किसान यूनियन के ब्लॉक अध्यक्ष मदन सिंह राणा ने थाना अध्यक्ष को दिए प्रार्थना पत्र में बताया कि ग्राम मुरली वाला निवासी परवीन चौधरी द्वारा सोशल मीडिया के माध्यम से सनातन धर्म व देवी देवताओं के प्रति अत्यन्त आपत्ति. जनक, अशोभनीय एवं गाली गलौज वाली भाषा का प्रयोग किया है। जिससे संपूर्ण हिंदू समाज की धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंची है। सांप्रदायिक सौहार्द बिगड़ने की स्थिति उत्पन्न हो गई है। योगी सरकार में यह तथाकथित भाजपा नेता बेलगाम है तथा देवी-देवताओं को लेकर अभद्र भाषा का प्रयोग कर गंदी-गंदी गालियां दे रहा है। ऐसे कृत्य न केवल संविधान द्वारा प्रदत्त धार्मिक स्वतंत्रता का उल्लंघन हैं, बल्कि समाज में नफरत फैलाने का प्रयास भी हैं। भाकियू नेता मदन सिंह राणा ने इस निंदनीय कार्य की घोर भर्त्सना की तथा थाना अध्यक्ष को ज्ञापन देकर कार्यवाही की मांग की है।

## एक नजर

### स्कूलों व कॉलेजों में आज फिर अवकाश घोषित

**बिजनौर।** जनपद में नदियों में बाढ़ एवं जगह-जगह जलभराव सहित मुख्य मार्गों पर पानी आ जाने को देखते हुए डीएम जसजीत कौर ने कल (आज) के लिए सभी प्राइमरी स्कूलों, जूनियर हाईस्कूलों, इंटर कॉलेजों, विश्व विद्यालय, इंजीनियरिंग कॉलेजों एवं मेडिकल कॉलेज में तत्काल प्रभाव से एक दिन के लिए अवकाश घोषित कर दिया है। सभी शिक्षण संस्थानों को इसका पालन करने का निर्देश दिया गया है। बताते है कि जनपद में हालात बेहद खराब है। मुख्य मार्गों सहित गली-मौहल्लों में पानी भरा हुआ है। घरों से बाहर निकलना मुश्किल हो गया है।

### आसपा की सदस्यता दिलाई




**नजीबाबाद।** आसपा कार्यालय पर ग्राम अलीपुरा के पूर्व प्रधान हाजी नफीस राईन ने अपने सैकड़ों समर्थकों के साथ पार्टी की सदस्यता ग्रहण की। इस दौरान हाजी नफीस राईन ने कहा कि उन्होंने आसपा इसलिए ज्वाइन की है, क्योंकि सांसद चंद्रशेखर लगातार दलितों, मुस्लिम, ओबीसी और मजलूम तबके की आवाज को संसद में बुलंद कर रहे हैं। नजीबाबाद विधानसभा से आसपा का विधायक बनाना हमारा संकल्प है। इस मौके पर साहनपुर चेयरमैन एवं मंडल प्रभारी खुर्शीद मंसूरी, विधानसभा अध्यक्ष अशोक कुमार, रजत कुमार, सुखवीर प्रधान, प्रवेश कुमार, सांसद प्रतिनिधि फहीम अंसारी, एड. वीरेंद्र, विजेन्द्र, फिरासत हुसैन, इदरीस मंसूरी, ताहिर हुसैन, मारूफ हुसैन, सरफराज, नगर अध्यक्ष नजीबाबाद सुल्तान, शादमान, शोएब आदि मौजूद थे।

### चेयरमैन शान को सौंपा ज्ञापन



**मंडावर।** पश्चिमी उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल के अध्यक्ष विपुल गुप्ता, युवा उपाध्यक्ष फैजान अहमद, आजाद समाज पार्टी के विधानसभा सचिव फैजान अहमद, नगर प्रभारी सलीम अहमद व नगर अध्यक्ष शानू अहमद के नेतृत्व में सैकड़ों व्यापारियों और पदाधिकारियों ने नगर पंचायत अध्यक्ष मौहम्मद आसिफ शान को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में मुख्य बाजार की सड़क निर्माण कार्य के अधूरे रहने और ठेकेदार द्वारा जगह-जगह पाइप लाइन तोड़े जाने की समस्या को उठाया गया। व्यापारियों ने बताया कि अधूरी सड़क के कारण दुकानदारों और राहगीरों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। सड़क की खराब स्थिति से दुकानों की बिक्री पर बुरा प्रभाव पड़ रहा है। ठेकेदार द्वारा तोड़ी गई पाइप लाइन से जलापूर्ति बाधित हो रही है।

### वसीम गुर्जर लगातार सक्रिय

**अफजलगढ़।** भारतीय किसान यूनियन (टिकैत) के ब्लॉक अध्यक्ष मदन सिंह राणा व नगर अध्यक्ष वसीम गुर्जर द्वारा आज क्षेत्र में महत्वपूर्ण कार्यक्रम आयोजित किये गये। इन कार्यक्रमों में संगठन विस्तार, क्षेत्रीय समस्याओं पर चर्चा और किसानों से संवाद किया गया। कार्यक्रम का पहला चरण आज सुबह 11 बजे कादराबाद स्थित पीडब्ल्यूडी डाक बंगले में किया गया। जबकि दूसरा कार्यक्रम 10 अगस्त को कासमपुर गढ़ी ब्लॉक में आयोजित किया जाएगा। अफजलगढ़ को तहसील का दर्जा दिलाने के प्रस्ताव पर भी जोर दिया गया। करीब आठ माह पूर्व यह प्रस्ताव राजस्व परिषद बोर्ड से अनुभाग स्तर पर अनुमोदित हो चुका है। भारतीय किसान यूनियन ने क्षेत्रीय जनता से आह्वान किया है कि वह तहसील गठन व नई मंडी जैसे जनहित के मुद्दों को मजबूती से उठाने में सहयोग करें।

## मां ने बेटों की दुकानों की जमीन कोड़ियों के दाम बेची

### परिवार बर्बादी के कगार पर

**विशाल खटीक**

**मंडावर।** मां को ममता और त्याग की मूर्ति माना जाता है, लेकिन वृद्ध महिला दुलारी ने अपने कृत्यों से इस पवित्र रिश्ते को कलंकित कर दिया है।

बताया जाता है कि दुलारी ने अपने ही बच्चों के घर उजाड़ने की ऐसी साजिश रची, जिसने पूरे समाज को स्तब्ध कर दिया। दुलारी ने पहले अपने छोटे बेटे देवेंद्र के हिस्से की दुकान की जमीन को कौड़ियों के दाम बेचकर उसके परिवार को बर्बाद कर दिया। इस घटना से आहत देवेंद्र की पत्नी अपने बच्चों की परवरिश के लिए मायके में शरण लेने को मजबूर है। लेकिन दुलारी का मन इससे भी नहीं भरा। उसने अब अपने बड़े बेटे राजेंद्र के हिस्से की दुकान की जमीन को भी चोरी-छिपे शानू नाई को कौड़ियों के दाम बेचने का सौदा कर लिया। दुलारी ने गुपचुप तरीके से यह सौदा किया और पैसे अपने खाते में जमा कर लिए। ताकि वह अपने बुढ़ापे में ऐश कर सके। जबकि उसका बेटा और परिवार सड़क पर आ गया है। जब यह बात समाज के लोगों को पता चली, तो वे इकट्ठा होकर दुलारी की इस हरकत की निंदा करने लगे। लेकिन दुलारी किसी के समझाने को तैयार नहीं हुई। मामला अब स्थानीय थाने तक पहुंच गया है। जहां राजेंद्र की पत्नी ऋतु देवी ने दुलारी के खिलाफ प्रार्थना पत्र देकर कार्रवाई की मांग की है।

दूसरी तरफ, दुलारी ने बचाव में बिरादरी के मुखिया को निशाना बनाते हुए झूठा प्रार्थना पत्र दाखिल किया और मौहल्ले वालों को अपना विरोधी बताकर मामले को और उलझाने की कोशिश की। यह घटना न केवल दुलारी के शातिर दिमाग को उजागर करती है, बल्कि मां जैसे पवित्र रिश्ते पर भी सवाल उठाती है। समाज में इस मामले को लेकर गहरा आक्रोश है और लोग दुलारी के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग कर रहे हैं। पुलिस ने प्रार्थना पत्र के आधार पर जांच शुरू कर दी है और जल्द ही इस मामले में उचित कार्रवाई की उम्मीद हैं।

## भाकियू ने किया बाढ़ प्रभावित क्षेत्र का दौरा

### किसानों का जाना हाल-चाल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चांदपुर।** भारतीय किसान यूनियन टिकैत कार्यकर्ताओं ने पहाड़ों पर फट रहे बादलों एवं लगातार हो रही वर्षा से बढ़ रहे गंगा के जल स्तर के कारण ब्लॉक जलीलपुर के गंगा खादर क्षेत्र के ग्रामों में जल भराव से जूझ रहे किसानों से उनके पास नाव द्वारा पहुंचकर उनका हाल-चाल जाना तथा उन्हें हर संभव मदद का आश्वा. सन दिया।





भारतीय किसान यूनियन टिकैत के ब्लॉक अध्यक्ष चौधरी कल्याण सिंह के नेतृत्व में बाढ़ प्रभावित ब्लॉक जलीलपुर के ग्राम रायपुर खादर, जलालपुर खादर सहित कई अन्य गांवों का दौरा किया। किसान यूनियन नेताओं ने कहा कि वर्षा और गंगा के जलस्तर से बढ़ने से बाढ़ आने से किसान मजदूर को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। भारतीय किसान यूनियन टिकैत के ब्लॉक अध्यक्ष चौधरी कल्याण सिंह, जिला उपाध्यक्ष जसवंत सिंह नामधारी, न्याय पंचायत अध्यक्ष राजेंद्र सिंह, ब्लॉक उपाध्यक्ष बब्बू खान, राहुल चिकारा, मुकेश कुमार न्याय पंचायत अध्यक्ष, मेराजू प्रधान पूर्व संगठन मंत्री, मनोज शर्मा, अफसर अली, दिशान अहमद, छोटे मालिक, मीडिया प्रभारी मो. हनीफ तहसील चांदपुर क्षेत्र चांदपुर सहित कई यूनियन कार्यकर्ताओं ने बाढ़ ग्रस्त विभागों में पहुंचकर पहुंचकर किसानों का हाल-चाल जाना। उन्हें हर मदद का आश्वासन भी दिया। यूनियन के सक्रिय नेता एवं मीडिया प्रभारी मोहम्मद हनीफ ने कहा कि लगातार हो रही वर्षा एवं गंगा मे बढ़ रहे जलस्तर से ब्लॉक जलीलपुर गंगा खादर क्षेत्र के कई गावों मे बाढ़ जैसी स्थिति बनी हुई है। ग्रामीणों का शहर से संपर्क कटता जा रहा है। साथ ही उनके खाने-पीने, रहने की भी समस्या पैदा हो गई है। साथ ही उनके पशुओं के लिए भी पशुचारे की दिक्कत सामने सिर उठायें खड़ी है, जो एक बड़ी समस्या है। उधर जिलाधिकारी जसजीत कौर ने भी बाढ़ प्रभावित ब्लॉक जलीलपुर के गंगा खादर के गांव पहुंची और ग्रामीणों से अपनी बात साझा की। मौके पर उन्होंने उप जिलाधिकारी नितिन तेवतिया व राजस्व टीम के साथ मोटर बोट पर सवार होकर बाढ़ ग्रस्त ग्राम मीरापुर सीकरी का दौरा किया और ग्रामीणों को बाढ़ से बचाव के कुछ टिप्स भी दिए और कहा कि प्रशासन उनके साथ है और हर तरह नजर बनाए हुए हैं।

## भूमि को कब्जा मुक्त कराने पहुंची टीम

### गंगा का जलस्तर अधिक होने के कारण कार्रवाई टली

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नांगल सोती।** नांगल सोती के गंगा खादर क्षेत्र में वन विभाग की भूमि पर अवैध कब्जे की शिकायत के बाद डीएफओ के निर्देश पर अधिकारियों की टीम ने मौके पर पहुंचकर जांच की।



नांगल सोती निवासी राशिद उर्फ भूरे ने डीएफओ कार्यालय में तैनात एक वन कर्मी और कुछ माफियाओं द्वारा राजगढ़ रेंज के अंतर्गत नांगल सोती गंगा खादर क्षेत्र में वन विभाग की भूमि पर अवैध कब्जे की शिकायत शासन से की थी। जिस पर बिजनौर वन प्रभाग नजीबाबाद के डीएफओ अभिनव राज ने अवैध कब्जे के मामले में जांच कमेटी गठित की थी। बृहस्पतिवार को साहनपुर रेंज के रेंजर राजेश शर्मा, राजगढ़ रेंजर विजेंद्र प्रताप सिंह डिप्टी रेंजर राम मुसाफिर यादव के नेतृत्व में टीम ने खादर क्षेत्र में पहुंचकर जांच की। डिप्टी डेंजर राम मुसाफिर यादव ने बताया कि गंगा नदी व खेतों से पानी कम होने पर पैमाइश की जाएगी।

पैमाइश के बाद किसानों को उनकी भूमि दी जाएगी और वन विभाग की भूमि को कब्जा मुक्त कराया जाएगा।

## बारह को रोजगार मेला

**बिजनौर।** राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान में 12 अगस्त को रोजगार मेला आयोजित किया जायेगा। जिसमें ऐसे दिव्यांगजन जिनकी आयु 14 से 35 वर्ष हो और कौशल विकास मिशन या आईटीआई व अन्य प्रशिक्षण प्राप्त दिव्यांगजन रोजगार मेले में प्रतिभाग कर सकते है। वह रोजगार या स्व-रोजगार प्राप्त कर सकते है।

## बैंक ऑफ बड़ौदा के जनरेटर में आग लगने से अफरा-तफरी

**किरतपुर।** गुरुवार सुबह कोतवाली थाना के सामने स्थित बैंक ऑफ बड़ौदा में उस समय हड़कंप मच गया, जब बैंक परिसर के बाहर चल रहे जनरेटर में अचानक आग लग गई। आग की लपटें और धुएं को देख बैंक के बाहर खड़े खाताधारकों और राहगीरों में अफरा-तफरी मच गई। लोग इधर-उधर भागने लगे। हालात उस समय नियंत्रण में आए जब बैंक मैनेजर सानिध्य कुमार ने सीसीटीवी कैमरे में जनरेटर से धुआं उठता देखा। उन्होंने तुरंत स्थिति को भांपते हुए बिना समय गंवाए बैंक कर्मचारियों के साथ मौके पर पहुंचकर फायर सिलेंडर की मदद से आग पर काबू पाया। करीब 15 मिनट की कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पा लिया गया। गनीमत रही कि इस घटना में कोई जान-माल का नुकसान नहीं हुआ। बैंक मैनेजर सानिध्य कुमार ने बताया किजनरेटर सामान्य रूप से चालू था। अचानक उसमें तकनीकी खराबी के कारण आग लग गई, लेकिन कर्मचारियों की सूझबूझ और तत्परता के चलते बड़ी दुर्घटना टल गई

## हाइडिल ऑफिस पर दिया गया ज्ञापन

### पालिका बोर्ड ने जताया सख्त एतराज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**किरतपुर।** नगर की दिन-ब-दिन बदहाल होती बिजली व्यवस्था को लेकर नगर पालिका परिषद के चेयरमैन अब्दुल मन्नान की सरपरस्ती में तमाम सभासदों ने गुरुवार को उपखंड अधिकारी एसडीओ हाइडिल ऑफिस पहुंचकर एक ज्ञापन सौंपा। इस मौके पर विद्युत विभाग की लापरवाहियों और नागरिकों को पेश आ रही परेशानियों को लेकर सख्त नाराजगी जताई गई।



ज्ञापन में चेयरमैन अब्दुल मन्नान ने कहा कि नगर की विद्युत व्यवस्था पूरी तरह से नाकारा हो चुकी है। मामूली सी बारिश या हल्की हवा चलने पर बिजली गुल कर दी जाती है, जिससे आम जनमानस खास तौर से मासूम बच्चे, बुजुर्ग और बीमार लोग ख्र परेशानियों का शिकार हो रहे हैं। चेयरमैन ने यह भी कहा कि बिजली की बार-बार कटौती सरकार के 22 घंटे बिजली आपूर्ति के आदेशों की खुलेआम तौहीन है, जिसे किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

बातचीत के दौरान अब्दुल मन्नान ने एडीओ को ये भी बताया कि नगर के तमाम मोहल्लों में लोहे के बिजली के खम्बे निहायत जर्जर हालत में हैं। अगर वक्त रहते इनकी मरम्मत नहीं कराई गई तो किसी दिन कोई बड़ा हादसा हो सकता है।

उन्होंने यह भरोसा भी दिलाया कि यदि किसी भी स्तर पर बिजली समस्या के समाधान के लिए विभागीय दौरा करना पड़े, तो वे स्वयं और समस्त सभासद हर वक्त साथ चलने को तैयार हैं।

चेयरमैन ने यह भी ताकीद की कि मुख्यमंत्री द्वारा घोषित 22 घंटे बिजली आपूर्ति का वादा हकीकत में पूरा किया जाए इस अवसर पर पालिका बोर्ड के सभी सभासद मौजूद रहे और सभी ने एक आवाज में कहा कि जनता की तहरीक में हम हर मोर्चे पर चेयरमैन के साथ हैं।

**न्यायालय उपजिलाधिकारी नजीबाबाद, जिला बिजनौर**

वाद संख्या:-202313160502385

कमल पुत्र नन्हे निवासी ग्राम कादीपुरा परगना व तहसील नगीना **-वादी**

**बनाम**

1. अशोक कुमार पुत्र नन्हे निवासी ग्राम कादीपुरा, तहसील नगीना, जिला बिजनौर

2. अनिता पत्नी संजय कुमार निवासी आदर्शनगर गली नं. A/7 नजीबाबाद

3. नीतू राजपूत पत्नी संजीव कुमार निवासी ग्राम समसपुर सद्दो, तहसील नगीना, जिला बिजनौर

4. आदरीशा पत्नी मौ. शरीफ निवासी ग्राम सिकन्दरपुर बसी, परगना अकबराबाद, तहसील नजीबाबाद

5. ग्राम सभा खेड़ा द्वारा ग्राम प्रधान ग्राम पंचायत खेड़ा, परगना अकबराबाद, तहसील नजीबाबाद, जिला बिजनौर **-प्रतिवादीगण**

चूंकि उपरिनामांकित वादी/वादीगण ने इस न्यायालय में आवेदन दिया गया है कि प्रा.पत्र रेस्टोरेशन अतएवं आपको एतद्द्वारा चेतावनी दी जाती है कि आप उप आवेदन के खिलाफ हेतु संदर्शित करने के लिए दिनांक 11.08.2025 को 10 बजे पूर्वान्ह में स्वयं या समयक रूपेण अनुदिष्ट अपने अधिवक्ता द्वारा उपसंजात हो और ऐसा करने में असफल रहने पर उक्त आवेदन एकपक्षीय रूप से सुना जायेगा।

नियत दिनांक: 11.08.2025

**न्यायालय उपजिलाधिकारी नजीबाबाद, बिजनौर**

**शाह टाइम्स खबरें छुपाता नहीं, छापता है**

**अदालती सूचना**

**आदेशानुसार श्री अंशुमन धुन्ना सिविल जज (सी.डि.), बिजनौर**

**मूलवाद संख्या:- 611/2022**

**नकुल रस्तौगी बनाम मौहम्मद उस्मान आदि**

नकुल रस्तौगी आयु 31 वर्ष पुत्र अनुज कुमार निवासी मौहल्ला रईसान, पोस्ट, कस्बा हल्दौर, परगना दारानगर, तहसील व जिला बिजनौर **-वादी**

**बनाम**

1. श्रीमती तमन्ना पुत्री मरहूम अहसान पत्नी मौ. शाहिद निवासी कस्बा व पोस्ट राजा का ताजपुर, परगना बूढ़पुर, तहसील चांदपुर, जिला बिजनौर।

2. श्रीमती अनवरी पुत्री मरहूम अहसान पत्नी श्री अहसान रऊफ निवासी मौहल्ला पहाड़ी दरवाजा, नेजो सराय, पोस्ट, कस्बा धामपुर, तहसील धामपुर, जिला बिजनौर

3. श्रीमती रानी पुत्री मरहूम अहसान पत्नी डॉ. समीर निवासी मौहल्ला रमपुरा, नजीबाबाद, परगना व तहसील नजीबाबाद, जिला बिजनौर **-प्रतिवादीगण**

हरगाह नकुल रस्तौगी ने आपके नाम एक नालिश बाबत के दायर की है लिहाजा आपको हुक्म होता है कि तारीख 13.08.2025 बवक्त दस बजे दिन के असालतन मार्फत अपने वकील जो मुकदमा के हालात से वाकिफ हो हाजिर हो और जवाब देही करे। आपको लाजिम है कि उसी रोज जुमला दस्तावेज पेश करें जिन्हें अपनी जवाबदेही में इस्तेमाल करना चाहते हैं।

आपको इत्तिला दी जाती है कि आप अगर बरोज मजकूर हाजिर न होंगे, तो मुकदमा बगैर हाजिर आपके मन्सूख और फैसला होगा।

**नियत दिनांक:- 13-08-2025**

**प्रबंधक**

**न्यायालय सिविल जज (सी.डि.) बिजनौर**

**अदालत सिविल जज (जू.डि.) मुकाम नजीबाबाद, जिला बिजनौर**

**मूलवाद संख्या**- 388/2024

मोबीन अहमद पुत्र स्व. हबीब अहमद मौहल्ला लाडपुरा, किरतपुर, हाल निवासी ए/19 जे.जे. कॉलोनी, हस्तसाल रोड, उत्तमनगर, नई दिल्ली **-वादी**

**बनाम**

1- मौ. सलमान पुत्र स्व. हबीब अहमद निवासी मौहल्ला लाडपुरा, किरतपुर, हाल निवासी C/196-197 थर्ड फ्लोर जे.जे. कॉलोनी हस्तसाल उत्तम नगर निकट शनि बाजार न्यू दिल्ली। 2- शहनाज पुत्री स्व. हबीब अहमद पत्नी शाकिर निवासी मौहल्ला लाडपुरा, कस्बा किरतपुर, जिला बिजनौर। 3- शमीमा पुत्री स्व. हबीब अहमद पत्नी फैजान अहमद निवासी मौहल्ला वाहिद नगर, नजीबाबाद, जिला बिजनौर। 4- समीना पुत्री स्व. हबीब अहमद, 5- श्रीमती जरीना पत्नी स्व. हबीब अहमद निवासीगण मौहल्ला लाडपुरा, किरतपुर, हाल निवासी C/196-197 थर्ड फ्लोर जे.जे. कॉलोनी हस्तसाल उत्तम नगर निकट शनि बाजार न्यू दिल्ली। **-प्रतिवादीगण**

हरगाह वादीगण ने आपके नाम एक नालिश बाबत तकसीम+ निषेधाज्ञा के दायर की है लिहाजा आपको हुक्म होता है कि बतारीख 17.08.2025 ई.बाबत 10 बजे दिन के असालतन या मार्फत के जो मुकदमा के हालात से करार बाकई वाकिफ किया गया है और जो कुछ उमूर अहम मुतालिक के मुकदमा का जवाब दे सके या जिस के पास और सख्श हो जो सवालात की दे सके हाजिर हो और जवाब देही दावा करे कि आपको लाजिम है उसी रोज जुमला दस्तावेज पेश करे जिन पर बताइये अपना जवाब देही के इस्तेमाल करना चाहते है।

आपको इत्तला दी जाती है कि अगर बरोज मजकूर आप हाजिर न होंगे, तो मुकदमा बगैर हाजिर आपका समसुआ और फैसला होगा।

नियत दिनांक: 17.08.2025

**प्रबंधक**

**न्यायालय सिविल जज (जू.डि.) नजीबाबाद**

**नाम परिवर्तन सूचना**

मेरे दो बच्चे मोहम्मद अरबाब व मोहम्मद जैद सेंट मैरिस स्कूल में पढ़ते हैं। दोनों बच्चों के एडमिशन के टाइम पर मैंने जो जन्म प्रमाण पत्र स्कूल में जमा किये थे, उनमें उनकी माता का नाम निगहत नाज लिखा था जो कि अब दोनों बच्चों के जन्म प्रमाण पत्रों में सही कराकर निगहत जहां करा दिया है। **मोहम्मद असलम पुत्र मोहम्मद मकसूद पता छंगा वाला चौक, मोहल्ला कलालान, थाना नगीना, जिला बिजनौर, यूपी**

**INFORMATION**

This is to inform that I Mohd Abdullah Khan has changed name of my son from Mohd Hashir to Mohd Hashir khan, resident of bhuddi, basi kiratpur, distt bijnor.

**संबंध विच्छेद सूचना**

मेरा पुत्र आरिफ गलत संगत में पड़ गया है। विवाहित होते हुए उसने निशा निवासी चांदपुर के प्रेम जाल में फंस कर उससे निकाह कर लिया है। उसकी दोनों पत्नियां मेरे घर में आये दिन झगड़ा व मेरे व मेरे अन्य बच्चों के साथ अभद्र व्यवहार करती है। झूठे इलजाम लगाती थी। मैंने उक्त तीनों को बहुत समझाया, परन्तु अपनी आदत में सुधार नहीं लाए। तब मैंने इनसे तंग आकर इन्हे करीब 2 साल पहले घर से निकाल दिया था और इनसे अपने सामाजिक संबंध समाप्त कर लिए है। अपनी तमाम चल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है। आरिफ व उसकी दोनों पत्नियों से मेरा व मेरे परिवार के अन्य सदस्यों का कोई संबंध वास्ता नहीं रहा। **शमशाद अहमद पुत्र स्व. बुल्ला शाह निवासी मौहल्ला इस्लाम नगर, कस्बा व थाना किरतपुर, जनपद बिजनौर।**

# धामपुर में जलभराव की भयावह स्थिति

## एडीएम व एसडीएम ने किया निरीक्षण, प्रभावितों को राहत का भरोसा



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धामपुर।** कस्बा धामपुर व आसपास के क्षेत्रों में बीते कई दिनों से हो रही मूसलाधार बारिश और ईकड़ा नदी के बढ़ते जलस्तर के चलते बाढ़ जैसे हालात बन गए हैं। नगर के अनेक मोहल्लों में घरों के भीतर तक पानी घुस गया है, सड़कें जलमग्न हैं और जनजीवन बुरी तरह प्रभावित हो गया है। हालत की गंभीरता को देखते हुए अपर जिलाधिकारी (प्रशासन) और उपजिलाधिकारी धामपुर रितु रानी ने गुरुवार को संयुक्त रूप से जलभराव क्षेत्रों का निरीक्षण किया।

निरीक्षण के दौरान प्रशासनिक टीम ने क्षत्रिय नगर, इंदिरा नगर, शीला टॉकीज इलाका, पहाड़ी दरवाजा, ईकड़ा नदी के तटवर्ती मोहल्लों सहित गंभीर रूप से प्रभावित क्षेत्रों का दौरा किया। अधिकारियों ने जगह-जगह रुककर स्थानीय निवासियों से जलभराव और अन्य समस्याओं की जानकारी ली और मौके पर मौजूद अधिकारियों को तत्काल राहत कार्यों में तेजी लाने के निर्देश दिए।

संयुक्त निरीक्षण दल में अपर जिलाधिकारी (प्रशासन), एसडीएम रितु रानी के साथ पुलिस क्षेत्राधिकारी अभय पांडे, कोतवाली प्रभारी राजेश चौहान, पालिका अधिशासी अधिकारी रविशंकर शुक्ला, तहसीलदार धनराज सिंह, स्वास्थ्य विभाग और नगर पालिका के अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

### लोगों ने बताई समस्याएं, प्रशासन ने दिया भरोसा

स्थानीय लोगों ने अधिकारियों को बताया कि जल निकासी की व्यवस्था अत्यंत धीमी है। नालों की सफाई समय पर नहीं हुई, पीने के पानी की किल्लत है और गलियों में मच्छरों का आतंक बढ़ गया है। कुछ मोहल्लों में तो घरों में घुटनों तक पानी भर गया है, जिससे बच्चों और बुजुर्गों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। प्रशासन ने मौके पर मौजूद अधिकारियों को निर्देशित किया कि प्रभावित क्षेत्रों में सफाई अभियान चलाकर कीटनाशक दवाओं का छिड़काव किया जाए, और स्वास्थ्य विभाग की टीम को तैनात किया जाए ताकि जलजनित बीमारियों को रोका जा सके।

### संवाद से समाधान की दिशा में कदम

निरीक्षण के दौरान कई स्थानों पर अधिकारियों और स्थानीय लोगों के बीच संवाद हुआ। लोगों ने स्थानीय उपायों से लेकर दीर्घकालिक समाधान तक के सुझाव दिए। निरीक्षण के अंत में उप जिलाधिकारी रितु रानी ने लोगों से अपील की कि यदि किसी क्षेत्र में जलभराव के कारण आपात स्थिति बनती है, तो वे तुरंत तहसील प्रशासन, कंट्रोल रूम से संपर्क करें। उन्होंने कहा कि प्रशासन आपके साथ खड़ा है, और हर आवश्यक कदम तत्काल उठाया जाएगा। अपर जिलाधिकारी ने भी सभी विभागों को निर्देश दिए कि राहत कार्यों में किसी भी प्रकार की लापरवाही न बरती जाए और पूरी तत्परता से प्रभावित क्षेत्रों में सेवाएं पहुंचाई जाएं।

# दुनिया चले न राम के बिना राम जी चले न हनुमान के...



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धामपुर।** सात बार सामूहिक रूप से हनुमान चालीसा का पाठ किया गया। उसके बाद भजनों के माध्यम से बजरंगबली बाबा का गुणगान किया गया।

टेलीफोन एक्सचेंज के सामने वाली गली में रामवतार सैनी के आवास पर श्रीमद् हनुमत भक्ति प्रचार मंडल द्वारा सात बार सामूहिक रूप से हनुमान चालीसा का पाठ किया गया। उसके बाद भजनों के माध्यम से बजरंगबली बाबा का गुणगान किया गया। भजन दुनिया चले ना राम के बिना राम जी चले ना हनुमान के बिना यह भजन सबको खूब पसंद आए, सब ने तालियां बजाकर उत्सव वर्धन किया। अंत में संस्था द्वारा आयोजक परिवार को श्री राम दरबार चित्र भेंट कर सम्मानित किया गया। आयोजक परिवार में राम अवतार सैनी, कल्पना देवी, कमला देवी, दिनेश सैनी, सुशील सैनी, निक्की सैनी, मुस्कान सैनी, अनुपम आदि शामिल रहे। श्रीमद् हनुमत भक्ति प्रचार मंडल अध्यक्ष अरुण अग्रवाल, रामप्रकाश वर्मा, मनोज रस्तोगी, सुनील चौहान, प्रीतम सैनी, संदीप भारद्वाज, नंदकिशोर रस्तोगी, सर्वेश गिरी, विजय शर्मा आदि शामिल रहे। अंत में बजरंगबली बाबा की आरती कर प्रसाद वितरित किया गया। सब ने प्रसाद ग्रहण कर धर्म लाभ उठाया।

# ट्रेन की चपेट में आकर युवक की मौत

## साथियों के साथ मजदूरी करने जा रहा था हैदराबाद



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**स्योहारा।** नगर के मोहल्ला मुस्लिम चौधरीयान निवासी एक युवक की गजरौला जंक्शन पर ट्रेन की चपेट में आने से दर्दनाक मौत हो गई। इस हृदय विदारक घटना की खबर जैसे ही नगर में पहुंची शोक की लहर दौड़ गई और मृतक के घर में कोहराम मच गया।

प्राप्त जानकारी के अनुसार मोहल्ला मुस्लिम चौधरीयान निवासी जीशान (20 वर्ष) पुत्र शमशाद अहमद मेहनत मजदूरी के लिए अपने कुछ साथियों के साथ हैदराबाद जा रहा था। सभी युवक मजदूरी के सिलसिले में घर से ट्रेन द्वारा रवाना हुए थे। बताया जा रहा है कि जब उनकी ट्रेन गजरौला जंक्शन पर कुछ देर के लिए रुकी तो जीशान समेत सभी साथी ट्रेन से नीचे उतर गए। इसी दौरान अचानक तेज गति से दूसरी ट्रेन प्लेटफॉर्म से गुजरी, जिसकी चपेट में आकर जीशान गंभीर रूप से घायल हो गया और मौके पर ही उसकी मौत हो गई। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार जीशान के अन्य साथी समय रहते रेलवे ट्रैक से हट गए थे, जिससे वे बाल-बाल बच गए लेकिन जीशान ट्रेन की चपेट में आ गया।

इस हादसे की सूचना मिलने पर रेलवे व स्थानीय पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा। बताया गया कि जीशान का पोस्टमार्टम होने के बाद उसका पार्थिव शरीर रविवार को स्योहारा स्थित उसके घर लाया गया जहां नमाज-ए-असर के बाद स्थानीय कब्रिस्तान में सुपुर्द-ए-खाक किया गया। मृतक जीशान के पड़ोसियों और परिचितों का कहना है वह एक मिलनसार और हंसमुख युवक था। वह अपने परिवार की आर्थिक स्थिति को सुधारने के लिए कड़ी मेहनत करता था और बहुत कम उम्र में ही परिवार के भरण पोषण की जिम्मेदारी संभाल रहा था। जीशान की अचानक हुई मौत से उसके परिवार के सभी सदस्य सदमे में हैं।

जीशान के जनाजे में शरीक होने वाले लोगों में कांग्रेस नगर अध्यक्ष खालिक चौधरी, पूर्व विधायक हाजी नईमुलहसन, मोहम्मद हाजी इलियास चौधरी, आमिर चौधरी, गौहर चौधरी, वरिष्ठ कांग्रेसी नेता चौधरी फहीमुर्रहमान पूर्व पालिका अध्यक्ष अखतर जलील अंसारी, इंडियन बेकरी वाले आरिफ गांधी, डा, असजद चौधरी, आदिल चौधरी, नजीबुलहसन, डा. कफील चौधरी, डा. रिसातुल्ला व अन्य मोहल्ले वासी मौजूद रहे।

# श्री राम सर्वोदय हॉस्पिटल के चिकित्सा शिविर में 145 मरीजों का परीक्षण



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धामपुर।** श्री राम सर्वोदय हॉस्पिटल, पीपलसाना के सौजन्य से गुरुवार को ग्राम मिलक जहांगीराबाद में एक नि:शुल्क चिकित्सा परामर्श शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में अनुभवी चिकित्सकों की टीम ने 145 मरीजों का परीक्षण कर नि:शुल्क उपचार एवं दवाएं प्रदान कीं।

शिविर में ब्लड प्रेशर, हीमोग्लोबिन, शुगर व नेत्र जांच जैसी स्वास्थ्य सेवाएं पूरी तरह निशुल्क प्रदान की गईं। इलाज के साथ-साथ मरीजों को जरूरी दवाइयां भी मुफ्त दी गईं। इस अवसर पर डॉ. अनुराग शर्मा, डॉ. गौहर फैयाज, डॉ. वसीम सहित चिकित्सकों की टीम ने प्रमुख भूमिका निभाई। अस्पताल स्टाफ में एम.एम. गिल, अंकुर कौशिक, कुलदीप कुमार, ओमप्रकाश, वर्षा चौहान व निशु रानी का विशेष योगदान रहा।

शिविर में श्री राम सर्वोदय हॉस्पिटल पीपलसाना के चेयरमैन डॉ. एन.पी. सिंह स्वयं उपस्थित रहे और व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होंने ग्रामीणों से नियमित स्वास्थ्य जांच कराने व स्वस्थ जीवनशैली अपनाने की अपील की।

# लगातार मूसलाधार बारिश से कच्चे मकानों में रह रहे परिवारों को खतरा

## पीएम आवास योजना से वंचित परिवार दहशत के साए में




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**स्योहारा।** नगर और आसपास के क्षेत्रों में लगातार हो रही मूसलाधार बारिश जहां मौसम को सुहावना बना रही है। वहीं दूसरी ओर यह गरीब और कच्चे मकानों में रहने वाले परिवारों के लिए मुसीबत बनती जा रही है।

नगर पालिका प्रशासन की ओर से कुछ मामलों में सतर्कता दिखाते हुए जर्जर मकानों में रह रहे लोगों को सुरक्षित स्थानों पर शिफ्ट भी किया गया है लेकिन अभी भी बड़ी संख्या में ऐसे परिवार हैं जो आर्थिक तंगी के चलते जर्जर मकानों में रहने को मजबूर हैं।

स्थानीय लोगों में चर्चाओं का विषय बना हुआ है कि नगर व क्षेत्र का सर्वे किया जाए तो सैकड़ों ऐसे मकान मिलेंगे जहां रहने वाले लोग हर बारिश में जान हथेली पर रखकर जीवन व्यतीत कर रहे हैं। यह स्थिति तब और विडंबनापूर्ण हो जाती है जब यह देखा जाता है कि ऐसे कई परिवार प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा चलाई जा रही प्रधानमंत्री आवास योजना से अब तक वंचित हैं। इस योजना के माध्यम से देशभर में लाखों गरीबों को पक्के मकान दिए गए हैं लेकिन स्योहारा क्षेत्र में अब भी ऐसे कई लाभार्थी हैं, जिन्होंने योजना के अंतर्गत आवेदन कर रखा है परंतु उन्हें अब तक स्वीकृति नहीं मिल पाई है।

स्थानीय लोगों का यह भी कहना है कि अक्सर जब कोई हादसा हो जाता है तब ही प्रशासन या समाज के कुछ लोग हमदर्दी दिखाते नजर आते हैं। समय रहते ठोस कदम न उठाने के कारण ही कई बार अनहोनी घटनाएं घट जाती हैं। शासन और प्रशासन केवल आपदा के बाद नहीं बल्कि उससे पहले ही सक्रियता दिखाए और प्रधानमंत्री आवास योजना के वास्तविक पात्रों को उनका हक दिलाने में तेजी लाए। सबसे बड़ा सवाल प्रधानमंत्री आवास योजना से वंचित उन लोगों का, जिन्होंने सालों पहले आवेदन किया और आज भी फाइलों में धूल फांक रहे हैं।

# रेलवे कालोनी की जर्जर दीवार गिरी

## झुग्गी-झोपड़ियों में रह रहे नौ लोग दबे, पुलिस ने रेस्क्यू कर अस्पताल भेजा




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हल्दौर।** नगर के बल्दिया मार्ग स्थित रेलवे कॉलोनी में देर रात वर्षों पुरानी रेलवे कॉलोनी की एक जर्जर दीवार अचानक भरभराकर गिर गई, जिसकी चपेट में आकर झुग्गी-झोपड़ियों में रह रहे करीब नौ लोग मलबे में दब गए। हादसे के बाद मौके पर चीख-पुकार मच गई। समीप ही रहने वाले उनके अन्य परिजनों ने मलबा हटाया और घायलों को बाहर निकाल कर अस्पताल पहुंचाया। दो गंभीर घायलों को मेरठ हायर सेंटर रेफर किया गया है।

नगर से बल्दिया मार्ग पर रेलवे कॉलोनी के पास माल्ली परिवार के लोग बीते करीब पचास वर्षों से झुग्गी-झोपड़ी में जीवन यापन कर रहे हैं। तीन दिनों से रुक- रुककर हो रही बारिश के चलते बुधवार रात करीब दस बजे रेलवे कॉलोनी की एक जर्जर दीवार भरभराकर गिर गई। उस समय परिवार के सभी सदस्य झोपड़ी के भीतर मौजूद थे। दीवार गिरने से रेशमा, कुंदन, उसकी पुत्री संजना, पुत्र सुरजीत, पप्पू, उसका पुत्र राघव, जानवी, 22 दिन की नवजात वैष्णवी तथा सावित्री आदि करीब दस लोग मलबे के नीचे दब गए। चीख-पुकार सुनकर आसपास रहने वाले उनके अन्य परिजन घटनास्थल पर दौड़े और तुरंत पुलिस को सूचना दी।

थाना प्रभारी निरीक्षक राजेश कुमार बैंसला पुलिसबल के साथ मौके पर पहुंचे और रेस्क्यू कर सभी घायलों को एंबुलेंस से जिला अस्पताल बिजनौर भेजा। चिकित्सकों ने रेशमा और कुंदन की हालत गंभीर देखते हुए उन्हें मेरठ रेफर कर दिया। पप्पू और सावित्री का उपचार जिला अस्पताल में चल रहा है, जबकि अन्य घायलों को प्राथमिक उपचार के बाद घर भेज दिया गया। हादसे के बाद झुग्गी में रह रहे अन्य परिवार भी भयभीत हैं।

# गालिब अंसारी ने की वरिष्ठ किसान नेता सुखजिंदर गोल्डी से मुलाकात



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**जलालाबाद।** युवा किसान नेता गालिब अंसारी उर्फ बिट्टू ने वरिष्ठ किसान नेता सुखजिंदर सिंह गोल्डी से शिष्टाचार मुलाकघत की।

समीपवर्ती ग्राम मुबारकपुर कल्हेड़ी निवासी युवा किसान नेता गालिब अंसारी उर्फ बिट्टू ने भारतीय किसान यूनियन अराजनैतिक की यूथ विंग के जिला अध्यक्ष सुखजिंदर सिंह गोल्डी से ग्राम पंचायत दरियापुर में स्थित उनके निवास स्थान पर शिष्टाचार मुलाकात की।

### विभिन्न समस्याओं पर हुई चर्चा

गौरतलब है कि युवा किसान नेता गालिब अंसारी उर्फ बिट्टू शिष्टाचार मुलाकघत के अंतर्गत जिलाध्यक्ष चौधरी नितिन सिरोही एवं यूथ विंग के प्रदेश अध्यक्ष चौधरी दिगंबर सिंह से भी मिल चुके हैं।

इन शिष्टाचार मुलाकातों में विभिन्न समस्याओं एवं मुद्दों पर चर्चा की गई।

## एक नजर

### अवैध हथियार के साथ दबोचा



**स्योहारा।** थाना पुलिस ने अपराधियों की धरपकड़ के लिए चलाए जा रहे अभियान के अंतर्गत एक युवक को अवैध हथियार के साथ गिरफ्तार किया है। पकड़े गए आरोपी के पास से एक तमंचा 315 बोर, एक जिंदा कारतूस और एक नाजायज चाकू बरामद हुआ है। गिरफ्तार आरोपी की पहचान विकास कुमार पुत्र प्रेम सिंह निवासी ग्राम रामपुर दुल्ली झिल्ला पेट्रोल पंप के निकट के रूप में हुई है। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर आरोपी को न्यायालय न्यायिक मजिस्ट्रेट के समक्ष पेश किया गया। इस आरोपी को गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में उ.नि. अरुण कुमार, पुलिसकर्मी भजनलाल थे। यह कार्रवाई थाना प्रभारी निरीक्षक अमित कुमार के निर्देशन में संपन्न हुई, जिन्होंने क्षेत्र में अपराधों की रोकथाम और शांति व्यवस्था बनाए रखने में निरंतर सक्रियता बना रखी है।

### वांछित अभियुक्त गिरफ्तार



**स्योहारा।** पुलिस ने वारंट के आधार पर वांछित चल रहे एक अभियुक्त को गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष पेश किया है। गिरफ्तार किया गया अभियुक्त शफीक पुत्र घसीटा निवासी ग्राम बुढैरन जिसके विरुद्ध वाद संख्या 858/2023 (मु.अ.सं. 2231/20) धारा 138 ईसी एक्ट थाना स्योहारा में पंजीकृत है। गिरफ्तारी के बाद अभियुक्त को माननीय अपर सत्र न्यायाधीश स्पेशल जज ईसी एक्ट के समक्ष प्रस्तुत किया गया। इस कार्रवाई में उपनिरीक्षक उमेश चंद एवं कांस्टेबल रचित की प्रमुख भूमिका रही।

### वन विभाग के पिंजरे पानी में डूबे



**नहटौर।** दो सप्ताह पूर्व बालिका को मौत के घाट उतारने वाले गुलदार को पकड़ने के लिए वन विभाग की ओर से लगाए गए पिंजरे पानी में डूब गए हैं। गांगन नदी का जलस्तर बढ़ने पर गांव मंडोरी में चारो ओर पानी भरा हुआ है। मंडौरी में वन विभाग की ओर से तीन पिंजरे लगाए गए थे। पिंजरे के साथ-साथ वन विभाग द्वारा ट्रैप कैमरे भी लगाए गए थे। बताया जाता है कि चार कैमरों में गुलदार की फोटो दिखाई दी थी लेकिन गुलदार पिंजरों में नहीं आए। लगातार हो रही बारिश के कारण गांगन नदी का जलस्तर बढ़ने पर गांगन का पानी मंडौरी के चारो ओर भर गया है। पिंजरे भी पानी में डूब गए हैं। दो अन्य पिंजरों को ग्रामीणों की मदद से वन विभाग के अधिकारी द्वारा बाहर निकलवाया गया है।

# सदाफल हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर को मिला एनक्यूएएस प्रमाण पत्र



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**स्योहारा।** सदाफल हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर आयुष्मान आरोग्य मंदिर को राष्ट्रीय गुणवत्ता आश्वासन मानक एनक्यूएएस का राष्ट्रीय स्तर का प्रमाणपत्र प्राप्त हुआ है। यह उपलब्धि 14 जुलाई 2025 को हुए ऑनलाइन मूल्यांकन के आधार पर दी गई।

मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. कौशलेंद्र सिंह के नेतृत्व व सीएचसी स्योहारा के अधीक्षक और प्रभारी चिकित्सा डॉ. बी.के स्नेही के मार्गदर्शन में यह केंद्र उत्कृष्ट स्वास्थ्य सेवाओं के लिए चयनित हुआ। डॉ. स्नेही ने बताया कि केंद्र को 85.18 प्रतिशत अंक प्राप्त हुए हैं और यह मुरादाबाद मंडल में प्रथम स्थान पर रहा। इस सफलता पर केंद्र को रुपए 1,26,000 का पुरस्कार भी मिलेगा, जिसे मरीजों को बेहतर सुविधाएं देने व केंद्र के विकास में खर्च किया जाएगा। इस मूल्यांकन में राष्ट्रीय गुणवत्ता, आश्वासन, मानक, एनक्यूएएस के तहत हुआ। मूल्यांकन में 12 सेवा पैकेज स्वच्छता उपकरणों की उपलब्धता मरीज संतुष्टि आदि बिंदुओं की जांच की गई।

इस सफलता में सीएचओ आकांक्षा यादव, एएनएम प्रीति चौहान, बीपीएम शालिनी बिश्नोई, नित्या राज, आरती, रेणु, संगीता, पुष्पेंद्र, सादिक, कार्तिक, भूरियार, आरिफ, रश्मि सैनी, संयोगिता, आशा संगिनी बृजवती देवी, आशा कार्यकर्ता शमीमा सहित समस्त स्वास्थ्य कर्मियों का योगदान सराहनीय रहा। ग्राम प्रधान हाजी अनीस अहमद और नोडल अधिकारी डॉ. हितेंद्र का भी सहयोग इस उपलब्धि में महत्वपूर्ण रहा। डॉ. स्नेही ने कहा कि यह सफलता ग्रामीण क्षेत्रों में गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं सुनिश्चित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है जो सरकार की मंशा के अनुरूप है।

# एडीएम ने किया तटबंध का निरीक्षण

## जलभराव वाले स्थानों पर एंटी लार्वा व फॉगिंग कराने के निर्देश



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नहटौर।** गांगन पुल के निकट तटबंध टूटने पर गुरुवार को एडीएम प्रशासन ने मौके पर पहुंच कर स्थलीय निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान सिंचाई विभाग के अधिकारियों को तटबंध को सही करने के लिए निर्देश दिए। नगर पालिका में जिन जगहों पर जल भराव है वहाँ एन्टी लार्वा व फॉगिंग करने के निर्देश दिए।

गांगन नदी का जलस्तर बढ़ने पर पुल के पास तटबंध टूटने पर नगर पालिका द्वारा तटबंध को सही करने के प्रयास के बाद भी पालिका टीम को कोई सफलता नहीं मिली। नगर में पानी रोकने के लिए नहटौर धामपुर मार्ग पर पुलिया के निकट सड़क के पास से पानी को नदी में जाने के लिए नाले के माध्यम से डायवर्ट किया। इस व्यवस्था से गांगन नदी के आसपास कई मोहल्ले में पानी जाने से रुका। गुरुवार को एडीएम प्रशासन विनय कुमार अपने काफिले के साथ नहटौर धामपुर मार्ग पर गांगन नदी के निकट तटबंध पर पहुंचकर टूटे हुए तटबंध का स्थलीय निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान सिंचाई विभाग के एसडीओ पुनीत कुमार चौधरी को जनमानस की सुरक्षा के लिए तटबंध पर मिट्टी से तटबंध को बंद करने के तत्काल दिशा निर्देश दिए तथा पालिका को सिंचाई विभाग को मिट्टी उपलब्ध कराने के निर्देश दिए है। अधिशासी अधिकारी ओम गिरी को नगर में जिन स्थानों पर जल भराव गंदगी है। उसे स्थान को सफाई कराकर एंटी लार्वा का छिड़काव कराने के निर्देश दिए। एसडीओ सिंचाई विभाग पुनीत कुमार चौधरी ने बताया कि मिट्टी डालने का कार्य प्रारंभ कर दिया गया है। देर रात तक तटबंध को बंद करने का प्रयास किया जायगा। जेसीबी डंपर व ट्रैक्टर ट्राली के माध्यम से कार्यों को पूर्ण किया जाएगा। इस मौके पर अधिशासी अधिकारी ओम गिरी ने बताया कि नगर में जिन स्थानों पर जल भराव गंदगी है। उन स्थानों को चिन्हित किया जा रहा है। चिन्हित का कार्य पूर्ण होने के बाद एंटी लार्वा का छिड़काव कराया जाएगा व सफाई का कार्य भी किया जाएगा इस मौके पर सिंचाई विभाग के जेई नासिर हुसैन, चेयरपर्सन पति जैद रशीद, लेखपाल ब्रह्म सिंह रवि, कैलाश आदि पालिका कर्मी मौजूद रहे।

# हिंदू विरासत को विवादित बनाने के कुत्सित प्रयासों को किया जाएगा ध्वस्त

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

○सपा-कांग्रेस व स्थानीय नेताओं पर तीखे प्रहार कर हिंदुत्व को दी धार

**सम्भल।** जिले में परियोजनाओं का लोकर्पण व शिलान्यास करने पहुंचे मुख्यमत्री योगी आदित्यनाथ का भाषण विकास के साथ हिंदू आस्था और सपा कांग्रेस के साथ स्थानीय नेताओं पर केन्द्रीत रहा। अपने पूरे समय मे दिया गया भाषण से हिंदुत्व को धार दी।

गुरूवार को बहजोई में जिला मुख्यालय और अन्य परियोजनाओं का लोकार्पण करने पहुंचे मुंख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने जहां विकास के कसीदे पढ़े वहीं विरोधियो पर भी तीखे प्रहार करने का मौका नहीं छोड़ा। उन्होने सम्भल को हिंदू आस्था का प्रतीक बताते हुए विदेशी आक्रांताओं, कांग्रेस और सपा को निशाने पर लिया। उन्होने कहा कि विदेशी बर्बर आक्रांताओं ने हमारे तीर्थों को अपवित्र और नष्ट किया। सम्भल में कभी 68 तीर्थ, 19 पावन कूप और परिक्रमा मार्ग थे, लेकिन विदेशी बर्बर आक्रांताओं ने हमारे तीर्थों को अपवित्र और नष्ट करने का कार्य किया। सभी कूपों और तीर्थों पर कब्जे हो गए 24 और 84 कोसीय परिक्रमा मार्ग को बाधित किया गया। उन्होने चेतावनी भरे लहजे में कहा कि एक सत्य को छिपाने का कुत्सित प्रयास किया गया। इस अन्याय को 'कुत्सित चेष्टा' बताते हुए कहा कि उनकी सरकार अब इन 68 तीर्थों और 19 कूपों के पुनरूद्धार की जिम्मेदारी उठाएगी। लोकमाता अहिल्याबाई होल्कर का उदाहरण देते हुए कहा कि जैसे उन्होंने काशी विश्वनाथ पुनरूद्धार किया, वैसे ही सम्भल के तीर्थों को भी नया जीवन दिया जाएगा। उन्होने कहा कि विकास तभी सार्थक होता है, जब वह विरासत के साथ जुड़ता है ये विरासत का संरक्षण भी है। वर्तमान एवं भविष्य के सुनहरे सपने को उड़ान देने का अभियान है। साथ ही चेतावनी देने नहीं छोड़ी दी कि सम्भल के साथ पाप करने वालों को कड़ी सजा मिलेगी।साथ ही कहा कि सम्भल को दंगा ग्रस्त बनाते थे, उन्हें इसकी कीमत चुकानी पड़ेगी।उन्होने कहा कि सम्भल स्थान हरि (विष्णु) और हर (शिव) दोनों का सामूहिक दर्शन स्थल है। यहां भगवान विष्णु के 10वें अवतार कल्कि अवतरित होंगे. श्रीमद्भागवत महापुराण, स्कंद पुराण और विष्णु पुराण में संभल की चर्चा है और यह कलियुग में भगवान कल्कि के अवतार का केंद्र होगा। कुछ लोगों को ये विवादित विषय लगता होगा, क्योंकि जिनकी पृष्ठभूमि ही विवादित है, उन्हें हिंदू परंपरा में विवाद नजर आता है. लेकिन ये विवाद का विषय नहीं हो सकता, जो हिंदू विरासत को विवादित बनाने की कोशिश करते हैं उनके कुत्सित प्रयासों को ध्वस्त किया जाएगा.



सम्भल- मुख्यमंत्री योगी को गदा देते पूर्व लोकसभा प्रत्याशी परमेश्वर लाल सैनी।

# हिंदुत्व के पैरोकार की मंच से बनी रही दूरी

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सम्भल।** जनपद ही नहीं बल्कि प्रदेश भर में हिंदूत्व की आवाज को बुलंद करते रहने वाले भाजपा के क्षेत्रीय उपाध्यक्ष मंच पर दूर-दूर तक नजर नहीं आए। जबकि जब-जब सरकार का कोई मंत्री अथवा मुख्यमंत्री का आगमन हुआ है तो उन्हे अगली पंक्ति में स्थान दिया जाता रहा है।

देश और प्रदेश में भाजपा के सत्ता से दूर रहते भाजपा और हिंदुत्व के मामले में राजेश सिंहल हमेशा अग्रणी रहे है। जब-जब भी हिंदुत्व को लेकर कोई मामला सामने आया है वह सबसे आगे रहकर एक सतम्भी की तरह खड़े रहकर उनकी सशक्त पैरोकारी करते नजर आए है। इसीलिए उनकी पहचान एक हिंदुत्ववादी नेता की मानी जाती है। भाजपा पर अपना सर्ववस्व न्यौछावर करने वाले राजेश सिंहल को पार्टी हाईकमान ने जिलाध्यक्ष के बाद उन्हे क्षेत्रीय उपाध्यक्ष का पद देकर उनके कदम को और ऊंचा किया था। इसी के साथ जब-जब भी जिले में जब भी मुख्यमंत्री का दौरा रहा हो अथवा पार्टी के उच्च स्तर के किसी नेता की जनसभा राजेश सिंहल को मंच पर पहले स्थान दिया जाता था लेकिन गुरूवार को जिले का भ्रमण और परियोजनाओं का लोकार्पण करने पहुंच मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की जनसभा के दौरान वह मंच पर नजर नहीं आये। हालांकि उनके भाई को लेकर उठे विवाद के बाद उन्हे मंच पर स्थान मिलेगा या नहीं इसे लेकर हर किसी की नजर मंच पर लगी थी, लेकिन हुआ भी वही हिंदुत्व के पैरोकार और भाजपा की अलग जगाए रखने वाले क्षेत्रीय उपाध्यक्ष राजेश सिंहल दूर-दूर तक मंच अथवा उसके आसपास भी दिखायी नहीं दिए। अब ऐंसा क्यों किया गया यह तो पता नहीं लगाया जा सका। ऐंसा भी नहीं है कि वह कार्यक्रम में नहीं पहुंचे हों अपने दर्जनों सर्मथकों के साथ पूरे समय मौजूद रहने के बाद भी उन्हे नहीं पुकारा गया न ही मंच पर स्थान देने के लिए बुलाया गया। जबकि अन्य चेहरे जो बाहरी है उन्हे मंच पर मुख्यमंत्री के बैठने वाली पंक्ति में पूरा स्थान दिया गया। बहरहाल राजेश सिंहल के मंच से दूर रखने को लेकर चर्चाओं का बाज़ार गर्म है।

# परिक्रमा या फिर हवाई सर्वेक्षण

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

○जामा मस्जिद क्षेत्र में लगाए तीन राउंड

**सम्भल।** शाही जामा मस्जिद को लेकर किए गए दावे और वकील कमिश्नर के दूसरी बार मौका मुआयना करने के दौरान भड़की हिंसा के बाद से सम्भल किसी न किसी बात को लेकर सुर्खियो में बना हुआ है। जबकि धार्मिक दृष्टि से इसका महत्व अधिक माना जाता है। हिंसा के करीब आठ माह बाद पहुंचे मुख्यमंत्री के हैलाकॉटर ने सम्भल स्थित आसमान पर तीन चक्कर लगाए। काफी नीचे हैलीकॉप्टर को देख लोग इसे धार्मिक स्थल का सर्वे अथवा परिक्रमा करना मान रहे हैं।

गुरूवार को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ बहजोई जाने से पूर्व सम्भल के आसमान पर तीन चक्कर काटे। उनका हैलीकॉप्टर जामा मस्जिद क्षेत्र की ओर उड़ता दिखायी दिया। तीन चक्कर वह भी विशेष हवाई क्षेत्र में लगाना केवल हवाई सर्वेक्षण रहा अथवा चर्चित धार्मिक स्थल (जामा मस्जिद) का सर्वे इसे पुख्ता तो नहीं माना जा सकता लेकिन जिस तरह से काफी नीचे उड़ रहा हैलाकॉप्टर ने तीन राउंड लिए उसे कोई धार्मिक व पौराणिक नगरी की परिक्रमा के साथ हवाइ सर्वेक्षण और धर्म स्थल का सर्वे करने की अधिकांश चर्चायें की जा रही है। हालांकि इसकी कोई अधिकारिक पुष्टी भी नहीं की जा रही है लेकिन माना जा रहा है कि 24 नवम्बर को सम्भल में जामा मस्जिद का दूसरी बार वकील कमिश्नर के मौका मुआयने पर भड़की हिंसा के आठ माह बाद पहली बार सम्भल पहुंचने पर सीएम का उस क्षेत्र में हवाई सर्वे किया जाना माना जा रहा है।

# नाम बदलने की मांग पर सीएम रहे चुप

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सम्भल।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के आगमन पर हुई जनसभा में माध्यमिक शिक्षामंत्री गुलाब देवी ने अपने भाषण में सम्भल की धार्मिक व पौराणिक स्थिति का वर्णन किया जबकि अधिकारियों की सुरक्षा के लिए जिला मुख्यालय की स्थापना चन्दौसी तहसील क्षेत्र में करने पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की प्रशंसा की। इसी के साथ उन्होने सम्भल के धार्मिक महत्व और पूर्व में सम्भल के विभिन्न नामों की जानकारी देने के साथ मुख्यमंत्री से इसका नाम बदलने की पैरवी/मांग की। हालांकि अपने भाषण के दौरान सीएम ने भी वेद पुराणों में सम्भल के नामों का जिक्र किया मगर नाम बदलने की मांग का न कोई सर्मथन किया और न ही कोई चुप रहे।

# सपा जिलाध्यक्ष को गांव में ही रोका

**शाह टाइम्स,ब्यूरो**

**सम्भल।** मुख्यमंत्री को ज्ञापन देने जाने की भनक लगने पर पुलिस-प्रशासनिक अफसरों में हड़कम्प मच गया। आनन-फानन में गांव पहुंचे पुलिस प्रशासनिक अफसरों ने सपा जिलाध्यक्ष को रोक लिया और गांव में ही ज्ञापन लिया।

गुरूवार को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के आगमन पर सपा जिलाध्यक्ष असगर अली अंसारी अपने गांव बराही से ज्ञापन देने जा रहे थे। इसकी भनक पुलिस-प्रशासन को लग गई। आनन-फानन में पुलिस व प्रशासनिक अधिकारी गांव पहुंच गए ओर जिलाध्यक्ष को रोक लिया। पुलिस ने सपा जिलाध्यक्ष को आगे जाने नहीं दिया बल्कि उनका ज्ञापन लेकर उनसे ज्ञापन लेकर घर को वापस भेज दिया। सपा जिलाध्यक्ष ने उन्हे जबरन रोकने और उनकी मांगो को सीएम तक पहुंचाने नहीं देने के आरोप लगाये।



# माध्यमिक शिक्षा मंत्री गुलाब देवी का किया कद ऊंचा

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सम्भल।** जिले में परियोजनाओं का लोकार्पण करने पहुंचे मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने उनकी सरकार में माध्यमिक शिक्षामंत्री गुलाब देवी का कद और ऊंचा किया। अपने भाषण में उन्होने गुलाब देवी का नाम लेकर कहा कि उनके मंत्रीमंडल की सहयोगी मंत्री गुलाब देवी बार-बार कहती थीं कि जिला मुख्यालय-जिला मुख्यालय उनकी इस बार-बार की जाने वाली मांग को पंख लग गए और हमने बहजोई में जिलाधिकारी कार्यालय व एकीकृत भवन बनाकर पूरा कर दिया कहकर उनके कद को और ऊंचा कर दिया। सीएम के गुलाब देवी सीएम के इन शब्दों को सुनकर न केवल गुलाब देवी मन ही मन मुस्कुराई बल्कि उनके विस क्षेत्र की जनता भी गदगद हो उठी।

# मुख्यमंत्री को तोहफे भेंट कर किया गया स्वागत

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सम्भल।** परियोजनाओं का लोकार्पण करने आए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के मंच पर पहुंचने के बाद उनका स्वागत व सत्कार किया गया। इनमें पूर्व लोकसभा प्रत्याशी परमेश्वर लाल सैनी ने गदा भेंट की जबकि जिलाध्यक्ष हरेन्द्र सिंह रिंकू ने उन्हे गाय का स्मृति चिन्ह भेंट किया जबकि भगवान कल्कि की प्रतिमा देकर उनका स्वागत किया गया। इसके साथ शिक्षामंत्री गुलाब देवी की और से भी स्मृति चिन्हे देकर मुख्यमंत्री का स्वागत किया गया।

## एक नज़र इधर भी



बबराला-सपा के विधानसभा अध्यक्ष को सीएम की जनसभा में जाने से रोककर ज्ञापन लेते।

### ज्ञापन देने पहुंचे सपा विस अध्यक्ष से हुई नोक-झोंक

**बबराला (शाह टाइम्स,संवाददाता)।** मुख्यमंत्री के सभा स्थल पर गुन्नौर के विधानसभा अध्यक्ष अमित यादव जनसमस्याओं को लेकर पहुंचे। पुलिस के रोकने से उनकी नोकझोंक हुई।

गुरुवार को अमित यादव अपनें साथ दर्जनों सपा कार्यकर्ताओं को लेकर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को गुन्नौर विधानसभा की समस्याओं को लेकर जा रहे थे। कई बैरिकेडिंग को पार कर बाहर सभा स्थल पर पहुँच गए। जहां पुलिस के अधिकारियों में हड़कंप मच गया पुलिस के आला अधिकारियों नें उन्हें रोक लिया। पुलिस और कार्यकर्ताओं के बीच काफी खींचतान व कहासुनी हुई। सभी कार्यकर्ता मुख्यमंत्री से मिलने की जिद करने लगे। जिसके बाद एसपी स्तर के अधिकारियों नें मजिस्ट्रेट निधि को विधानसभा अधयक्ष का ज्ञापन दिलवाया। सपा कार्यकर्ताओं में शरद यादव लल्लन यादव, संजय यादव, लालू यादव, सत्यप्रकाश यादव शमीम अहमद, राजा यादव वीर सिंह यादव, अंकुश गुप्ता राजिद अली रविंद्र यादव शिवम यादव नीरज यादव सामोद यादव सोनपाल यादव शशिकांत वार्ष्णेय सहित दर्जनों कार्यकर्ता मौजूद रहे।



सम्भल-आंगनबाड़ी का गलत चयन की शिकायत करने से रोकने पर रोती महिला।

### रोती रही महिला, पुलिस ने नहीं दिया मिलने

**सम्भल (शाह टाइम्स,ब्यूरो)।** आगंनबाड़ी कार्यकत्री के चयन में धांधली और दो लाख रूपये मांगने के आरोप लगाकर मुख्यमंत्री तक पहुंचने का प्रयास करने वाली महिला को पुलिस ने आगे बढ़ने नहीं दिया। महिला रोती रही लेकिन प्रार्थना पत्र देने पहुंची महिला के कदम सीएम के मंच तक बढ़ने नहीं दिए गए। सम्भल विकास खंड क्षेत्र में आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों की भर्ती की गयी थी। तहसील क्षेत्र के ग्राम नाहरठेर निवासी महिला पूनम सैनी ने भी अपना आवेदन किया था। आरोप है कि उसकी आय प्रमाण पत्र नवीन बना था जबकि जिसका चयन किया गया उसका प्रमाण पत्र तीन साल पुराना होने के बाद भी उसका चयन कर लिया गया। महिला ने चींख-चींखकर डीपीओ पर दो लाख रूपये रिश्वत मांगने और न देने पर उसका चयन नहीं करने का आरोप लगाया। इसी शिकायत को लेकर वह मुख्यमंत्री को अपना आवेदन देना चाहती थी लेकिन सभा स्थल के द्वार पर लगे पुलिस कर्मियों ने उसका आवेदन ले लिया। महिला बिन आवेदन अंदर नहीं गयी और चींख-चींखकर उसे जबरन रोकने का आरोप लगाती रही। यह देखकर वहां काफी भीड़ लग गयी थी।



सम्भल-सपा के पूर्व जिलाध्यक्ष से ज्ञापन लेते सहायक एसपी/सीओ।

### पूर्व जिलाध्यक्ष को किया नजरबंद

**सम्भल (शाह टाइम्स,ब्यूरो)।** बहजोई स्थित शरीफ नगर में जिला मुख्यालय और पुलिस लाइन का लोकापण करने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के आगमन पर समाजवादी पार्टी के पूर्व जिलाध्यक्ष व प्रान्तीय कार्यकारिणी सदस्य फिरोज खां अपने सर्मथकों व कार्यकर्ताओं के साथ ज्ञापन देने जा रहे थे। इसकी सूचना मिलते ही पुलिस तत्काल हरकत में आ गयी। ज्ञापन देने और कार्यक्रम मे जाने की योजना की जानकारी मिलते ही पुलिस-प्रशासनिक अधिकारी भी अर्लट हो गए। तत्काल पुलिस ने अपना डेरा डाल दिया और उन्हे आगे बढ़ने से रोक दिया। सपा के पूर्व जिलाध्यक्ष फिरोज खां ने कहा कि किसी तरह वह अपने कार्यालय पक्का बाग पहुंचे और कार्यकर्ताओं के साथ बहजोई जाने को तैयार हुए थे। इसकी भनक लगने पर भारी पुलिस फोर्स जा पहुंचा। सीओ आलोक कुमार भाटी ने सपा नेताओ से बातचीत की और ज्ञापन लेकर शांत किया। ज्ञापन मे जिला मुख्यालय 05 किलो मीटर की परिधि मे बनाने, सरकारी स्कूलों को बंद न करने आदि मांग की गई।

## एक नज़र इधर भी

### सात के खिलाफ बिजली चोरी की रिपोर्ट दर्ज

**शाह टाइम्स,संवाददाता**

**बबराला।** बिजली चोरी करने के मामलों में 7 ग्रामीणों के विरुद्व बिजली विभाग ने अभियोग पंजीकृत कराए हैं। विधुत विभाग सुबह से ही गांवों में विजिलेंस टीम के साथ छापेमारी कर रहे थे।

बबराला नोडल अधिकारी दिनेश कुमार ने बताया कि सुबह से ही विद्युत विभाग एवं विजिलेंस की टीम गांव बाघऊ की मढैया और मीरमपुर घेर में बिजली की चेकिंग कर रही थी। जिसमें बाघऊ की मढैया में चार ग्रामीणों और मीरमपुर घेर में तीन ग्रामीणों के विरुद्व बिजली चोरी की धाराओं में प्राथमिकी दर्ज कराई गई है। इस दौरान विजिलेंस टीम के एस आई संजीव बालियान , जेई विजिलेंस विधुत विकास गुप्ता, जेई सुनील कुमार एवं नोडल अधाकारी बबराला दिनेश कुमार के अलावा विभागीय लोग साथ रहे। विद्युत विभाग एवं विजिलेंस टीम की इस कार्रवाई से बिजली चोरी करने वाले ग्रामीणों में खलबली मची हुई है।

### वृक्ष लगाकर संरक्षण का लिया संकल्प

**बबराला (शाह टाइम्स,संवाददाता)।** नगर में राष्ट्र सेविका समिति की बहनों द्वारा वृक्षारोपण वृक्ष संरक्षण का संकल्प लिया गया।

प्रान्त सह बौद्विक प्रमुख सुधाा गौतम ने कहा कि वृक्ष हमारे प्राण हैं। इनसे हमें फल फूल, आक्सीजन, छाया व लकड़ी मिलती है। सभी पौध ों को लगायें। जिससे पर्यावरण शुद्व रहे। इस दौरान प्रान्त सह बौद्विक प्रमुख सुधा गौतम ,नगर कार्यवाहिका कविता वार्ष्णेय, शशि प्रभा, कृष्ण शर्मा, अंजू गुप्ता, पूजा गुप्ता, रश्मि यादव, सुरभि गुप्ता,शिल्पी शर्मा, शिवानी शर्मा, सुधाा वर्मा, पूर्णिमा, स्नेहा,भूमिका,अनुष्का उपस्थित रहीं।

### निर्धारित रेट से अधिक बेचा जा रहा यूरिया

**सम्भल (शाह टाइम्स,ब्यूरो)।** जिले में गुन्नौर तहसील के ब्लाक जुनावई बाजार में यूरिया की कीमतों में मनमानी सामने आई है। धान और गन्ने की फसल में यूरिया की बढ़ती मांग का फायदा उठाकर दुकानदार अवैध तरीके से बिक्री कर रहे हैं। जुनावई बाजार स्थित खाद बीज भंडार पर यूरिया की बिक्री दर से अधिक कीमत पर हो रही है। सरकार ने यूरिया का मूल्य 266.50 रुपए प्रति बोरी तय किया है। लेकिन यह दुकानदार किसानों से 350 प्रतिबोरी वसूल रहा है। इस तरह प्रतिबोरी 84 रुपए का अतिरिक्त शुल्क लिया जा रहा है। इस समय धान की फसल का सीजन चल रहा है। बारिश के कारण गन्ने की फसल में भी यूरिया की मांग बढ़ गई । किसानों की मजबूरी का फायदा उठाकर दुकानदार अवैध मुनाफा कमा रहा है। एक किसान ने चुपके से खाद बीज भंडार की दुकान पर वीडियो बना लिया। उसमें साफ-साफ सुनाई दे रहा है और दुकानदार का चेहरा भी दिख रहा है। उसमें दुकानदार कहता नजर आ रहा है कि अगर दवाई साथ में लोगे तो यूरिया की बोरी 300 रुपए की मिलेगी और अगर दवाई नहीं लोगे तो 350 रुपए की मिलेगी। यह कृषि कानून का उल्लंघन है।

### बबराला को थाने की सौगात मिलते ही हवन के साथ संचालन हुआ शुरू

**शाह टाइम्स,संवाददाता**

**बबराला।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गुरुवार को शिलापट अनावरण के साथ नगर में नवस्थापित बबराला पुलिस थाने का औपचारिक उद्घाटन किया। उद्घाटन के साथ ही थाने में प्रशासनिक प्रक्रिया की शुरुआत हो गई। सुबह ठीक 11.11 बजे जैसे ही मुख्यमंत्री ने थाने का अनावरण किया, शासनादेश के अनुपालन में बबराला थाने ने अपना कार्य विधिवत रूप से करना शुरू कर दिया है। इसके स्थापित होते ही इसके तुरंत बाद थाना प्रभारी रोशन सिंह की आमद जीडी में दर्ज की गई। अब थाने में पुलिसकर्मियों की उपस्थिति, शिकायतें, एफआईआर पंजीकरण और गश्त जैसी कार्यवाहियां नियमित रूप से संचालित की जाएंगी। विधिवत हवन-पूजन कर थाने का शुभारंभ किया गया। थाने के उद्घाटन की सूचना मिलते ही नगरवासियों में उत्साह की लहर दौड़ गई। बड़ी संख्या में लोग, व्यापारी और सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधि मौके पर पहुंचे और एक-दूसरे को बधाई दी। नवसृजित बबराला थाना क्षेत्र में अब कोतवाली गुन्नौर और थाना रजपुरा से हटाकर कुल 30 से अधिक गांव शामिल किए गए हैं, जिनमें बबराला नगर, कैल, फरीदपुर, नूरपुर, हीरापुर, मेहुआ हसनगंज, पंवारी, कहरोला पटटी गर्वी आदि मुख्य हैं।

# टिपलर से हादसे में एक की मौत

**शाह टाइम्स,संवाददाता**

**असमोली।** थाना असमोली क्षेत्रान्तर्गत ग्राम दबोई में एक दर्दनाक हादसे में एक युवक की मौत हो गई।

जानकारी के अनुसार, 25 वर्षीय शाहिद पुत्र वदलू निवासी दबोई ट्रैक्टर से ईंटें ढो रहा था। गांव की ईदगाह के पास ट्रैक्टर के टिपलर की पिन टूट गई, जिससे ट्रैक्टर अनियंत्रित होकर पलट गया। हादसे में शाहिद गंभीर रूप से घायल हो गया। परिजन उसे तुरंत मुरादाबाद अस्पताल ले जा रहे थे, लेकिन रास्ते में ही उसकी मौत हो गई। बताया जा रहा है कि शाहिद की शादी को मात्र दो साल हुए थे और उसकी एक बेटी है, जिसकी उम्र लगभग एक वर्ष है। शाहिद की अचानक मौत से परिवार में कोहराम मच गया है और गांव में शोक की लहर दौड़ गई है।



असमोली-ग्राम दबोई में ईंटो पर चढ़ा टिपलर।

# घर के कमरे में रखे संदूक से जेवरात चोरी

**शाह टाइम्स,संवाददाता**

**बबराला।** घर के कमरे में रखे सन्दूक का ताला तोड़कर चोर जेवर व रुपये निकाल ले गया। पीड़ित ने कोतवाली गुन्नौर में घटना की तहरीर दी है। गुरुवार को कल्यान पुत्र रोशनसिंह निवासी ग्राम गढ़िया थाना गुन्नौर ने तहरीर में कहा है घटना बीती रात समय लगभग मध्यरात्रि की हैावह अपने घेर पर पशुओ पास सो रहा था तथा प्रार्थी के घर परिवार के लोग आंगन में सो रहे थे इसी बीच रात्रि के समय कोई अज्ञात चोर घर में घुस आया और कमरे में रखे बड़े सन्दूक का ताला तोड़कर उसमें रखे सोने चाँदी के जेवरात चोरी कर लिए।

# मुख्यालय की स्थापना के साथ खींचतान पर लगा विराम

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

○बसपा सरकार में किया गया था सृजन सपा में भी नहीं लिया गया निर्णय

**सम्भल।** पुलिस लाईन व जिला मुख्यालय तथा परियोजनाओं के शिलान्यास ,वं लोकपर्ण कार्यक्रम मे आए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अब तक हो रही जिला मुख्यालय स्थापना को लेकर चर्चाओं पर विराम लगा दिया है। जिस जिला मुख्यालय ओर जिले बसपा के बाद समाजवादी पार्टी के कार्यकाल में चली खींचतान पर भाजपा सरकार के मुख्यमंत्री ने पूरी तरह से विराम लगा दिया। जबकि बसपा सुप्रीमों मायावती ने वर्ष 2011 मे जिले का सृजन कर मुख्यालय के निर्माण केन्द्र बिन्दू तय किया था। उसको सपा सरकार मे भी खत्म नहीं किया गया। बहजोई मे जिला मुख्यालय अस्थाई रूप से संचालित होता रहा। कभी सम्भल तो कभी चन्दौसी मे बनाये की इसकी स्थापना होने की कवायद और खींचतान चलती रही। लेकिन नवीन पुलिस लाईन और जिला मुख्यालय का अब रास्ता साफ हो गया हैं। टिकटा रोड पर नई पुलिस लाईन का निर्माण हो रहा है और यहीं मुख्यालय बनेगा साथ ही साथ तमाम कार्यालयों का संचालन भी एक ही छत के नीचे से संचालित होंगे। इसका भूमि भूमि पूजन के बाद मुख्यमंत्री ने मंच से घोषणा की। नवीन पुलिस लाईन और जिला मुख्यालय व कार्यालयों तथा कार्यो का मॉडल भी सीएम ने देखा और जानकारी की।

# रक्षाबंधन पर ही रहेगा भद्रा का साया: शास्त्री

**शाह टाइम्स ब्यूरो**



**सम्भल।** प्रत्येक वर्ष श्रावण मास की पूर्णिमा पर रक्षाबंधन पर्व मनाया जाता है। इस बार शनिवार 9 अगस्त को रक्षाबंधा हैं। इस वर्ष श्रावण मास की पूर्णिमा तिथि 8 अगस्त को दोपहर 2:12 बजे से शुरू होगी और तिथि का समापन 9 अगस्त दोपहर 1रू21 बजे पर होगा। ज्योतिषानुसार इस वर्ष सावन मास की पूर्णिमा तिथि पर भद्रा सूर्योदय से पहले समाप्त हो जाएगी और सूर्योदय 5:47 बजे पर होगा।इसलिए इस वर्ष रक्षाबंधान के त्योहार पर भद्रा का साया नहीं रहेगा। सनातन धर्म में रक्षाबंधन का पर्व अपने कर्तव्यों का पर्व है। शास्त्रें के अनुसार सर्वप्रथम माता लक्ष्मी ने राजा बलि को राखी बांधी थी, उसी समय से यह रक्षाबंधन पर्व धूमधाम से मनाया जाने लगा। इस बार 9 अगस्त को रक्षाबंधन है। इस वर्ष भद्रा का साया भी इस पावन पर्व पर नहीं रहेगा। 9 अगस्त को सर्वार्थ सि) योग का शुभ लाभ भाई - बहनों को मिलेगा। यह सुबह 5रू 47 बजे से दोपहर 2रू22 बजे तक रहेगा। जिसमें रक्षाबंधन का पर्व मनाने वाले भाई-बहनों को सुख-समृद्धि जैसे प्रभाव प्राप्त होंगे।

# सपा सांसद ने हाईकोर्ट में दाखिल की याचिका

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

○पुलिस ने हिंसा के दाखिल की थी चार्जशीट

**सम्भल।** सपा सांसद जियाउर्रहमान बर्क ने इलाहाबाद हाईकोर्ट में याचिका दाखिल कर दी है। याचिका शाही जामा मस्जिद के दूसरी बार वकील कमिश्नर के मौका मुआयना के दौरान 24 नवंबर 2024 को हिंसा के मामले में नामजद करने और चार्जशीट दाखिल करने के विरूद्व है। जबकि चंदौसी एमपी-एमएलए कोर्ट से सपा सांसद सहित चार लोगों को सम्मन जारी किया गया है। तीन लोगों के खिलाफ जमानतीय वारंट और और 15 लोगों के विरुद्ध गैर-जमानती वारंट जारी हुआ है। सांसद ने 18 जून 2025 को कोर्ट में दाखिल की गई चार्जशीट को 5 अगस्त को चुनौती दी है। उन्होंने लंबित मुकदमे की संपूर्ण कार्रवाई को रद्द करने की मांग की है। याचिका में राज्य सरकार और एसआई दीपक राठी को प्रतिवादी बनाया गया है। सांसद के अधिवक्ता ?रीद अहमद ने बताया कि याचिका में कहा गया है कि पुलिस ने विवेचना के दौरान कुछ लोगों के नाम निकाल दिए हैं। जिस दिन हिंसा भड़की, सांसद सम्भल में मौजूद नहीं थे। उनकी मस्जिद सदर से कोई बात नहीं हुई थी। हालांकि एसआईटी की टीम ने उनसे पूछताछ भी की थी जबकि सांसद पहले अपनी गिरफ्तारी पर हाईकोर्ट से स्टे भी ले चुके थे। पुलिस की चार्जशीट दायर होने पर याचिका दाखिल की गई है।

# गांव में ही रोक दिए गए भाकियू कार्यकर्ता

**शाह टाइम्स,ब्यूरो**

**सम्भल।** भारतीय किसान यूनियन बी आर एस एस भारत राष्ट्रीय सेवक संघ के कार्यकर्ताओं द्वारा मुख्यमंत्री को ज्ञापन सौंपने का कार्यक्रम निर्धारित किया गया था। संगठन के जिला अध्यक्ष कामेन्द्र चौधरी ने कहा कि संगठन के कार्यकर्ताओं द्वारा मुख्यमंत्री को किसानो की समस्याओं के समाधान हेतु 11 सूत्रीय मांग पत्र सौंपने का कार्यक्रम बिनाया था। लेकिन पुलिस ने उन्हे गांव में ही रोक दिया।

# रामगंगा के पानी ने ढाया कहर

## गोपालपुर मार्ग पूरी तरह से बंद, बच्चों ने लिया पानी का आनंद

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कांठ।** रामगंगा में पानी आने के कारण खादर क्षेत्र के जंगलों में पानी भर गया पानी गांव तक पहुंचा तो लोगों को भारी नुकसान की आशंका सताने लगी गोपालपुर गांव को पानी ने चारों तरफ से घेर लिया है हालांकि इस मुसीबत के वक्त में भी बच्चे पानी का आनंद उठा रहे हैं। खादर क्षेत्र के डेढ़ दर्जन से भी ज्यादा गांव हर साल रामगंगा में आने वाली बाढ़ से प्रभावित होते हैं कल नदी में पानी आया तो गोपालपुर मार्ग पूरी तरह से बंद हो गया इस मार्ग पर कई फीट पानी चलने के कारण आसपास खेतों में खड़ी फसले पूरी तरह से डूब गई धान और चारा बर्बाद होने के कगार पर पहुंच गया। गन्ने की फसल में भी काफी बड़े नुकसान की आशंका हो गई उधर ज्यादा पानी बढ़ने को लेकर ग्रामीण सहम गए ग्रामीणों का कहना था कि यदि इससे ज्यादा पानी गांव में घुसता है तो फिर उनके सामने बड़ी समस्या खड़ी हो सकती है पानी के मद्देनजर तहसीलदार भी खादर क्षेत्र में पहुंचे और लोगों से बात कर उन्हें हर संभव मदद का भरोसा दिलाया। प्रशासन ने खादर क्षेत्र के लोगों से सुरक्षित स्थान पर पहुंचने की अपील की है गांव के विकास कुमार, मनोहर सिंह पूर्व ग्राम प्रधान, हिमांशु धीर एडवोकेट, विकास कुमार, दीपांशु जाटव, कनिष्क जाटव केशव जाटव आदि का कहना है कि ऐसे हालात में उन्हें रात भर जागकर काटने को मजबूर होना पड़ेगा।





# रात में घर में घुसे चोर, आहट होते ही भागे

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चन्दौसी/कुढ़फतेहगढ़।** थाना कुढ़फतेहगढ़ क्षेत्र के ग्राम बाबेपुर में बुधवार देर रात उस समय अफरा-तफरी मच गई जब चोर एक मकान में घुस गए। ग्राम निवासी वीरेश पुत्र बलवीर के घर में घुसे चोरों ने संदूक आदि खंगालकर सारा सामान बिखेर दिया। बताया गया कि घटना के वक्त वीरेश अपनी पत्नी के साथ छत पर सो रहा था। रात के समय कुछ आहट होने पर जब वह नीचे उतरा तो देखा कि घर में सामान बिखरा पड़ा है। इसी बीच चोरों को भनक लग गई और वे दरवाजे के रास्ते भाग निकले। वीरेश द्वारा शोर मचाने पर आसपास के ग्रामीण लाठी-डंडों के साथ इकट्ठा हो गए और संभावित दिशा में तलाश की, लेकिन चोरों का कोई सुराग नहीं मिला। पीडित ने बताया कि चोरों ने अलमारी, संदूक आदि पूरी तरह खंगाले, लेकिन समय पर जाग हो जाने के कारण वे कोई कीमती सामान नहीं ले जा सके। कमरे और बरामदे में कपड़े और अन्य वस्तुएं इधर-उधर बिखरी पड़ी थीं। ग्रामीणों ने पुलिस से क्षेत्र में रात्रि गश्त बढ़ाने की मांग की है।

# रामगंगा नदी उफान पर करनपुर मार्ग सड़क कटने से हुआ बाधित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कांठ।** रामगंगा नदी में उफान आने के बाद पानी ने कटान करना शुरू कर दिया करनपुर मार्ग स्थित पुल पार करने के बाद सड़क कट गई जिसकी वजह से यातायात भी बाधित हो गया पुलिस ने दोनों और के वाहनों की आवाजाही पर रोक लगा दी जिससे लोगों की परेशानी आज काफी बढ़ गई। बतादे की ठाकुरद्वारा को कांठ से जोड़ने के लिए बीच में रामगंगा नदी का पुल पार करना होता है लेकिन बारिश के बाद रामगंगा नदी में उफान आ गया जिसकी वजह से पुल पार करते ही पानी ने सड़क को काट दिया लोगों का कहना था कि करीब 3 से 4 फीट पानी सड़क पर चल रहा था और सड़क दिखाई ना देने के कारण प्रशासन ने इस मार्ग के संचालन को बंद करना ही मुनासिब समझा एसडीएम मौके पर पहुंचे और उन्होंने वाहनों की आवाजाही रुकवा दी। उसके बाद थाना प्रभारी निरीक्षक सुदेशपाल सिंह भी मौके पर पहुंचे और राम गंगा द्वारा किए गए कटान को देखा कुल मिलाकर इस मार्ग पर वाहनों के आने जाने पर पूरी तरह से रोक लग गई जिससे लोगों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ा एसडीएम ने बताया कि संभावित दुर्घटना को बचाने के लिए यह कदम उठाया गया है हालांकि स्थानीय लोग जरूर वहां से पैदल गुजरे लेकिन इस मार्ग के बंद हो जाने से क्षेत्र सहित बाहर के लोगों को भी भारी दिक्कत का सामना करना पड़ा समाचार लिखे जाने तक करनपुर मार्ग का संचालन शुरू नहीं हो पाया था





# रक्षाबंधन पर नोएडा और ग्रेटर नोएडा डिपो से अतिरिक्त फेरों की सुविधा शुरू

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** नोएडा और ग्रेटर नोएडा डिपो से 12 अगस्त तक रक्षाबंधन स्पेशल बसें चलेंगी। उत्तर प्रदेश परिवहन निगम गौतमबुद्ध नगर के अनुसार 305 बसें 1500 अतिरिक्त फेरे लगाएंगी। सात अगस्त से यह सुविधा शुरू कर दी गई है। रक्षाबंधन नौ अगस्त को है। रक्षाबंधन पर बड़ी संख्या में लोग रोडवेज बसों में सफर करते हैं। नोएडा और ग्रेटर नोएडा डिपो से शहरों के लिए बस की सुविधा शामिल है। मुख्य शहरों में मेरठ, आगरा, मथुरा, एटा, कासगंज, अलीगढ़, बंदायू, बरेली, सहारनपुर, लखनऊ समेत अन्य शहरों के लिए डिपो से बसें चलती हैं। उत्तर प्रदेश परिवहन निगम गौतमबुद्ध नगर के क्षेत्रीय प्रबंधक मनोज कुमार ने कहा कि मुख्यालय के दिशा-निर्देश के अनुसार बसों के अतिरिक्त फेरों की सुविधा लागू कर दी गई है।

हालांकि गुरुवार को भीड़ नहीं थी। रोज की तरह ही यात्री बसों में सफर कर रहे थे। उन्होंने कहा कि शुक्रवार शाम से भीड़ होने की संभावना है। शनिवार तड़के भी समीप स्थिति शहरों की बसों में भीड़ हो सकती है। उन्होंने कहा कि रक्षाबंधन पर 8 अगस्त की सुबह 6 बजे से 10 अगस्त रात्रि 12 बजे तक बहनों को रोडवेज बसों में निशुल्क सफर की सुविधा दी जाएगी। मुख्यालय के दिशा-निर्देश के अनुसार सात अगस्त से 12 अगस्त तक चालक, परिचालक और कार्यशाला के कर्मचारियों की छुट्टी निरस्त कर दी गई है। छुट्टी सिर्फ आपातकालीन स्थिति में ही स्वीकृत की जाएगी। त्योहारों पर यात्रियों की भीड़ के चलते चालक और परिच. ालकों की छुट्टी निरस्त कर दी जाती है।

यात्रियों की भीड़ होने पर दोनों डिपो से देर रात तक बसें मिलेंगी। बहनों और बुजुर्गों को सीट देने में प्राथमिकता मनोज कुमार ने कहा कि बसों में भीड़ के दौरान बहनों और बुजुर्गों को सीट देने में प्राथमिकता रहेगी। इसके लिए चालक और परिचालकों को दिशा-निर्देश जारी कर दिए गए हैं। चालक और परिचालकों को यात्रियों से अच्छे व्यवहार के निर्देश भी दिए गए हैं। इसके लिए इनकी लगातार काउंसलिंग की जा रही है। उन्होंने कहा कि बसों की जांच के लिए सड़कों पर परिवहन निगम की टीमें तैनात रहेंगी।

# कार की टक्कर से किशोर की मौत

**नोएडा।** सेक्टर-126 लोटस वैल्यू सोसाइटी के सामने तेज रफ्तार कार ने 16 साल के किशोर को टक्कर मार दी। आसपास के लोगों ने घायल को अस्पताल में इलाज के लिए भर्ती कराया। जहां उसने दो दिन बाद दम तोड़ दिया। पिता ने सेक्टर-126 थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है। पुलिस घटनास्थल पर लगे सीसीटीवी फुटेज से आरोपी की पहचान करने में जुटी है।

झारखंड मूल निवासी इंद्रदेव शर्मा ने पुलिस को बताया कि वह परिवार के साथ सेक्टर-126 रायपुर खादर गांव में रहते हैं। उनका बेटा अनुज शर्मा बाइक से 25 जून को लोटस वैल्यू सोसाइटी के सामने से गुजर रहा था। इसी दौरान एक तेज रफ्तार कार ने उसको टक्कर मार दी। घटना में उसे गंभीर चोट आई। लोगों ने उसको अस्पताल में भर्ती कराया।

# नोएडा में गंदगी फैलाने वालों पर 1.30 लाख रुपये जुर्माना

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** नोएडा प्राधिकरण स्वच्छ सर्वेक्षण में प्रतिभाग करता है। शहर में प्लास्टिक के उपयोग को नियंत्रित करने एवं सफाई व्यवस्था बनाए रखने के लिए निरंतर प्रयास कर रहा है। प्राधिकरण सिंगल यूज प्लास्टिक की रोकथाम और गंदगी न फैलाने के लिए अभियान चलाता है।

गुरुवार को नोएडा के विभिन्न स्थानों का निरीक्षण किया गया। सेक्टर-32 लॉजिक्स मॉल के बाहर वेंडिंग जोन में कई दुकानदार सिंगल यूज प्लास्टिक का प्रयोग करते हुए पाए गए। कुछ दुकानदारों द्वारा गंदगी भी फैलाई जा रही थी। इन दुक. ानदारों पर कुल 30,000 रुपये का चालान किया गया। छलेरा गांव के निरीक्षण में भी दुकानदार सिंगल यूज प्लास्टिक का इस्तेमाल करते और अनाधिकृत रूप से खुले में कचरा फेंकते पाए गए। यहां प्लास्टिक का इस्तेमाल करने वालों और खुले में कचरा फेंकने वालों पर कुल 50,000 रुपये का चालान किया गया। सेक्टर-94 कैपिटल सिटी में पर 50,000 रुपये की पेनाल्टी लगाई गई।

निरीक्षण के दौरान पाया गया कि इस रेस्टोरेंट द्वारा अपने कचरे को सही तरह से अलग नहीं किया जा रहा था। कूड़ा संग्रहण करने वाली एजेंसी को मिश्रित कचरा दिया जा रहा था। गीले कचरे के निस्तारण के लिए कोई उचित प्रबंध नहीं था। बल्क वेस्ट जनरेटर के दायित्वों का निर्वहन न करने और कूड़े को अलग न करने के कारण यह आर्थिक दंड लगाया गया है।

# भाकियू की मासिक बैठक में गिनाई समस्याएं

**बिलारी।** गुरुवार को भारतीय किसान यूनियन राजनीतिक की मासिक बैठक ब्लाक सभागार में हुई। इस बीच किसानों ने अनेकों समस्याएं सामने रखी। जिसमें मुख्य समस्या के तौर पर किसानों ने गन्ना मूल्य भुगतान की समस्या पर जोर तरीके से उठाई। वहीं गांव में फैली गंदगी को लेकर भी चर्चा की गई। गुरुवार को ब्लॉक सभागार में हुई बैठक में भारतीय किसान यूनियन राजनैतिक के पदाधिकारियों ने बोलते हुए कहा कि चीनी मिल ने अभी तक गन्ना मूल्य का भुगतान नहीं किया। जिसकी वजह से किसान बुरी तरह से परेशान है। इसके अलावा तहसील अध्यक्ष विक्की चौधरी ने बैठक में कहा कि ग्राम पंचायतों में साफ सफाई नहीं हो रही। गंदगी की वजह से लोग बुरी तरह से परेशान है। इसके अलावा ग्रामीण क्षेत्रों में अनेकों कार्य रुके हुए चल रहे हैं, जल्द ही उन्हें पूरा कराया जाए। इस बीच किसानों ने अनेकों समस्याएं सामने रखी। बैठक में तय किया गया कि गांव की साफ सफाई और रुके हुए कार्य को सुचारू रूप से करने के लिए खंड विकास अधिकारी से मिलकर ज्ञापन भी दिया जाएगा ताकि रुके कार्य पूरे हो सके।

इस मौके पर विक्की चौधरी, उदय पाल सिंह, सत्येंद्र चौधरी, हिम्मत सिंह सैनी, सोनू चौधरी, अंकुश चौधरी, चंद्र विजय सिंह, मनवीर सिंह, मनोज कुमार, राकेश सिंह, योगेश यादव, अमित यादव, सूरजपाल यादव, रमाकांत सैनी, रामकुमार, गजेंद्र सैनी, राजेंद्र सिंह, गंभीर सिंह, मोहम्मद उबेद, बबलू भाई, रिजवान, राजवीर सिंह, नमित चौधरी, अनीस अहमद, राजपाल सिंह, सूरज चौधरी आदि सहित अनेकों भारतीय किसान यूनियन के पदाधिकारी मौजूद रहे।

# सीएम से व्यापारियों के प्रतिनिधिमंडल ने की मुलाकात

## ● जीएसटी व शस्त्र लाइसेंस को लेकर रखी मांग

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** सर्किट हाउस में उत्तर प्रदेश संयुक्त व्यापार मंडल का प्रतिनिधिमंडल मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मिला। प्रतिनिधि मंडल का नेतृत्व नगर विधायक एवं व्यापार मंडल के संरक्षक रितेश गुप्ता ने किया। इस दौरान व्यापारियों ने मुख्यमंत्री को जीएसटी विभाग से जुड़ी समस्याओं एवं व्यापारियों के शस्त्र लाइसेंस को प्राथमिकता के आधार पर जारी करने की मांग से अवगत कराया। साथ ही मुख्यमंत्री को स्मृति चिन्ह भी भेंट किया गया।प्रतिनिधिमंडल में उत्तर प्रदेश संयुक्त व्यापार मंडल के अध्यक्ष अरविंद अग्रवाल उर्फ जोनी, प्रदेश महामंत्री विपिन गुप्ता सहित अन्य व्यापारी शामिल रहे। अध्यक्ष अरविंद अग्रवाल ने बताया कि व्यापारियों को जीएसटी विभाग में अनावश्यक नोटिस व जटिलताओं का सामना करना पड़ रहा है, जिससे उनका व्यापार प्रभावित हो रहा है। साथ ही मुरादाबाद जैसे संवे. दनशील जिले में व्यापारियों की सुरक्षा को देखते हुए शस्त्र लाइसेंस को प्राथमिकता के आधार पर दिए जाने की आवश्यकता है।मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रतिनिधिमंडल की बातों को गंभीरता से सुना और आश्वासन दिया कि व्यापारियों की समस्याओं का शीघ्र समाधान किया जाएगा। उन्होंने संबंधित विभागों को निर्देश देने की बात कही। प्रति. निधिमंडल की यह बैठक सकारात्मक रही और व्यापारियों ने मुख्यमंत्री के प्रति आभार व्यक्त किया।इस दौरान प्रदेश महामंत्री विपिन गुप्ता ने बताया की हमारी बर्ता सफल रही उपाध्यक्ष सुनील अग्रवाल कानूनी सलाहकार अतुल सोती मौजूद रहे।



# बिजली के करंट से भैंस की मौत, किसान को आर्थिक क्षति

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चन्दौसी/कुढ़फतेहगढ़।** थाना कुढ़फतेहगढ़ क्षेत्र के गांव पैगारफातपुर में बुधवार सुबह एक दर्दनाक हादसे में करंट लगने से एक भैंस की मौत हो गई।

यह घटना उस समय हुई जब ग्रामीण रामनिवास पुत्र कासीराम अपनी भैंस को घर से बाहर बांधने ले जा रहा था। बताया गया कि रास्ते में अमर सिंह के मकान के पास लगे विद्युत पोल में करंट आ रहा था। जैसे ही भैंस पोल से टच हुई, उसे तेज करंट का झटका लगा और मौके पर ही उसकी मौत हो गई। इस हादसे से किसान को भारी आर्थिक नुकसान उठाना पड़ा है। ग्रामीणों ने विद्युत विभाग पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए मांग की है कि ऐसे खतरनाक पोलों की समय रहते मरम्मत की जाए ताकि भविष्य में इस तरह की घटनाएं न हों।

# हर घर तिरंगा अभियान को लेकर कार्ययोजना बैठक संपन्न

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** भारतीय जनता पार्टी जिला कार्यालय में हर घर तिरंगा अभियान को लेकर जिला अध्यक्ष आकाश कुमार पाल की अध्यक्षता में कार्य योजना बैठक संपन्न हुई इस दौरान पार्टी पदाधिकारी को अभियान की जिम्मेदारी सौंप गई।

जिला प्रभारी राजेश यादव ने कहा की स्वतंत्रता दिवस पर प्रत्येक वर्ष पार्टी के कार्यकर्ताओं में आम जनमानस के साथ तिरंगा यात्रा एवं देशभक्ति के कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे हैं सेवा के शौर्य व पराक्रम तथा देशवासियों की एकजुटता के संकल्प से ऑपरेशन सिंदूर होत हुआ एवं सफल रहा है प्रधानमंत्री मोदी ने सफलता पर चर्चा करते हुए कहा था कि यह भारत के विजय उत्सव पर गौरव गाथा का सत्र है इसे देश के जन-जन के साथ उल्लास से मनाया जाना चाहिए जिला अध्यक्ष आकाश कुमार पाल ने कहा कि 8, 9 अगस्त को सभी 16 मंडलों में अभियान के लिए बैठक 10 से 12 अगस्त तक तिरंगा यात्रा 12 से 14 अगस्त के मध्य स्वतंत्रता संग्राम के स्मारकों में विशेष स्वच्छता कार्य एवं पुष्पांजलि कार्यक्रम होगा 14 अगस्त को विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस पर मुख्यालय में मोन जुलूस बैनर के साथ संगोष्ठी होगी/ हर घर तिरंगा एक अभियान है जो आजादी का अमृत महोत्सव के तत्वावधान में लोगों को तिरंगा घर लाने और भारत की आजादी के प्रतीक के रूप में इसे फहराने के लिए प्रोत्साहित करने के लिए शुरू किया गया था एक राष्ट्र के रूप में सामूहिक रूप से ध्वज को घर लाना न केवल तिरंगे के साथ व्यक्तिगत जुड़ाव का प्रतीक बन गया बल्कि राष्ट्र निर्माण के प्रति हमारी सामूहिक प्रतिबद्धता का भी प्रतीक बन गया बैठक में जिला पंचायत अध्यक्ष डॉ शेफाली चौहान, पूर्व जिला अध्यक्ष सुरेश सैनी, पूर्व जिला महामंत्री हुकुम सिंह, जिला महामंत्री राजन बिश्नोई, हर ज्ञान सिंह, कमल प्रजापति, जिला मंत्री चकित चौधरी, भानु प्रताप सिंह, जिला मीडिया प्रभारी संजय ढाका, आदित्य संख्यिधर, सत्येंद्र चौधरी, अरुण पंडित, अमन ठाकुर, मयूर भाटिया, 16 मंडल के मंडल अध्यक्ष एवं मंडल महामंत्री उपस्थित रहे।




# टीएमयू में रिसर्च की गुणवत्ता उत्कृष्टः वीसी

## टीएमयू में 2025-26 बैच के पीएचडी स्कॉलर्स के इंडक्शन प्रोग्राम में बताई शोध की प्राथमिकताएं

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** तीर्थंकर महावीर यूनिवर्सिटी, मुरादाबाद की ओर से 2025-26 बैच के पीएचडी स्कॉलर्स के इंडक्शन प्रोग्राम में रिसर्च की प्राथमिकताएं बताई गईं। पीएचडी स्कॉलर्स को संबोधित करते हुए वीसी प्रो. वीके जैन ने कहा, टीएमयू में वैश्विक स्तर की रिसर्च कराई जाती है। यदि कोई भी स्कॉलर तीन वर्ष में अपनी पीएचडी पूरी कर लेता हैं तो यूनिवर्सिटी उस स्कॉलर से कोई थीसिस सब्मिशन फीस नहीं लेती है। हमारी रिसर्च इतनी अधिक समृद्ध है कि टीएमयू में न केवल इंडिया, बल्कि स्पेन, जर्मनी, यूके, यूएसए, सउदी अरब आदि से भी रिसर्चर्स रिसर्च कर रहे हैं।

इसके अलावा जज, कलेक्टर, पुलिस सरीखे फील्ड से भी लोग तीर्थंकर महावीर यूनिवर्सिटी से जॉब के संग-संग पीएचडी कर रहे हैं। इससे पूर्व न्यू एलटी में मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्ज्वलन के संग इंडक्शन प्रोग्राम का शंखनाद हुआ। संचालन मेडिकल की रिसर्च फेलो मिस कायनात खान और मिस शहजीन ने किया। डीन एकेडमिक्स प्रो. मंजुला जैन ने कहा, टीएमयू के रिसर्च स्कालर्स के लिए स्वर्णिम करियर के तमाम मौके और विकल्प मौजूद हैं। फैलोशिप के लिए यूनिवर्सिटी मेडिकल फेलो के लिए 30 हजार और नॉन मेडिकल फेलो के लिए 25 हजार रुपए प्रतिमाह प्रदान करती है। यदि कोई स्कॉलर तय समय सीमा में उत्कृष्ट प्रदर्शन के संग पीएचडी कर लेता है तो बाद में फैकल्टी के रूप में भी उसके लिए टीएमयू के द्वार खुले हुए हैं। लॉ कॉलेज के डीन प्रो. हरबंश दीक्षित, प्रोग्राम की कन्वीनर एवम् पीएचडी सेल की एसोसिएट डीन डॉ. ज्योति पुरी, एसोसिएट डीन आर एंड डी प्रो. अनुराग वर्मा आदि ने अपनी-अपनी शोध विशेषज्ञता के बारे में विस्तार से बताया। इन्होंने एसओपी, आईपीआर, रिसर्च ट्रेंडस, रिसर्च पब्लिकेशंस, पीएचडी प्रक्रिया के मानकों के संग-संग टीएमयू की अब तक की विकास यात्रा पर प्रकाश डाला। इंडक्शन प्रोग्राम में 60 से अधिक शोधर्थियों ने भाग लिया। प्रोग्राम में डेंटल के प्रिंसिपल प्रो. प्रदीप तांगडे, नर्सिंग कॉलेज की डीन प्रो. एसपी सुभाषिनी, नर्सिंग की प्रिंसिपल प्रो. जेसलीन एम., फार्मेसी के प्रिंसिपल डॉ. आशु मित्तल, एसोसिएट डीन डॉ. अमित कंसल आदि की मौजूदगी रही।



# शादी से पहले ही दहेज की मांग सात के खिलाफ हुई एफआईआर

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**कांठ।** सगाई होते ही दहेज की मांग करनी शुरू कर दी लड़की की तहरीर पर पुलिस ने 7 लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। थाना छजलैट क्षेत्र के गांव छजुपुरा दोयम निवासी अशोक कुमार की पुत्री सोनम का रिश्ता 3 महीने पहले मोटि. हत पुत्र आनंदपाल निवासी गुरेर की मिलक थाना मैनाठेर हाल निवासी हिमगिरी हरथला के साथ हुआ था। तयशुदा कार्यक्रम के मुताबिक 11 मई 2025 को ग्रेनर व्हाइट होटल भीकनपुर में गोद भराई हुई जिसमें लड़के वालों की तरफ से काफी रिश्तेदार आए पीड़िता के मुताबिक उसके पिता के लगभग इस काम में 6 लाख रुपए खर्च हो गए। लेकिन 28 जुलाई को इस रिश्ते के बिचौलिया ने अपने निवास पर बुलाकर मोहित सिद्धार्थ आनंदपाल आरती मदनपाल हाल निवासी हिमगिरी थाना सिविल लाइन एवं मोनिका और मोहन निवासी नई दिल्ली से सलाह करके 5 लाख रुपए नगद और स्कॉर्पियो की मांग करनी शुरू कर दी।

बिचौलिया ने यह बात लड़की के माता-पिता को बताई तो उन्होंने समझाने का प्रयास किया लेकिन मंगेतर मोहित पुलिस विभाग में नौकरी करने की दुहाई देकर सगाई छोड़ने की बात कहने लगा।

आरोप है की लड़की को लड़के ने इससे पहले भी कई शादी छोड़ने के ताने दिए लड़की परेशान होकर थाने पहुंची और सगाई के फोटो दिखाकर पुलिस से न्याय की गुहार लगाई। पुलिस ने महिलाओं सहित सात लोगों के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू की है।

**बेदखली सूचना**

मैंने अपने बड़े पुत्र अब्दुल सलाम व उसकी पत्नियां श्रीमती नसरीन व श्रीमती हूरबानो को गलत संगत व दुर्व्यवहार करने के कारण अपनी समस्त चल व अचल संपत्ति से बेदखलकर संबंध विच्छेद कर लिए हैं। भविष्य में अब्दुल सलाम व उसकी पत्नियो के द्वारा किए गए किसी भी कृत्यो/लेनदेन इत्यादि के लिए वह स्वयं जिम्मेदार होगे। आज के बाद मेरा व मेरे परिवार के किसी भी सदस्य से कोई ताल्लुक व वास्ता नहीं होगा।

**मोहम्मद यामीन पुत्र अब्दुल अजीज निवासी मोहल्ला जयंतीपुर पुलिस चौकी के पास थाना मझोला तहसील व जिला मुरादाबाद।**

# गबन का आरोपी सचिव साक्ष्य न मिलने पर दोषमुक्त

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** न्यायालय में आरोपी के खिलाफ 25 वर्षों तक मुकदमा लांबित रहा। तारीख पर तारीख मिलती रही परंतु न्यायालय का निर्णय तो दूर पुलिस 25 वर्षों में गवाह तक पेश नहीं कर पायी। आखिर में न्यायालय ने दोष मुक्त करार देते हुए आरोपी को अभियोग व आरोपों से आजाद कर दिया। जानकारी के अनुसार, मु.अ.सं. 449/2001 धारा 409, 467, 471 को जिला सहायक निबंधक सहक. ारी समिति लि. कांठ पर कार्यरत पर पूर्व सचिव निलंबित अशोक कुमार पुत्र धर्मवीर नि0 ग्राम शरीफनगर थाना ठाकुरद्वारा जिला मुरादाबाद के खिलाफ अपने कार्यकाल में की गयी वित्तीय अनियमितता एवं गबन के संबंध में मुकदमा चल रहा था। अशोक कुमार पर गबन का आरोप था।

लेकिन साक्ष्यों के अभाव में अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट मुरादाबाद कोर्ट संख्या 2 ने आरोपी अशोक कुमार को दोष मुक्त कर दिया। साथ ही उसके बंधन पत्र के मुक्त करने के आदेश किये।

**कम्पोजिट विद्यालय पायन्दापुर, वि.खं. छजलैट, मुरादाबाद**

**नीलामी सूचना**

कंपोजिट विद्यालय पायंदापुर में स्थित जर्जर मूल भवन के ध्वस्तीकरण की नीलामी कार्यालय जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी मुरादाबाद के पत्रांक संख्या एस.एस.ए./ज.भ./4376-80/2025-26 दिनांक 01.08.2025 के अनुपालन में दिनांक 19.08.2025 को विद्यालय भवन के परिसर में 11.00 बजे होगी। इच्छुक बोलीदाता समय से पहुंचकर नीलामी प्रक्रिया में नियमानुसार प्रतिभाग कर सकते है। नीलामी की शेष शर्तें विद्यालय पहुंचकर प्राप्त की जा सकती है।

**जुल्फिकार अली ( सचिव )**
**वि०प्रबंध समिति**
**कंपोजिट विद्यालय पायंदापुर विकास खंड छजलैट, जनपद मुरादाबाद।**

**योगेंद्र सिंह ( अध्यक्ष )**
**विद्यालय प्रबंध समिति कंपोजिट विद्यालय पायंदापुर विकास खण्ड छजलैट ( मुरादाबाद )।**

# नन्हूवाला गांव में तेंदुए की दस्तक से ग्रामीणों में दहशत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**ठाकुरद्वारा।** क्षेत्र के ग्राम नन्हूवाला में बीते दस दिन से तेंदुए की मौजूदगी ने ग्रामीणों की नींद उड़ा दी है। तेंदुआ लगातार गांव से सटे खेतों में दिखाई दे रहा है, जिससे लोगों में भय और असुरक्षा का माहौल बन गया है। ग्रामीणों ने बताया कि पांच दिन पहले तेंदुए ने एक आवारा कुत्ते को भी अपना शिकार बना लिया था। घटना के बाद से ग्रामवासियों ने वन विभाग को सूचना दी, लेकिन अब तक विभाग की टीम मौके पर नहीं पहुंची, जिससे ग्रामीणों में गहरा आक्रोश है। इससे पहले गझेड़ा आलम क्षेत्र में भी इसी तरह तेंदुए का उत्पात देखा जा चुका है, जहां कई जंगली जानवर उसका शिकार बन चुके हैं। ग्रामीणों महेंद्र सिंह, बबलू, दीपेंद्र सिंह, सुरजीत सिंह, सद्दाम, इलियास और मुस्तकीम ने बताया कि गांव के पास स्थित ढेला नदी के किनारे झाड़-झंखाड़ में तेंदुए ने पनाह ली हुई है और शिकार की तलाश में आबादी की ओर बढ़ रहा है। लोगों ने दो से तीन तेंदुए होने की आशंका जताई है।बरसात के चलते तेंदुआ अक्सर गांव के समीप स्थित राजकीय चिकित्सालय के आसपास भी देखा गया है। स्थिति की गंभीरता को देखते हुए वरुण चौहान ने मुख्यमंत्री पोर्टल पर शिकायत दर्ज कर तेंदुए को पकड़ने के लिए तत्काल कार्रवाई की मांग की है। हालांकि इस पर प्रतिक्रिया देते हुए वन दरोगा पीयूष जोशी ने कहा कि "गांव के किसी भी व्यक्ति ने सीधे तौर पर विभाग को सूचना नहीं दी है। यदि सूचना मिलती, तो हमारी टीम अवश्य मौके पर जाती। ग्रामीणों का कहना है कि तेंदुए की बढ़ती गतिविधि से स्कूल जाने वाले बच्चों, महिलाओं और किसानों की सुरक्षा को खतरा है। उन्होंने प्रशासन से तत्काल वन विभाग की टीम भेजने और तेंदुए को पकड़ने की मांग की है।

# जनपद स्तरीय बैडमिंटन प्रतियोगिता आयोजित

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** जिला विद्यालय निरीक्षक मुरादाबाद के निर्देशानुसार जी0जी0 हिंदू इंटर कॉलेज स्टेशन रोड मुरादाबाद में माध्यमिक विद्यालयों की जनपद स्तरीय बैडमिंटन प्रतियोगिता बालक वर्ग की आयोजित की गई स इस प्रतियोगिता में चित्रगुप्त इंटर कॉलेज, एस0 एस0 इंटर कॉलेज, एसडीम इंटर कॉलेज, महाराजा अग्रसेन इंटर कॉलेज, आकांक्षा विद्यापीठ इंटर कॉलेज, हैबिट मुस्लिम इंटर कॉलेज, जीजी हिंदू इंटर कॉलेज, डीएसएम इंटर कॉलेज कांठ, सनातन धर्म हिंदू इंटर कॉलेज ठाकुरद्वारा, विद्या निकेतन इंटर कॉलेज सिरसा हरचंद तथा राजकीय इंटर कॉलेज मुढ़ा पांडे संकुल की टीमों ने उत्साहपूर्वक प्रतिभाग किया स प्रतियोगिता का उद्घाटन विद्यालय के प्रधानाचार्य डॉ0 कुलदीप बरनवाल जी ने सभी खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर किया तथा अपने संबोधन में उन्होंने कहा कि स्वस्थ शरीर में स्वस्थ मस्तिष्क का निवास होता है अर्थात सभी बच्चों के लिए खेलकूद के कार्यक्रमों में भाग लेना बहुत जरूरी होता है, सभी बच्चे पूर्ण मनोयोग तथा खेल भावना के साथ इस प्रतियोगिता में प्रतिभाग करें स प्रतियोगिता के सफल आयोजन में चयन करता के रूप में पदम सिंह, राहुल कुमार तथा वंश बहादुर ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई जबकि निर्णायक मंडल में श्री वीर सिंह, आफताब आलम, सुमित कुमार शर्मा, दीपक चंद, नरपत सिंह यादव, कुलदीप सिंह, भास्कर राघव, सोमपाल सिंह, कृष्ण पाल सिंह, कुमारी सोनिया का विशेष सहयोग रहा स प्रतियोगिता के अंडर-14 वर्ष आयु वर्ग में हुनाल शर्मा जीजी हिंदू इंटर कॉलेज ने प्रथम, दिव्यांशु महर्षि दयानंद इंटर कॉलेज ने द्वितीय तथा अल्फेज अली महाराजा अग्रसेन इंटर कॉलेज ने तृतीय स्थान प्राप्त किया जबकि डबल्स मुकाबले में हुनाल शर्मा तथा कृष्णा जी जी हिंदू इंटर कॉलेज की जोड़ी ने प्रथम स्थान प्राप्त किया जबकि जतिन और फरमान मुरादाबाद इंटर कॉलेज की जोड़ी ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया स प्रतियोगिता के अंडर-17 वर्ष आयु वर्ग में लक्ष्य विश्नोई गांधी स्मारक सुरजन नगर ने प्रथम तथा मोहम्मद उवैस जीजी हिंदू इंटर कॉलेज ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया जबकि डबल्स मुकाबले में राजकीय इंटर कॉलेज भोजपुर के मोहम्मद रजा व आयुष की जोड़ी ने प्रथम तथा मोहम्मद उवैस व ऋषभ राघव जीजी हिंदू इंटर कॉलेज की जोड़ी ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया स प्रतियोगिता के अंडर-19 वर्ष आयु वर्ग के एकल मुकाबले में अमित तिवारी एसडीएम इंटर कॉलेज मुरादाबाद में प्रथम, शौर्य विश्नोई महर्षि दयानंद इंटर कॉलेज कांठ द्वितीय तथा अमित कुमार महाराजा अग्रसेन इंटर कॉलेज ने तृतीय स्थान प्राप्त किया जबकि डबल्स मुकाबले में शौर्य बिश्नोई व अस्मित महर्षि दयानंद इंटर कॉलेज कांठ की जोड़ी ने प्रथम तथा देव सिंह व मनीष कुमार राजकीय इंटर कॉलेज मुंढ़ापांडे की जोड़ी ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया।

कार्यक्रम का संचालन जनपदीय क्रीडा सचिव बंश बहादुर ने किया तथा उन्होंने बताया कि जनपद स्तर पर चयनित सभी खिलाड़ी अब आगामी 18 अगस्त को रामपुर में आयोजित होने वाली मंडलीय बैडमिंटन प्रतियोगिता में प्रतिभाग करेंगे।

# तिरंगा यात्रा अभियान की तैयारियों को लेकर कार्यशाला का आयोजन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** भारतीय जनता पार्टी महानगर कार्यालय पर तिरंगा यात्रा की तैयारियों को लेकर तिरंगा अभियान कार्यशाला का आयोजन किया गया।तिरंगा अभियान कार्यशाला में मुख्य अतिथि एवं मुख्य वक्ता के रूप में क्षेत्रीय अध्यक्ष युवा मोर्चा सुखविंदर सोम शामिल रहे।

तिरंगा अभियान कार्यशाला में प्रस्तावना बोलते हुए महानगर अध्यक्ष गिरीश भंडूला ने कहा कि पार्टी के आवाहन पर तिरंगा यात्रा अभियान के अंतर्गत घर घर तिरंगा का आयोजन किया जा रहा है तिरंगा यात्रा अभियान हमें राष्ट्र ध्वज के प्रति सम्मान का भाव प्रकट करता है हमारे अंदर देश भक्ति और गौरव की भावना जागृत करता है प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी भारतीय जनता पार्टी के नेतृत्व में इस अभियान को सभी मंडलों में मनाया जाएगा घर-घर राष्ट्र ध्वज फहराना है इस अभियान में सभी कार्यकर्ता अपने-अपने क्षेत्र में उत्साहपूर्वक कार्यक्रम को सफल बनाएं।तिरंगा अभियान कार्यशाला में मुख्य अतिथि एवं मुख्य वक्ता सुखविंदर सोम ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी केंद्र की प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सरकार ने अपने कार्यकाल में देशवासियों में देश प्रेम की अलख जगाने हेतु प्रत्येक वर्ष 15 अगस्त को घर घर तिरंगा एवं तिरंगा यात्रा का शुभारंभ किया प्रत्येक वर्ष 15 अगस्त पर देशभर में बड़ी संख्या में तिरंगा यात्राओं का आयोजन किया जाता है प्रत्येक घर पर तिरंगा लगाया जाता है इसी क्रम में 15 अगस्त से पूर्ण तिरंगा यात्रा की तैयारी को लेकर यह कार्यशाला का आयोजन किया गया है। सुखविंदर सोम ने आगे कहा कि दिनांक 10 अगस्त से 12 अगस्त तक प्रत्येक मंडल में तिरंगा यात्राओं का आयोजन किया जाना है इस कार्यक्रम में युवा मोर्चा और महिला मोर्चा की महत्वपूर्ण भूमिका होनी चाहिए सभी मंडलों में तिरंगा यात्रा में आम जनता की अधिक से अधिक भागेदारी होनी चाहिए तिरंगा यात्रा से पूर्व सभी मंडलों में शहीद स्मारकों को स्वच्छ किया जाना है प्रत्येक मंडल में युद्ध वीरों,शहीदों देश की सेवा में प्राण न्योछावर करने वाले परिजनों को सम्मानित करना है। 13 से 15 अगस्त तक सभी घरों और प्रतिष्ठानों पर पार्टी कार्यकर्ताओं द्वारा तिरंगा फहराना है 14 अगस्त को विभाजन की विभीषिका स्मृति दिवस के अवसर पर महानगर में मोन जुलूस बैनर के द्वारा निकलना है एवं संगोष्ठी करनी है विभाजन से प्रभावित लोगों से भेट करनी है एवं प्रदर्शनी का




आयोजन करना है।15 अगस्त की शाम को राष्ट्रीय ध्वज तिरंगे को सम्मान पूर्वक उतरना है तिरंगे झंडे के साथ सेल्फी लेकररुहर घर तिरंगा के साथ सोशल मीडिया पर पोस्ट करना है कार्यक्रम में अधिक से अधिक लोगों और सामाजिक इंफलुएंसर्श की भागेदारी करनी है राष्ट्रीय ध्वज की उपलब्धता सभी स्थानों पर सुनिश्चित की जाए कार्यक्रम के फोटो नमो ऐप व सरल ऐप पर अपलोड करने हैं कल दिनांक 8 अगस्त सभी मंडलों में मंडल अध्यक्ष बैठक कर कार्यक्रम की तैयारी को सुनिश्चित कर लें कार्यक्रम को भव्य रूप से सफल बनाना है।तिरंगा अभियान कार्यशाला समापन पर बोलते हुए महानगर अध्यक्ष गिरीश भंडूला ने कहा कि सभी मंडलों अध्यक्ष को इस अभियान को सफल बनाने के लिए अपने-अपने मंडलों में दिनांक 8 अगस्त को बैठक करनी है तिरंगा यात्रा सभी मंडलों में होनी है इस कार्यक्रम में युवा मोर्चा और महिला मोर्चा की विशेष भूमिका रहेगी 10 अगस्त से लेकर 12 अगस्त तक सभी मंडलों में तिरंगा यात्रा का आयोजन किया जाएगा तिरंगा यात्रा में आम जनता की अधिक से अधिक भागीदारी रहे यह सुनिश्चित करना है। तिरंगा अभियान कार्यशाला में क्षेत्रीय अध्यक्ष युवा मोर्चा सुखविंदर सोम महानगर अध्यक्ष गिरीश भंडूला कार्यक्रम संयोजक विशाल त्यागी महिला मोर्चा प्रदेश उपाध्यक्ष प्रिया अग्रवाल पूर्व बाल संरक्षक आयोग अध्यक्ष विशेष गुप्ता, महानगर मीडिया प्रभारी राजीव गुप्ता महामंत्री दिनेश शीर्षवाल कमल गुलाटी ब्लॉक प्रमुख मनीष कुमार सुरेंद्र विश्नोई नवदीप टंडन दिनेश सिसोदिया राहुल शर्मा शम्मी भटनागर अजय वर्मा गेत पाल सिंह सर्वेश पटेल सुनीता शर्मा शशी किरण धर्मेश सैनी अभिषेक चौबे आलोक सैनी अमित सिंह मिंटू सुनीता सैनी हेमा खत्री पूनम सैनी दीक्षांत चौधरी अश्वनी शर्मा सौरभ सक्सैना हरिओम सैनी मंडल अध्यक्ष विपिन प्रजापति कपिल गुप्ता विशाल रस्तौगी सूर्य मोहन शमशेरी मिथुन शर्मा सोमपाल प्रजापति राजीव शर्मा गजेंद्र लोदी सतेंद्र कुमार विमल शर्मा आदि महानगर पदाधिकारीगण मंडल के पदाधिकारीगण मोर्चा एवं प्रकोष्ठों के पदाधिकारी एवं पार्षदगण शामिल रहे।

# मोटी रकम वसूलने के लिए गर्भपती का किया ऑपरेशन

**मुरादाबाद।** बृहस्पतिवार को बुद्धि विहार के सेक्टर 9 में स्थित आरुष नर्सिंग हॉस्पिटल के खिलाफ पीड़ित ने की शिकायत नॉर्मल डिलीवरी को लेकर आठ माह 21 दिन की गर्भवती का क्या ऑपरेशन पीड़ित मंजू भारती पत्नी नितिन सिंह एडवोकेट मोहल्ला चाऊ की बस्ती लाइनपार मुरादाबाद 8माह 21 दिन की गर्भवती थीं दिनांक 21.2.2025 को मंजू भारती अपने पति अधिवक्ता नितिन सिंह के साथ रेगुलर चेकअप कराने गयी थीं.. डॉ शीतल सिंह ने झूठ बोलते हुए नार्मल डिलीवरी का झांसा देकर मंजू भारती के पती अधिवक्ता नितिन सिंह को अपने घर से अपनी माता को बुलाने भेज दिया इसी बीच मंजू भारती व उनके पति नितिन सिंह की बिना अनुमति के उनसे मोटा पैसा बसूलने के उद्देश्य से डॉ शीतल सिंह ने मंजू भारती का समय से पूर्व ऑप्रेशन कर प्रसव करा दिया.. तथा बिना डिग्री डिप्लोमा ओर अनट्रेंड स्टॉफ से मंजू भारती का लापरवाही से गलत इलाज कराया. गया जिससे मंजू भारती बीमार है. मंजू भारती की कमर व टांग मै अत्यधिक दर्द है सुन्नीपन है आरुष नर्सिंग होम चिकित्सा मानको के विपरीत संचालित है इस तरह के अस्पताल संचालकों के खिलाफ सख्त कार्रवाई होनी चाहिए जिससे कि इस तरह के लोग किसी की बिना अनुमति के ऑपरेशन करते हैं तो उन्हें दंडित किया जाना चाहिए।

# नोएडा में मॉडल रोड बनाने के लिए नहीं बनी सहमति

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** नोएडा के उद्योग मार्ग को मॉडल रोड बनाने की योजना एक बार फिर अटक गई है। जिस एजेंसी को टेंडर प्रक्रिया के जरिए चुना गया था, अब उसके साथ रेट को लेकर प्राधिकरण की सहमति नहीं बन पा रही है। पहले भी यही दिक्कत आई थी और अब फिर से तीसरी बार टेंडर की प्रक्रिया दोहरानी पड़ेगी। हालांकि प्राधिकरण और निर्माण कंपनी के बीच बातचीत अभी भी चल रही है, लेकिन अब तक कोई ठोस नतीजा नहीं निकल सका है। इससे पहले भी एक बार निर्माण कंपनी के साथ रेट को लेकर सहमति नहीं बन पाई थी।

सेक्टर-1 के गोलचक्कर से लेकर सेक्टर-11 के झुंडपुरा तिराहे तक फैला हुआ करीब 2.5 किलोमीटर लंबा यह उद्योग मार्ग, नोएडा प्राधिकरण के मुख्य दफ्तर को जोड़ता है। यही वजह है कि इस रास्ते से वीआईपी, निवेशक और उद्योग जगत से जुड़े लोग आते-जाते रहते हैं। इस सड़क के दोनों ओर कई बड़ी औद्योगिक कंपनियां, कार शोरूम, दुकानें और अन्य व्यवसायिक गतिविधियां हैं। हर वक्त ट्रैफिक का दबाव बना रहता है। ऊपर से सड़क की चौड़ाई कम है, जिससे रोजाना जाम लगता है और लोगों को परेशानी होती है। इन्हीं कारणों से प्राधिकरण ने करीब एक साल पहले इसे मॉडल रोड में तब्दील करने का फैसला किया था।

**टेंडर में लगातार हो रही परेशानी:** इस योजना के लिए पहली बार पिछले साल टेंडर निकाले गए थे, लेकिन तीन-चार बार कोशिश करने के बाद भी किसी एजेंसी का फाइनल चयन नहीं हो सका। फिर छह महीने पहले एक एजेंसी तय की गई, लेकिन रेट को लेकर सहमति नहीं बनी। अब फिर से टेंडर निकाले गए और दूसरी कंपनी से बात हुई, लेकिन नतीजा फिर वही निकला। कीमतों को लेकर बात नहीं बनी। प्राधिकरण की योजना है कि इस मॉडल रोड परियोजना पर करीब 40 करोड़ रुपए खर्च किए जाएं। लेकिन अब तक कोई एजेंसी उस लागत पर राजी नहीं हो पाई है।

# 19 स्कूलों का नहीं होगा विलय, 400 बच्चों को राहत

**नोएडा।** जिले के 19 परिषदीय स्कूलों का विलय नहीं होगा। इन स्कूलों के बच्चे अब अपने पूर्व विद्यालय में ही पढ़ेंगे। यह फैसला बेसिक शिक्षा विभाग ने लिया है। दरअसल इन विद्यालयों का विलय जिन स्कूलों में किया गया था वे एक किमी से ज्यादा दूर हैं। ऐसे में बच्चों को स्कूल जाने में परेशानी हो रही थी। इसको देखते हुए विभाग ने यह फैसला किया है। इससे 400 बच्चों को राहत मिलेगी। शासन के निर्देश पर जिले में 50 से कम छात्रों वाले 72 स्कूलों के विलय का निर्देश जारी किया गया था। उत्तर प्रदेशीय शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष प्रवीन शर्मा ने बताया कि प्राथमिक विद्यालय नंगला चीती का प्राथमिक विद्यालय चीती में विलय हुआ है जिसकी दूरी दो किमी है। ऐसे कई स्कूल हैं जिनका विलय निरस्त किया जाना चाहिए।

**इन स्कूलों का विलय रुका:** बीएसए राहुल पंवार ने बताया कि इन स्कूलों में करीब 400 बच्चे हैं जो अब अपने घर के नजदीक के विद्यालय में ही जा सकेंगे।


**कार्यालय ग्राम पंचायत सिडलऊ नजरपुर वि0खं0 डिलारी,मुरादाबाद**

पत्रांक- 04/ग्राम निधि/ निविदा / विज्ञापन / 2025-26 दिनांक 07/08/2025


**अल्पकालीन निविदा सूचना**

विकास खण्ड डिलारी की ग्राम पंचायत सिडलऊ नजरपुर, में ग्राम निधि /15 व वित्त योजना के अंतर्गत मिट्टी /नाली/ सी०सी०/टाईल्स० सड़क का निर्माण कराया जाना है। उक्त कार्य हेतु सामग्री की आपूर्ति हेतु सीलबन्द निविदा ग्राम पंचायत कार्यालय पर दिनांक 14/08/2025 की दोपहर 3 बजे तक आमंत्रित की जाती जो उसी दिन दिनांक 14 /08 /2025 को 4 बजे खोली जाएँगी । कार्य से संबंधित बिल ऑफ क्वांटिटी निविदा पात्र के साथ कार्य दिवस में कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है। निविदा की शर्त एवं प्राक्लन आदि किसी भी कार्य दिवस में कार्यालय में देखी जा सकती है। नियमानुसार धरोहर राशि एन०एस०सी०/ बैंक ड्राफ्ट / एफ०डी०आर के रूप में जमा करनी होगी, जो ग्राम पंचायत के नाम बंधक होगी। अवकाश की दशा में उक्त निविदा अगले कार्य दिवस में खोली जायेगी।

| क्र० सं० | कार्य का नाम | समग्री का विवरण | समग्री की अनुमानित लागत | जमानत की 2 प्रतिशत धनराशि | निविदा प्रपत्र मूल्य | कार्य पूर्ण की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | मतलूब हाजी जी के घर से अबरार के घर तक नाली + सीसी टाइल्स कार्य | टाइल्स, सीमेंट, रोड़ी, ईंट आदि | 448290 | 8966 | 100/- | 1 सप्ताह |
| 2 | जुम्मा के घर से मुकीम के घर तक सीसी टाइल्स रोड निर्माण कार्य | " | 450350 | 9007 | 100/- | 1 सप्ताह |
| 3 | कलुआ के घर से ताहिर मियां के घर तक सीसी रोड निर्माण कार्य | " | 453200 | 9064 | 100/- | 1 सप्ताह |
| 4 | जामीन हसन के घर से दाऊद के घर तक नाली + सीसी टाइल्स निर्माण कार्य | " | 455350 | 9107 | 100/- | 1 सप्ताह |
| 5 | जगदीश मास्टर के घर से हाजी हनीफ के घर तक नाली + सीसी टाइल्स कार्य | " | 456800 | 9136 | 100/- | 1 सप्ताह |
| 6 | मोहम्मद के घर से बब्बू पाशा के घर तक नाली + सीसी टाइल्स कार्य | " | 460520 | 9210 | 100/- | 1 सप्ताह |

मुख्य शर्तें:-
1. उपरोक्त कार्य के लिये पंजीकृत फर्म जी एस टी नंबर सहित निविदा प्रपत्र देय होगा।
2. कार्यों का अनुबन्ध सक्षम स्तर से अनुमोदन / स्वीकृति प्राप्त होने के उपरान्त किया जायेगा।
3. इस निविदा को बिना करण बताये पूर्ण या आंशिक रूप से निरस्त करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी के पास होगा सशर्त या अपूर्ण निविदाएं किसी भी दशा में मान्य नहीं होगी।

सचिव/ग्राम प्रधान
ग्राम पंचायत सिडलऊ नजरपुर
डिलारी मुरादाबाद


We will either find a way or make one...

**द्वारिकेश शुगर इंडस्ट्रीज लिमिटेड**

(पंजीकृत कार्यालय: द्वारिकेश नगर-246762, जिला: बिजनौर, उत्तरप्रदेश),
फोन नं: +91 01343 267061-64, फैक्स नं: +91 01343 267065, ईमेल: investors@dwarikesh.com,
वेबसाइट: www.dwarikesh.com, सीआईएन: L15421UP1993PLC018642

**30 जून, 2025 को समाप्त तिमाही के लिए अलेखापरीक्षित वित्तीय परिणामों का उद्धरण**

(₹ लाख में)

| क्रम संख्या | विवरण | समाप्त तिमाही | | | समाप्त वर्ष |
|---|---|---|---|---|---|
| | | जून 30, 2025 (अलेखापरीक्षित) | मार्च 31, 2025 (लेखापरीक्षित)* | जून 30, 2024 (अलेखापरीक्षित) | मार्च 31, 2025 (लेखापरीक्षित) |
| 1 | प्रचालन से कुल आय (सकल) | 40,546.52 | 45,885.06 | 34,125.14 | 1,35,888.34 |
| 2 | अवधि के लिए निवल लाभ/(हानि) (कर, अपवादात्मक तथा/या असाधारण मदों से पूर्व) | (1,302.97) | 8,763.34 | (1,498.89) | 5,246.05 |
| 3 | कर पूर्व, अवधि के लिए निवल लाभ/(हानि) (अपवादात्मक तथा/या असाधारण मद उपरांत) | (1,302.97) | 8,763.34 | (1,498.89) | 5,246.05 |
| 4 | कर उपरांत, अवधि के लिए निवल लाभ/(हानि) (अपवादात्मक तथा/या असाधारण मद उपरांत) | (938.41) | 4,633.00 | (972.59) | 2,333.57 |
| 5 | अवधि के लिए कुल व्यापक आय (अवधि के लिए लाभ/(हानि) (कर उपरांत) तथा अन्य व्यापक आय (कर उपरांत)) | (938.41) | 4,589.29 | (972.59) | 2,289.86 |
| 6 | पूर्ण प्रदत्त इक्विटी शेयर पूंजी (₹1/- रुपए अंकित मूल्य प्रति) | 1,853.01 | 1,853.01 | 1,853.01 | 1,853.01 |
| 7 | रिजर्व (पुनर्मूल्यांकित रिजर्व को छोड़कर) लेखापरीक्षित तुलन पत्र में दर्शाए गए | | | | 78,768.63 |
| 8 | सिक्योरिटीज प्रीमियम अकाउंट जैसा कि ऑडिटेड बैलेंस शीट में दिखाया गया है | | | | 14,688.11 |
| 9 | निवल मूल्य जैसा कि ऑडिटेड बैलेंस शीट में दिखाया गया है | | | | 80,621.64 |
| 10 | प्रति शेयर आय (₹1/- रुपए अंकित मूल्य वार्षिक नहीं) (चले रहे तथा बंद प्रचालनों के लिए) | | | | |
| | 1. मूल (₹) | (0.51) | 2.50 | (0.52) | 1.26 |
| | 2. तनुकृत (₹) | (0.51) | 2.50 | (0.52) | 1.26 |

*31 मार्च, 2025 को समाप्त तिमाही के आंकड़े पूर्ण वित्तीय वर्ष के संबंध में लेखापरीक्षित आंकड़ों और वित्तीय वर्ष की तीसरी तिमाही तक प्रकाशित अलेखापरीक्षित आंकड़ों के बीच संतुलन के आंकड़े हैं।

**टिप्पणी :**
1. उपरोक्त वित्तीय परिणामों की लेखापरीक्षा समिति द्वारा समीक्षा और सिफारिश की गई है तथा निदेशक मंडल द्वारा गुरुवार, 7 अगस्त, 2025 को आयोजित बैठक में अनुमोदित कर रिकॉर्ड में ले लिया गया है।
2. सेबी (सूचीबद्धता दायित्व और प्रकटीकरण आवश्यकताएँ) विनियम, 2015 के विनियम 33 के अंतर्गत अपेक्षित समीक्षा रिपोर्ट कंपनी के लेखा परीक्षकों द्वारा पूरी कर ली गई है।
3. उपर्युक्त, सेबी (सूचीबद्धता दायित्व और प्रकटीकरण आवश्यकताएँ) विनियम, 2015 के विनियम 33 के तहत स्टॉक एक्सचेंज में 30 जून, 2025 को तिमाही के लिए फाइल किए गए वित्तीय परिणाम के विस्तृत प्रपत्र का उद्धरण है। उपर्युक्त परिणामों का पूर्ण प्रपत्र बीएसई की वेबसाइट (www.bseindia.com) तथा एनएसई वेबसाइट (www.nseindia.com) के साथ ही साथ कंपनी की वेबसाइट (www.dwarikesh.com) पर उपलब्ध हैं। नीचे दिए गए क्यूआर कोड को स्कैन करके इसे देखा जा सकता है:

स्थान: मुंबई
दिनांक: 7 अगस्त, 2025

निदेशक मंडल की ओर से
**कृते द्वारिकेश शुगर इंडस्ट्रीज लिमिटेड**
**बी जे माहेश्वरी**
प्रबंध निदेशक एवं सीएस सह सीसीओ
डीआईएन: 00002075

Adfactors 347/25



**उत्तर रेलवे**

**ई-नीलामी सूचना**

- मुरादाबाद मंडल से शुरू होने वाली ट्रेनों के 35 एस.एल.आर गाड़ी सं: 14320 (F-I, F-II, R-I),, 14236 (F-I, F-II), 14321 (F-I), 14718 (F-I, F-II, R-I), 12091 (F-I, F-II, R-I), 14315 (F-I, F-II, R-I), 14605 (F-I), 12037 (F-I), 15120 (F-I), 12018 (F-I) 14887 (F-I, F-II,R-I) 14304 (F-I,F-II,R-I), 14306 (F-I, F-II, R-I), 14314 (F-I,F-II,R-I), 18478 (R-I), 12328 (F-I), 13010 (F-I), 19032 (R-I), के पार्सल स्पेस को लीज पर 2 साल की अवधि के लिए देने हेतु ई-नीलामी के तहत दिनांक 20.08.25 (Timings: 10:00 am) को बोली के माध्यम से आमंत्रित की जाएगी। इसके लिए विस्तृत नियम और शर्तें www.ireps.gov.in वेबसाइट पर ही उपलब्ध हैं।
- मुरादाबाद मंडल से शुरू होने वाली ट्रेनों के 34 एस. एल. आर: गाड़ी सं 14816 (F-I, F-II, R-I), 19566 (F-I, F-II, R-I), 12912 (F-I), 14308 (F-I, F-II, R-I), 14631 (F-I, F-II, R-I), 14230 (F-I, F-II, R-I), 12056 (F-I), 14310 (F-I), 14042 (F-I, F-II, R-I), 14120 (F-I), 14090 (F-I, F-II, R-I), 14318 (F-I), 15019 (F-I), 19272 (F-I), 14311 (F-I),14609 (F-I), 12402(F-I), 19610 (R-I), 15006 (F-I,R-I) के पार्सल स्पेस को लीज पर 2 साल की अवधि के लिए देने हेतु ई-नीलामी के तहत दिनांक 21.08.25 (Timings: 10:00 am) को बोली के माध्यम से आमंत्रित की जाएगी। इसके लिए विस्तृत नियम और शर्तें www.ireps.gov.in वेबसाइट पर ही उपलब्ध हैं।

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ 2401/25



**पश्चिमांचल विद्युत वितरण निगम लि0**
अधीक्षण अभियन्ता, विद्युत वितरण मण्डल, सम्भल

**अल्पकालीन ई-निविदा सूचना: 06/EDC(S) 2025-26 दिनांक: 07.08.2025**

**कार्य का नाम:** विद्युत वितरण सम्भल के कार्य क्षेत्र में पूर्ण जमा योजना के अर्न्तगत मै0 अरोरा एरोमेटिक्स प्रा0 लि0 हेतु 11 के0वी0 स्वतंत्र पोषक लाईन निर्माण का कार्य

| | |
|---|---|
| प्रपत्र शुल्क: रू0 3540 | धरोहर राशि: रू0 18.00 हजार |

**निविदा की अन्तिम तिथि: 22 अगस्त 2025, 12.00 बजे**

विस्तृत जानकारी एवं प्रपत्र वेबसाइट **https://etender.up.nic.in/** पर उपलब्ध हैं अग्रेतर समस्त सूचनाएं वेबसाइट पर ही प्रदर्शित की जाएंगीं

पत्रांक: 6268 वि0वि0म0सं0 / आ0-2 / विज्ञापन दिनांक: 07.08.2025



**उत्तर रेलवे**

**ई-नीलामी**

वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक / कोचिंग, (ए.सी.ओ) उत्तर रेलवे मुरादाबाद मंडल के द्वारा वाणिज्य विज्ञापन, ई.वी चार्जिंग कम पार्किंग, बैटरी ऑपरेटेड व्हीकल, मेडिकल आउटलेट, पूजा सामग्री काउंटर, डिजिटल लाकर एवं स्लीपिंग पॉड्स के ठेके को संचालन एवं आवंटन हेतु ई-बोलियाँ website: www.ireps.gov.in पर दिनांक 22.08.2025 को आमंत्रित की गयी है, इनकी विस्तृत जानकारी, नियम व शर्तें www.ireps.gov.in पर उपलब्ध है।

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ 2407/2025



**कार्यालय ग्राम पंचायत सिरसवां हरचन्द**
**विकास खण्ड-भगतपुर टाण्डा ( मुरादाबाद )।**

पत्रांक: मीमो /मनरेगा/ग्राम पंचायत/निविदा/2025-26 दिनांक: 04.08.2025

**अल्पकालीन निविदा सूचना**

ग्राम पंचायत सिरसवां हरचन्द विकास खण्ड भगतपुर टाण्डा (मुरादाबाद) की आयोजित बैठक दिनांक 02.10.2024 में पारित कार्य योजना के सापेक्ष मनरेगा योजनान्तर्गत में निम्न कार्य इस ग्राम पंचायत द्वारा जनहित में कराये जाने है। इच्छुक पंजीकृत आपूर्तिकर्ता/ठेकेदार दिनांक: 18.08.2025 को 12.30 बजे तक अपनी-अपनी निविदाएं अद्योहस्ताक्षरी के कार्यालय में अपने पंजीकरण प्रमाण पत्र/व्यापार कर के विभाग में पंजीकरण प्रमाण पत्र की छायाप्रति के तथा हैसियत प्रमाण पत्रों सहित नियमानुसार जमानत राशि के साथ/एफडीआर आदि संलग्न करते हुए अपनी-अपनी निविदाएं अद्योहस्ताक्षरी के ग्राम पंचायत कार्यालय में जमा कर सकते है। निविदाएं स्वीकृत/अस्वीकृत करने का पूर्ण अधिकार अद्योहस्ताक्षरी को निहित होगा। निविदाएं ग्राम पंचायत मुख्यालय पर दिनांक 18.08.2025 की अपरान्ह 3.30 बजे खोली जायेगी।

| क्र. सं. | कार्य तथा स्थल का नाम | कार्य की ल० मी० में | अनुमानित लागत लागत ( रू. लाख में ) | निविदा मूल्य | जमानत धनराशि | कार्य पूर्ण कराने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | ग्राम पंचायत सिरसवा हरचन्द में गौशाला में समुदाय के लिए मवेशी आश्रय निर्माण कार्य। | 25.00 मी0 | 836000.00 | 100 | 2% | 3 माह |

**प्रतिबंध/शर्तें:**-1. उपरोक्त कार्य के लिए पंजीकृत फर्म जी.एस.टी. नम्बर सहित निविदा प्रपत्र देय होगा। 2. इस निविदा को बिना बताये पूर्ण या आंशिक रूप से निरस्त करने का अधिकार अद्योहस्ताक्षरी के पास होगा, सशर्त या अपूर्ण निविदाएं किसी भी दशा में मान्य नहीं होगी।

**सचिव/ग्राम प्रधान ग्राम पंचायत सिरसवां हरचन्द**
**विकास खण्ड भगतपुर टाण्डा, मुरादाबाद**

# बीएफआई अधिकारी ने मिसबिहेव किया: लवलीना

- **ओलंपिक मेडलिस्ट बॉक्सर बोली: जूम पर मुझसे कहा-सिर नीचे करो जैसा हम कहते हैं वैसा करो**
- **विवाद बढ़ने के बाद कर्नल अरुण मलिक ने कहा- कि मुझे बदनाम किया जा रहा है**



**नई दिल्ली, वार्ता।** टोक्यो ओलिंपिक गेम्स में भारत को ब्रॉन्ज मेडल दिलाने वाली मुक्केबाज लवलीना बोरगोहन ने इंडियन बाक्सिंग एसोसिएशन (बीएफआई) के कार्यकारी निदेशक रिटायर्ड कर्नल अरुण मलिक पर मिसबिहेव के आरोप लगाए हैं। टीओआई के अनुसार, लवलीना ने अपमानजनक और लैंगिक भेदभावपूर्ण व्यवहार करने का आरोप लगाया है। 27 साल की मुक्केबाज ने 2 पेज की लिखित शिकायत की है। इसमें लिखा कि कर्नल मलिक ने 8 जुलाई को टाप्स की जूम मीटिंग में मेरे साथ अपमानजनक और तिरस्कार भरा व्यवहार किया।श इंडियन ओलिंपिक संघ (आईओए) ने इन आरोपों की जांच शुरू कर दी है।

आईओए ने तीन सदस्यीय जांच समिति बनाई है, जिसमें टाप्स के सीईओ नछत्तर सिंह जोहल, टेबल टेनिस खिलाड़ी शरत कमल और एक महिला वकील शामिल हैं। लवलीना बोरगोहन ने टोक्यो ओलिंपिक में भारत को ब्रॉन्ज मेडल दिलाया था। लवलीन ने 2 पेज का शिकायत पत्र खेल मंत्री मनसुख मंडाविया, साई डीजी टाप्स, आईओए और बाक्सिंग फेडेरेशन को भेजी। उन्होंने शिकायत में लिखा कि मीटिंग के बाद मुझे बहुत ठेस पहुंची, मैं दुखी और निराश हो गई। मैं सोचने लगी कि हम महिला खिलाड़ी क्या वाकई सम्मान के लायक समझे जाते हैं। उन्होंने लिखा कि मैं सिर्फ एक एथलीट के रूप में नहीं, बल्कि एक महिला के रूप में यह पत्र लिख रही हूं। जो सालों से देश की उम्मीदें बाक्सिंग रिंग में लेकर चलती रही है। लवलीना ने आगे लिखा कि 8 जुलाई को बीएफआई और टाप्स की मीटिंग में कर्नल मलिक ने मुझसे चिल्लाते हुए कहा-चुप रहो, सिर नीचे रखो और जो कहा जा रहा है वो करो।

उनका यह व्यवहार न केवल अपमानजनक था बल्कि महिलाओं के प्रति भेदभाव और ताकत दिखाने जैसा था। लवल.ीना को 2020 में अर्जुन पुरस्कार से सम्मानित किया गया था। वे ये पुरस्कार पाने वाली असम की छठवीं प्लेयर हैं। विवाद बढ़ने के बाद कर्नल अरुण मलिक ने कहा कि मुझे बदनाम किया जा रहा है। अरुण ने बताया कि मीटिंग में लवलीना ने 2 डिमांड की थी। पहली-हंगरी में वर्ल्ड चैंपियनशिप की ट्रेनिंग वह हंगरी में वर्ल्ड बाक्सिंग चैंपियनशिप में जाकर ट्रेनिंग करना चाहती थी। उस समय वर्ल्ड चैंपियनशिप की टीम का ऐलान नहीं हुआ था। इस पर मैंने कहा था कि टीम घोषित होने के बाद इस पर आगे की प्रक्रिया शुरू हो सकेगी। इसमें दिक्कत यह है कि आयोजन कमेटी (ब्रिटेन बाक्सिंग एसोसिएशन) ने वीजा के लिए 20 वर्किंग दिन चाहिए। वहां के वीजा के लिए पासपोर्ट जमा करना होगा।

अगर हंगरी के लिए करते हैं, तो फिर ब्रिटेन के वीजा के लिए दिक्कत आ जा सकती है। दूसरी- हंगरी में पर्सनल कोच ले जाना चाहती थी लवलीना ने हंगरी में पर्सनल कोच और फीजियो को ले जाने की बात कही थी। जूम काल में उनकी पर्सनल कोच भी जुड़ी थी। हमने उनको बताया कि सरकार और बीएफआई के नियमानुसार बाक्सिंग में पर्सनल कोच अलाउ नहीं है।

# बीसीसीआई को आरटीआई के दायरे में नहीं लाया जाएगा

BCCI

- **खेल मंत्रालय ने नेशनल स्पोर्ट्स गवर्नेंस बिल में संशोधन किया, सरकारी फंड लेने वाले फेडरेशन पर नियम लागू**

**नई दिल्ली, वार्ता।** बीसीसीआई अब भी आरटीआई के दायरे में नहीं आएगा। खेल मंत्रालय ने नेशनल स्पोर्ट्स गवर्नेंस बिल में संशोधन किया है। इसके अनुसार, अब केवल उन्हीं खेल संगठनों को इसके दायरे में लाया गया है, जो सरकारी अनुदान और सहायता लेते हैं। बीसीसीआई खेल मंत्रालय से कोई अनुदान नहीं लेता है।

हालांकि विभिन्न संगठन कई बार बीसीसीआई को आरटीआई (सूचना का अधिकार) के दायरे में लाने की मांग करते रहे हैं। खेल मंत्री मनसुख मंडाविया ने लोकसभा में नेशनल स्पोर्ट्स गवर्नेंस बिल, 2025 पेश किया था। इस बिल में खेलों के विकास के लिए नेशनल स्पोर्ट्स गवर्नेंस बाडी, नेशनल स्पोर्ट्स बोर्ड, नेशनल खेल इलेक्शन पैनल और नेशनल स्पोर्ट्स ट्रिब्यूनल बनाने के प्रावधान हैं। संसद में इस बिल को जीपीसी में भेजने की मांग भी उठी है। क्लाज 15 में बदलाव किया गया है पिछले महीने लोकसभा में पेश बिल के क्लाज 15(2) में कहा गया था कि किसी मान्यता प्राप्त खेल संगठन को इस अधिनियम के तहत अपने कार्यों, कर्तव्यों और शक्तियों के प्रयोग के संबंध में सूचना का अधिकार (आरटीआई) अधिनियम, 2005 के तहत एक सार्वजनिक प्राधिकरण माना जाएगा। बदले गए प्रावधान में लिखा है कि सिर्फ वे संस्थाएं आरटीआई के दायरे में आएंगी, जो सरकार से फंड या मदद लेती हैं।

अब सरकारी धन से चलने वाले संगठनों पर ही आरटीआई लागू होगा। इसका मतलब यह हुआ कि बीसीसीआई अब आरटीआई के दायरे में नहीं आएगा। मंत्रालय के एक सूत्र ने बताया कि सरकारी मदद सिर्फ पैसे तक सीमित नहीं है। अगर किसी खेल संगठन को इवेंट कराने के लिए इन्फ्रास्ट्रक्चर या कोई और सुविधा मिलती है, तो उसे भी आरटीआई के तहत लाया जा सकता है।

### संक्षिप्त खेल समाचार

## ऑस्ट्रेलिया महिला 'ए' टीम ने इंडिया 'ए' को 13 रन से हराया

**मकाय, वार्ता।** अनिका लीरॉइड (नाबाद 50) के बाद एमी एडगर और सियाना जिंजर (दो-दो विकेट) के शानदार प्रदर्शन के दम पर ऑस्ट्रेलिया महिला ए टीम ने गुरुवार को पहले टी-20 मुकाबले में इंडिया ए को 13 रनों से हरा दिया। 138 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी इंडिया ए की शुरुआत बेहद धीमी रही और उसने चौथे ओवर की पहली गेंद पर शेफाली वर्मा (तीन) का विकेट गंवा दिया। उस समय टीम का स्कोर 13 रन था। इसके बाद धारा गुज्जर (सात), दिनेश वृंदा (पांच) रन बनाकर आउट हुई। 12वें ओवर में उमा छेत्री (31) रन बनाकर चौथे विकेट के रूप में आउट हुई। इसके बाद राघवी बिष्ट और कप्तान राधा ने पारी को संभालने का प्रयास किया।

## नेरोका एफसी और इंडियन नेवी ने खेला गोलरहित ड्रॉ

**इम्फाल, वार्ता।** नेरोका एफसी और इंडियन नेवी एफटी ने 134वें इंडियनऑयल डूरंड कप के ग्रुप एफ में खुमान लम्पक मेन स्टेडियम में कड़े मुकाबले में गोलरहित ड्रॉ खेला और एक-एक अंक अर्जित किया। कई मौकों और आशा.जनक क्षणों के बावजूद, दोनों टीमें इस मैच में निर्णायक मोड़ लेने में नाकाम रहीं, जिसमें मिडफील्ड की लड़ाई और रक्षात्मक संगठन पर जोर था। नेरोका के मुख्य कोच ज्ञान मोयन ने इम्फाल डर्बी से अपनी शुरुआती एकादश में तीन बदलाव किए और 4-2-3-1 की फॉर्मेशन में बदलाव किया। जेटली सोरोखैबम गोलकीपर के रूप में आए, गोटीमायुम मुक्तसना को मिडफ़ील्ड की भूमिका सौंपी गई, और ब्राजीलियाई लुकास दा सिल्वा ने डिफेंस में जगह बनाई।

# भारत दौरे के लिए सैम कोंस्टॉस ऑस्ट्रेलिया 'ए' टीम में

- **ऑस्ट्रेलिया 'ए' टीम सितम्बर में लखनऊ में भारत 'ए' के खिलाफ दो लाल गेंद के चार दिवसीय मैच खेलेगी**

**सिडनी, वार्ता।** ऑस्ट्रेलिया ने अगले महीने होने वाले भारतीय दौरे के लिए सैम कोंस्टॉस, नेथन मैकस्वीनी और ओलिवर पीक को ऑस्ट्रेलिया ए टीम में चुना है।

ऑस्ट्रेलियाई ए टीम सितंबर में लखनऊ में भारत ए के खिलाफ दो लाल गेंद के चार-दिवसीय मैच खेलेगी। चयनकर्ताओं ने ऑस्ट्रेलिया के 2027 की टेस्ट दौरे को ध्यान में रखते हुए कोंस्टॉस, नेथन मैकस्वीनी और ओलिवर पीक को टीम में जगह दी है। इसके अलावा ओपनर कैम्पबेल केल्लावे भी इस टीम में शामिल हैं। हाल ही में श्रीलंका ए के खिलाफ ऑस्ट्रेलिया ए सीरीज में अच्छा प्रदर्शन करने वाले जेक वेदराल्ड, जेसन सांघा और कर्टिस पैटरसन, मार्कस हैरिस, कैमरन बैनक्राफ्ट और मैट रेनशॉ को टीम में जगह नहीं मिली है। राष्ट्रीय चयनकर्ता ने यह टीम स्पष्ट रूप से युवा खिलाड़ियों को भारतीय परिस्थितियों का अनुभव देने के दीर्घकालिक दृष्टिकोण से चुनी है, क्योंकि ऑस्ट्रेलिया को जनवरी-फरवरी 2027 में पांच मैचों की टेस्ट सीरीज के लिए भारत का दौरा करना है। तब तक संभावना है कि ऑस्ट्रेलिया की टॉप-6 की संरचना कुछ अलग हो सकती है क्योंकि उस समय तक उस्मान ख्वाजा के खेलने की संभावना नहीं है और स्टीवन स्मिथ भी 2027 में 38 वर्ष के हो जाएंगे। 2023 में भारत में चार टेस्ट में 14 विकेट लेने वाले ऑफ स्पिनर टॉड मर्फी को टीम में शामिल किया गया है, एक अन्य ऑफ स्पिनर कोरे रॉकीचियोली को भी मौका मिला है। बाएं हाथ के स्पिन ऑलराउंडर कूपर कॉनोली भी उपमहाद्वीप में कुछ बहुमूल्य अनुभव प्राप्त करने का अवसर मिलेगा। इसके अलावा सीम गेंदबाजी ऑलराउंडर ऐरन हार्डी, लियाम स्कॉट और जैक एडवर्ड्स को भी टीम में शामिल किया गया है, जिसमें जैक पहली बार ऑस्ट्रेलिया ए के लिए खेलेंगे। इसके अलावा तेज गेंदबाज लांस मॉरिस और जेवियर बार्टलेट को भी इस दौरे के लिए चुना गया है।

# मैंने ऋषभ पंत से माफी मांगी: क्रिस वोक्स

**जवाब मिला कि फिर से मैदान पर मिलेंगे, भारतीय विकेटकीपर के पैर में फ्रैक्चर हुआ था**



**लंदन, वार्ता।** इंग्लैंड के आलराउंडर क्रिस वोक्स ने ऋषभ पंत से अपनी बातचीत का खुलासा किया है। वोक्स ने द गार्जियन को दिए इंटरव्यू में बताया कि उन्होंने टेस्ट सीरीज के दौरान अपनी गेंद पर पैर के अंगूठे में फ्रैक्चर के लिए ऋषभ पंत से माफी मांगी थी, जिसके बाद वे अपने भारतीय प्रतिद्वंद्वी की उदारता से काफी प्रभावित हुए। वोक्स और पंत दोनों ही सीरीज के दौरान गंभीर चोटों के बावजूद बल्लेबाजी के लिए उतरकर अपनी-अपनी टीमों के लिए साहस के प्रतीक बन गए। जहां पंत ने मैनचेस्टर में अपने पैर के टूटे अंगूठे के बावजूद बल्लेबाजी की तो वहीं वोक्स पांचवें टेस्ट के दौरान कंधे की हड्डी खिसकने के बावजूद क्रीज पर उतरे थे। 23 जुलाई को मैनचेस्टर में पांचवें टेस्ट के पहले दिन 68वें ओवर में पंत चोटिल हो गए। क्रिस वोक्स की यार्कर पर पंत ने रिवर्स स्वीप करने की कोशिश की, लेकिन गेंद उनके बैट से लगकर जूते पर जा लग गई। इसके बाद उन्हें रिटायर हर्ट होना पड़ा। हालांकि, जरूरत पड़ने पर पंत ने लंगड़ाते हुए बल्लेबाजी की और 54 रन की पारी खेली। यह मैच बराबरी पर छूटा था। वोक्स ने कहा कि मैंने देखा कि ऋषभ ने इंस्टाग्राम पर सैल्यूट इमोजी के साथ मेरी एक तस्वीर डाली थी, तो मैंने उन्हें धन्यवाद देते हुए जवाब दिया कि प्यार के लिए शुक्रिया और उम्मीद है कि पैर ठीक होगा। फिर पंत ने मुझे एक वाइस नोट भेजा, जिसमें कहा- उम्मीद है सब ठीक होगा, उबरने के लिए शुभकामनाएं और उम्मीद है कि हम किसी दिन फिर से मैदान पर मिलेंगे।, इसके बाद मैंने मैंने टूटे हुए पैर के लिए उनसे माफी मांगी। गिल ने मुझसे कहा-आपने अविश्वसनीय बहादुरी दिखाई वोक्स ने यह भी कहा कि 5वें टेस्ट में बल्लेबाजी के लिए आने पर भारतीय कप्तान गिल ने उनकी सराहना की थी।

# उत्तर क्षेत्र की कमान गिल को



**नई दिल्ली, वार्ता।** भारतीय टेस्ट टीम के कप्तान शुभमन गिल को आगामी दलीप ट्रॉफी 2025-26 के लिए उत्तर क्षेत्र की कमान सौंपी गई। चयनकर्ताओं ने आज शुभमन गिल की अगुवाई में दलीप ट्रॉफी के लिए उत्तर क्षेत्र की 15 सदस्यीय टीम की घोषणा कर दी है।

इस दौरान हुए विचार विमर्श के बाद यह फैसला लिया गया कि अगर भारतीय टीम की सीरीज और दलीप ट्रॉफी मैचों का आपस में टकराव होता है तो शुभमन गिल की जगह शुभमन रोहिता, अर्शदीप सिंहे की जगह गुरनूर बरार तथा हर्षित राणा की जगह अर्जुन ठकराल उत्तर क्षेत्र की ओर से खेलेंगे। दलीप ट्राफी के लिए उत्तर क्षेत्र टीम इस प्रकार है: कि शुभमन गिल (कप्तान), शुभमन खजुरिया, अंकित कुमार (उपकप्तान), आयुष बदौनी, यश ढुल, अंकित कलसी, निशांत सिंधु, साहिल लोतरा, मयंक डागर, युद्धवीर सिंह चरक, अर्शदीप सिंह, हर्षित राणा, अंशुल काम्बोज,अुकब नबी, कन्हैया वाधवन (विकेटकीपर)।

# टीम इंडिया के प्रदर्शन के कायल हुए गैरी

- **कहा: भारत ने जिस तरह सीरीज में बराबरी की, उसे देखकर रोमांचित हूं**



**नई दिल्ली, वार्ता।** पूर्व दक्षिण अफ्रीकी क्रिकेटर और भारत की 2011 की विश्व कप विजेता टीम के कोच रहे गैरी कर्स्टन ने क्रिकेट पर ज्यादा सवालों के जवाब तो नहीं दिए, लेकिन इतना जरूर कहा कि जिस तरह भारत ने इंग्लैंड में टेस्ट सीरीज 2-2 से ड्रा खेली उसे देखकर वह रोमांचित हैं। भारत ने द ओवल में खेले गए पांचवें और अंतिम टेस्ट मैच में इंग्लैंड को छह रनों से हराकर शानदार अंदाज में सीरीज बराबर की। जो रूट और हैरी ब्रुक के शतकों ने इंग्लैंड को ऐतिहासिक लक्ष्य का पीछा करने के कगार पर ला खड़ा किया था, लेकिन पांचवें दिन दबाव में धारदार गेंदबाजी से भारतीय गेंदबाजों ने मैच का रुख पलट दिया। अंतिम दिन की शुरुआत में, इंग्लैंड को चार विकेट शेष रहते केवल 35 रनों की आवश्यकता थी। प्रसिद्ध कृष्णा ने अपनी पहली दो गेंदों पर दो चौके खाये , जिससे भारतीय उम्मीदें कुछ देर के लिए डगमगा गईं। लेकिन मोहम्मद सिराज ने अपनी अदम्य ऊर्जा से, जेमी स्मिथ को एक ऐसी गेंद पर आउट करके मैच का रुख बदल दिया जो देर से सीम करती हुई आई थी, और अगली ही गेंद पर गस एटकिंसन को लगभग आउट कर दिया था। इसके बाद सिराज ने अपने अगले ओवर में जेमी ओवरटन को एलबीडब्ल्यू आउट कर दिया, गेंद लेग स्टंप से थोड़ा छूकर गई थी-रिव्यू पर अंपायर का फैसला बरकरार रहा। प्रसिद्ध जोश टंग की परीक्षा लेने के लिए लौटे, उन्हें लगभग एलबीडब्ल्यू आउट कर ही दिया था, लेकिन रिव्यू ने टंग को कुछ समय के लिए बचाए रखा। हालांकि, कुछ ओवर बाद उन्होंने तेज़ गेंदबाजी करते हुए टंग को आउट कर दिया, जिससे इंग्लैंड के नौ रन पर नौ विकेट गिर गए। जब 11 रन की ज़रूरत थी, तब इंग्लैंड की आखिरी उम्मीद क्रिस वोक्स पर टिकी थी, जो कंधे की चोट के बावजूद बाएं हाथ से बल्लेबाजी करने उतरे और सभी को चौंका दिया। एटकिंसन ने उन्हें बचाने की को.शिश की, यहां तक कि सिराज पर छक्का भी जड़ दिया। लेकिन यह प्रतिरोध ज्यादा देर तक नहीं चला। सिराज ने एटकिंसन के डिफेंस को भेदते हुए यादगार पांच विकेट हासिल किए और भारत को जीत दिलाई। पूर्व भारतीय कोच गैरी कर्स्टन ने वर्तमान कोच गौतम गंभीर और शुभमन गिल की अगुवाई वाली युवा टीम की जमकर तारीफ की। उन्होंने कहा कि मैं भारतीय क्रिकेट टीम (इंग्लैंड में उनके शानदार प्रदर्शन के लिए) और गौतम गंभीर के लिए भी खुश हूं। मैं उन्हें अच्छी तरह जानता हूं और इंग्लैंड में एक टीम के रूप में उन्होंने जो हासिल किया है उसे देखकर खुश हूं। गैरी कर्स्टन ने भारत के मुख्य कोच गौतम गंभीर के नेतृत्व की सराहना की। कर्स्टन ने कहा कि वह अपने पूर्व छात्र गंभीर और उनकी टीम द्वारा दबाव में हासिल की गई उपलब्धि से 'वास्तव में प्रसन्न' हैं। उन्होंने कहा,"मैं बहुत उत्साहित हूं कि भारत ने सीरीज जीत ली( मेरा मतलब है, सीरीज़ बराबर कर दी। कर्स्टन ने 2011 विश्व कप में भारत को जीत दिलाई थी और उस टीम में गंभीर भी अहम सदस्य थे।

## अंगद चीमा ने तीसरे राउंड में शीर्ष स्थान हासिल किया

**अहमदाबाद, वार्ता।** चंडीगढ़ के अंगद चीमा (69-67-69) ने अहमदाबाद के केंसविले गोल्फ एंड कंट्री क्लब में खेले जा रहे एक करोड़ रुपये की पुरस्कार राशि वाले कोल इंडिया ओपन के तीसरे राउंड में लगातार तीन अंडर 69 का स्कोर बनाकर बढ़त बना ली। अंगद का कुल स्कोर 11 अंडर 205 है। नोएडा के अमरदीप मलिक (69-65-72) अंतिम राउंड से पहले राउंड में इवन-पार 72 का स्कोर बनाकर कुल 10 अंडर 206 के स्कोर के साथ दूसरे स्थान पर हैं । चंडीगढ़ के एक अन्य गोल्फर करणदीप कोचर (69-70- 69) ने गुरुवार को 69 का स्कोर बनाकर तीसरा स्थान हासिल किया। पुणे के उदयन माने, जिन्होंने पहले राउंड में 78 का स्कोर बनाकर सप्ताह की शुरुआत की थी, ने लगातार दूसरे दिन 66 का स्कोर बनाकर शानदार वापसी की और लीडरबोर्ड पर बड़ी बढ़त हासिल की।

# विश्वास और समर्थन बदलाव ला सकते हैं: सानिया मिर्जा, पीवी सिंधु

- **भारत ने महिला खेल पोडियम से मुनाफे तक एक कहानी का निर्माण लांच हुई**

**मुंबई, वार्ता।** भारतीय खेलों के इतिहास में यह एक ऐतिहा.सिक क्षण था, जब कैप्री स्पोर्ट्स फाउंडेशन के द स्पोर्ट्स वीमेन हडल में बहुप्रतीक्षित रिपोर्टकि भारत में महिला खेल: पोडियम से मुनाफे तक - एक कहानी का निर्माण' लॉन्च हुई। केपीएमजी स्पोर्ट्स एडवाइजरी के सहयोग से तैयार की गई यह रिपोर्ट, भारत में महिला खेलों के व्यावसायिक पारिस्थितिकी तंत्र में अपनी तरह की पहली गहन पड़ताल है, जिसमें दर्शकों के रुझान, ब्रांड साझेदारी, प्रायोजन डेटा और सामाजिक प्रभाव शामिल हैं। यह विस्तृत शोध कार्य महिला प्रीमियर लीग जैसी लीगों के तेजी से बढ़ते विकास, सोशल मीडिया पर महिला एथलीटों के बढ़ते प्रभाव और विकसित होते प्रशंसक आधार पर प्रकाश डालता है जो अब उतना ही सक्रिय, लिंग-भेद-रहित और वफ़ादार है। खेल जगत की प्रतिभा की पृष्ठभूमि में, बुधवार की एक शानदार शाम को, इस कार्यक्रम ने न केवल भारतीय खेलों में महिलाओं के उत्थान का जश्न मनाया, बल्कि एक ऐसे उद्योग के भविष्य का भी जश्न मनाया जो एक बड़े बदलाव के कगार पर है। सिंधु, सानिर्या , दीपा और अतीका जैसी सितारों की उपस्थिति में, माहौल भावनाओं, गर्व और उद्देश्य से भर गया।

# सिराज को वह सम्मान नहीं मिलता, जो मिलना चाहिए: तेंदुलकर

- **तेंदुलकर ने अविश्वसनीय सिराज की तारीफ की, केएल राहुल के ऑफ स्टंप के आसपास और अपने खेल को सटीक फुटवर्क के साथ कसने की बात कहीं**




**नई दिल्ली, वार्ता।** लीजेंड बल्लेबाज सचिन तेंदुलकर ने उन कुछ भारतीय खिलाड़ियों की सराहना की है, जिन्होंने इंग्लैंड के खिलाफ पांच मैचों की टेस्ट सीरीज में अहम भूमिका निभाई। यह सीरीज, आखिरी दिन के दिल थाम देने वाले अंत के बाद 2-2 से बराबरी पर खत्म हुई।

तेंदुलकर ने 'अविश्वसनीय' मोहम्मद सिराज की तारीफ की, केएल राहुल के ऑफ स्टंप के आसपास अपने खेल को 'सटीक फुटवर्क' के साथ कसने की बात कही, यशस्वी जायसवाल के दोहरे शतकों, जज्बा और परिपक्वता की चर्चा की और शुभमन गिल के कप्तान के रूप में 'शांत और संयमित' रहने की भी तारीफ की।

इस सीरीज में कई मोड़, जोरदार टकराव और कुछ असाधारण व्यक्तिगत प्रदर्शन हुए, जैसे ऋषभ पंत और क्रिस वोक्स का चोटिल होने के बावजूद बल्लेबाजी करने आना। पंत ने पांच में से चार टेस्ट खेले और दो शतक व तीन अर्द्धशतक लगाए, जिनमें आखिरी पारी उन्होंने दाहिने पैर में फ्रैक्चर के साथ खेली।

उन्होंने 68-42 की औसत और 77-63 की स्ट्राइक रेट से रन बनाए। तेंदुलकर ने रेडिट पर कहा कि जो स्वीप शॉट उन्होंने खेला, उसमें वह गेंद के नीचे आना पसंद करते हैं ताकि उसे ऊंचाई के साथ स्कूप कर सकें। लोग सोचते हैं कि वह गिर गए हैं, लेकिन यह जानबूझकर किया गया है ताकि वह गेंद के नीचे आ सकें। ऐसे शॉट खेलने का राज यही है कि आप गेंद के नीचे आ सकें। यह एक योजना के तहत गिरना होता है, वह असंतुलित नहीं होते हैं।

यह सब गेंद की लेंथ पर निर्भर करता है। पंत के शॉट खेलने के तरीके और उनमें जो 'पंच' होता है, उसे 'ईश्वर का वरदान' बताते हुए तेंदुलकर ने कहा कि 'कई बार लोग सोचते हैं कि उन्हें यह शॉट नहीं खेलना चाहिए, यह सही समय नहीं है। लेकिन ऋषभ जैसे खिलाड़ी को अकेला छोड़ देना चाहिए। जब वह मैच बचाने की सोच रहे हो, तो उन्हें एक अलग तरीका अपनाना होगा। लेकिन उन्होंने यह समझ लिया है कि पारी को कैसे खेलना है, यह मैच की स्थिति पर निर्भर करता है। इस सीरीज में भारत के दो प्रमुख बल्लेबाज़ गिल और राहुल रहे, जिन्होंने क्रमश: 754 और 532 रन बनाए और मिलकर छह शतक लगाए। तेंदुलकर ने बताया कि दोनों बल्लेबाजों का 'सटीक फुटवर्क' इंग्लैंड की कठिन परिस्थितियों में देखने लायक था। कप्तान के रूप में गिल का रन योग डॉन ब्रैडमैन के 1936 में बनाए गए 810 रनों के बाद दूसरा सबसे अधिक था।

# निशानेबाजी लीग एक ऐतिहासिक क्षण होगा: रोंजन सोढ़ी

- **लीग प्रारूप एक ऐसी चीज है जिस पर हम लंबे समय से चर्चा कर रहे थे: सोढ़ी**

**नई दिल्ली, वार्ता।** पूर्व विश्व नंबर एक और ओलंपियन रोंजन सोढ़ी भारतीय निशानेबा.जी लीग का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं और उन्होंने इसे खेल के लिए एक ऐतिहासिक क्षण बताया है। भारत के सबसे प्रतिष्ठित ट्रैप निशानेबाजों में से एक, सोढ़ी ने कहा कि 'लीग प्रारूप एक ऐसी चीज है जिस पर हम लंबे समय से चर्चा कर रहे थे। भारतीय निशानेबाजी में अब जिस तरह की गहराई है, उसे देखते हुए यह सही कदम है। उन्होंने आगे कहा कि 'यह प्रशंसकों के लिए रोमांचक, युवा निशानेबाजों के लिए बेहतरीन और खेल के लिए बेहद जरूरी होगा। सोढ़ी ने आगे कहा कि इस लीग में भारतीय निशानेबा.जी को बदलने की क्षमता है।

अब यह केवल पदकों के बारे में नहीं है। यह एक संस्कृति के निर्माण के बारे में है। सोढ़ी का मानना है कि युवा घरेलू और अंतर्राष्ट्रीय निशानेबाज प्रतिभाओं के लिए एक बेहतरीन मंच होने के अलावा, यह लीग खेल की लोकप्रियता को भी बढ़ाएगी। उन्होंने कहा कि आप उस खेल से प्यार नहीं कर सकते जिसे आप देखते नहीं। बच्चों को प्रेरित होने के लिए उस खेल को देखना जरूरी है।

# पैर फिसलने से महिला नदी में डूबी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मूढ़ापांडे।** जनपद मुरादाबाद के थाना कटघर की ग्राम पंचायत बिकनपुर के गांव लोधीपुर बासु की रहने वाली 70 वर्ष महिला रामवती की रामगंगा नदी किनारे पैर फिसलने से नदी में डूब कर मौत हो गई। पूरा मामला मुरादाबाद के थाना कटघर क्षेत्र के गांव लोधीपुर बासु का है 70 वर्षीय महिला रामवती अपने पशुओं का चारा लेने के लिए रामगंगा नदी किनारे गई थी।

चारा काटते समय महिला का पैर पर फिसल गया और महिला नदी में जा गिरी नदी के पर कुछ ग्रामीण खेतों पर काम कर रहे थे वहीं ग्रामीण में देखा कि महिला नदी में बह गई ग्रामीण में शोर मचाया तभी और ग्रामीण मौके पर पहुंचे वही स्थानीय गोताखोरों ने महिला को नदी में ढूंढने का प्रयास किया मगर महिला का महिला का सबसे ज्यादा पानी होने के कारण नदी में नहीं मिल पाया। मृतक महिला के बेटे राजपाल ने बताया



कि हमारी माताजी हरा चारा लेने के लिए गई थी।

चीन की नदी में डूब कर मौत हो गई है महिला की डूबने सूचना जब मुरादाबाद प्रशासन को लगी तब थाना प्रभारी और तहसीलदार और लेखकपाल मौके पर पहुंचे लेकिन महिला का सब अभी भी लापता है वही चौकी प्रभारी में ग्राम वासियों को बताया कि एनडीआरएफ की टीम जल्दी गांव पहुंच रही है और पहुंच कर सबकी तलाश की जाएगी।

# अगवानपुर में झोलाछाप का अस्पताल सील

## छापेमारी के दौरान 7 दिन के नवजात का चल रहा था उपचार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**अगवानपुर।** नगर पंचायत में बुधवार को स्वास्थ्य विभाग की टीम ने छापेमारी की इस दौरान एक झोलाछाप का अस्पताल सील कर दिया छापे के दौरान अस्पताल में 7 दिन का नवजात भर्ती मिला जिसका उपचार चल रहा था। अगवानपुर में पीएचसी प्रभारी डॉ अमित सक्सेना के नेतृत्व में बुधवार को अगवानपुर के मोहल्ला सादात में एक अस्पताल में छापेमारी की गई। यह खुफिया तौर पर चलाया जा रहा था इस दौरान अस्पताल के बाहर कोई भी बोर्ड नहीं लगा हुआ था।

टीम ने अंदर का हाल देखा तो वहां पर्दे डाल रखे थे। अस्पताल में दाखिल होने पर टीम दंग रह गई अस्पताल में एक कमरे में बच्चों को भर्ती करने के लिए बैड पड़े मिले इस दौरान एनआईसीयू में 7 दिन का एक नवजात भर्ती मिला है वहीं जन्म के बाद से नवजात को दी जाने वाली कई तरह की दवाइयां भी रखी मिलीं। टीम को नवजात के पिता इमारन ने बताया कि उनका बच्चा दो दिन से यहां के अपस्ताल में भर्ती है। वहीं इससे पहले भी कुछ बच्चों का झोला छाप द्वारा इलाज करने की बात सामने आई है। टीम ने नवजात के पिता को किसी बेहतर जगह इलाज कराने की सलाह देकर भेज दिया। इसके बाद टीम ने अस्पताल का पंजीकरण और झोलाछाप की डिग्री खंगालने की कोशिश की। लेकिन वह पंजीकरण और डिग्री दोनों ही नहीं दिखा सका इसके बाद टीम ने आईपीडी के कमरे और एनआईसीयू सहित अस्पताल में सील लगा दी है।

डॉक्टर अमित ने बताया कि झोला छाप डॉक्टर गोशे आजम ने इंटर मीडिएट किया है, जबकि डाक्टर के अनुसार डी फार्मा की डिग्री प्रेसेज में बताई गई है अगवानपुर नगर से इस झोलाछाप डाक्टर की काफी शिकायतें मिल रही थीं किसी तरह की कोई डिग्री नहीं होने के बाद भी यह झोलाछाप नवजात की जिंदगियों से खिलवाड़ करता आ रहा था फिलहाल स्वास्थ्य विभाग की टीम ने फर्जी अस्पताल को सील कर दिया गया है। टीम का कहना है अगवानपुर के झोलाछापों के खिलाफ अभियान चलाया जाएगा विभाग द्वारा सील लगाने की सूचना मिलने पर अगवानपुर के झोलाछापों में हड़कंप मचा हुआ है।



## एक नजर

### 11 अगस्त को समस्त स्कूल, आंगनबाड़ी केन्द्र व मदरसा आदि में खिलाई जाएगी एल्बेंडाजोल



**बिलारी।** राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस के अंतर्गत 11 अगस्त को समस्त स्कूल आंगनबाड़ी केंद्र मदरसा इंटर कॉलेज आदि में खिलाई जाने वाली एल्बेंडाजोल की टेबलेट के संबंध में एक समन्वय बैठक सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बिलारी पर आयोजित की गई बैठक में खंड शिक्षा अधिकारी बाल विकास परियोजना अधिकारी नोडल अधिकारी इंटर कॉलेज नगरिया जाट मदरसा नोडल राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम के अंतर्गत समस्त डॉक्टर ब्लाक कार्यक्रम प्रबंधक एवं ब्लॉक कम्युनिटी प्रक्रिया प्रबंधक को चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर श्वेतांबरी त्यागी एवं डॉ0 रेशम बजाहट द्वारा जरूरी निर्देश देते हुए दिनांक 11 अगस्त को अधिक से अधिक बच्चों को एल्बेंडाजोल की टेबलेट खिलाने के निर्देश दिए गए यह सभी राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम की टीम उस दिन अलग-अलग स्कूलों में जाकर एल्बेंडाजोल की टेबलेट खिलाने का कार्य करेंगे। चिकित्सा अधिकारी द्वारा बताया गया की 11 अगस्त को समस्त स्कूल आंगनबाड़ी मदरसा आदि में एल्बेंडाजोल खिलाई जाएगी।

### छात्राओं ने एसडीएम को बांधी राखी



**बिलारी।** रक्षाबंधन के त्यौहार को लेकर बहनों में भारी खुशी है, रंग बिरंगी राखियों से बाजार सजे हैं उन पर खरीदारी की जा रही है इधर डॉक्टर देवेंद्र पाल सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज बिलारी की छात्राओं में एसडीएम विनय कुमार सिंह को उनके कार्यालय में जाकर राखी बांधी। इनमें हाई स्कूल में प्रदेश की मेरिट में स्थान पाने वाली रितु गर्ग भी शामिल रही। एस डी एम ने इन बहनों का सम्मान किया और इस स्नेह के लिए आभार भी जताया।

### प्रीपेड मीटर के विरोध के बाद अब उपभोक्ताओं को बिल में दो प्रतिशत राहत देने का प्रस्ताव

**कांठ।** स्मार्ट प्रीपेड मीटर लगवाने वाले उपभोक्ताओं को बिजली दरों में मिलने वाली राहत दो प्रतिशत से ज्यादा हो सकती है। पावर कॉरपोरेशन ने बिजली दरों में सुनवाई के दौरान केंद्र सरकार के प्रस्ताव को आधार बनाकर दाखिल किए गए सुझाव पर बिजली कंपनियों से जवाब मांगा है। केंद्र सरकार ने सभी बिजली कंपनियों से स्मार्ट प्रीपेड मीटर लगवाने वाले उपभोक्ताओं को 5 प्रतिशत तक राहत देने का विचार करने का सुझाव दिया है। पावर कॉरपोरेशन ने प्रीपेड मीटर लगवाने वाले उपभोक्ताओं को दो प्रतिशत राहत देने का प्रस्ताव दिया है।बिजली की नई दरें तय करने के दौरान हुई सुनवाई में प्रीपेड मीटर लगवाने वाले उपभोक्ताओं को ज्यादा राहत दिए जाने की मांग की गई है। राज्य विद्युत उपभोक्ता परिषद ने सभी बिजली कंपनियों में सुनवाई के दौरान केंद्र सरकार के सुझाव के आधार पर दो प्रतिशत का प्रस्ताव बढ़ाकर पांच प्रतिशत किए जाने की मांग रखी थी। अब जबकि सुनवाई की प्रक्रिया पूरी हो चुकी है और नियामक आयोग नई दरें तय करने की तरफ आगे बढ़ रहा है तो उसने सभी बिजली कंपनियों से इस पर जवाब मांगा है।

# राखी प्रतियोगिता में छात्राओ ने लिया बढ़-चढ़कर भाग



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बिलारी।** बहोरनपुर नरौली गांव स्थित प्रेम शांति इंटर कॉलेज में रक्षाबंधन पर्व पर विद्यालय की बहनों ने देश के प्रधानमंत्री, राष्ट्रपति , मुख्यमंत्री जी को राखी भेजने के लिए आज विद्यालय प्रांगण में राखीओ का निर्माण किया।

इसी बीच प्रधानाचार्य विजय पाल सिंह राघव ने राखी निर्माण का अवलोकन करते हुए कहा कि रक्षा का बंधन करने से ही देश मजबूत और महान बनता है। रक्षाबंधन का पर्व प्यार -प्रेम और सौहार्द का प्रतीक है। इस दिन बहनें भाइयों की कलाई पर रक्षा कवच (रक्षाबंधन) बांधकर रक्षा का वचन लेती हैं। रक्षाबंधन से संबंधित अनेकों पौराणिक कथा सुना कर छात्रों में श्रद्धा और आस्था का संचार किया। गुरुवार को विद्यालय की काजल ,मोहिनी शीतल, हीरावती,आरती, रचना, चंचल ,चिंकी , श्रद्धा, लक्ष्मी ,गुड़िया आदि विद्यालय की बहनों ने गीता देवी ,सजल राघव ,रचना कश्यप के निर्देशन में राखी निर्माण का कार्य किया। प्रधानाचार्य विजयपाल सिंह राघव ,आदित्य राघव, अनिल ,मनोज कुमार सहित विद्यालय स्टाफ का भी सहयोग रहा।

# रक्षाबंधन की तैयारी से सजीं दुकानें

## भाई-बहन के रिश्ते में घुली रौनक और रंगत



**चन्दौसी।** रक्षाबंधन नजदीक आते ही चन्दौसी की गलियों और बाजारों में उत्सव का रंग चढ़ने लगा है। हर मोड़, हर चौक और हर दुकान पर रेशमी रिश्ते की मिठास बिखरती दिख रही हैं। बाजारों में राखियों की बहार है: कहीं पारंपरिक धागे हैं, तो कहीं चमचमाती फैशनेबल राखियों की चमक; बच्चों के लिए कार्टून कैरेक्टर वाली राखियाँ भी खास आकर्षण बनी हुई हैं। नगर के मुख्य बाजारों में बाजारों में राखियों की रौनक है। दुकानदारों ने इस बार ग्राहकों की विविध पसंद का ध्यान रखते हुए राखियों की ढेरों वैरायटी पेश की है: किफायती से लेकर प्रीमियम तक।

पूजा थालियाँ, डेकोरेटिव पैकेट्स और रक्षा-सूत्र की रंग-बिरंगी सजावट ने हर दुकान को एक उत्सव स्थल बना दिया है। ग्राहकों में खासा उत्साह देखा जा रहा है। बहनों के चेहरों पर अपने भाइयों के लिए प्यार और स्नेह की चमक साफ झलक रही है, तो वहीं दुकानदार भी अच्छी बिक्री की उम्मीद में मुस्कुराते नजर आ रहे हैं। एक स्थानीय ग्राहक का कहना है कि इस बार बाजार में न केवल वैरायटी भरपूर है, बल्कि कीमतें भी संतुलित हैं। हर बजट के अनुसार राखियाँ उपलब्ध हैं। रक्षाबंधन केवल एक पर्व नहीं, यह एक भावनात्मक धागा है, जो भाई और बहन को जीवन भर के लिए जोड़ता है। और चन्दौसी के इन रंग-बिरंगे बाजारों की रौनक, उसी रिश्ते की गर्माहट और मिठास का प्रतीक है।

# बंद मकान का ताला तोड़कर चोरों ने उड़ाए जेवरात और नकदी

**चन्दौसी।** नगर के मोहल्ला हनुमानगढ़ी नई बस्ती में चोरों ने एक बंद मकान का ताला तोड़कर नकदी, जेवरात और कीमती सामान पर हाथ साफ कर दिया। घटना के संबंध में पड़ोस में लगे सीसीटीवी कैमरे में कुछ संदिग्ध लोगों की गतिविधियां भी कैद हुई हैं। पीडि़प्त परिवार की ओर से कोतवाली में तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की गई है। जानकारी के अनुसार, हनुमानगढ़ी नई बस्ती निवासी शुभदेव शर्मा परिवार सहित किराए के मकान में रहते हैं। शुभदेव की मां कमला देवी ने बताया कि उनका बेटा दस दिन पूर्व अपनी पत्नी और बच्चों को बरेली के फरीदपुर स्थित ससुराल में छोड़कर चारधाम यात्रा पर गया था। मकान में ताले लगे थे। बुधवार सुबह लगभग आठ बजे जब कमला देवी दिल्ली से लौटकर घर पहुंचीं, तो देखा कि मुख्य दरवाजे का ताला टूटा पड़ा था और अंदर का सारा सामान बिखरा पड़ा था। तुरंत ही उन्होंने बेटे को फोन कर चोरी की सूचना दी। कमला देवी के अनुसार, चोर करीब 20 हजार रुपये की नकदी, सोने-चांदी के आभूषण और अन्य कीमती सामान चुरा ले गए हैं। मोहल्ले में लगे सीसीटीवी कैमरे की जांच में सोमवार तड़के लगभग तीन बजे कुछ संदिग्ध व्यक्ति आते-जाते दिखाई दिए हैं। घटना की सूचना पर पहुंचे मकान स्वामी ने कोतवाली में तहरीर देकर जल्द से जल्द चोरों की गिरफ्तारी और चोरी गए सामान की बरामदगी की मांग की है। पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज के आधार पर जांच शुरू कर दी है और आसपास के इलाकों में संदिग्धों की पहचान का प्रयास किया जा रहा है।

# निषाद पार्टी कार्यकर्ताओं ने विधायक प्रतिनिधि को सौंपा ज्ञापन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बिलारी।** नगर के डाक बंगला के निकट स्थित सपा कैंप कार्यालय एमआई हाउस पर गुरुवार को निर्बल इंडियन शोषित हमारा आम दल निषाद पार्टी के पदाधिकारी और कार्यकर्ताओं ने सपा विधायक हाजी मोहम्मद फहीम इरफान के प्रतिनिधि एवं छोटे भाई मोहम्मद हस्सान उर्फ फैजी से मिलकर मछुआ समुदाय की उपजातियों निषाद, केवट, मल्लाह, बिंद, कहार, कश्यप, रायकवार, धीवर, तुरहा आदि को संविधान के अनुच्छेद 341 के अनुसार अनुसूचित जाति में सूचीबद्ध मझवार तुरैहा को परिभाषित कराने की मांग को लेकर ज्ञापन सौंपा।



इस दौरान जिलाध्यक्ष लाल सिंह कश्यप ने कहा कि कश्यप समाज की 17 जातियों को अनुसूचित जाति में शामिल किया जाए। यदि सरकार हमारी मांगों को पूरा नहीं करती तो आने वाले चुनाव में संगठित होकर इसका जवाब दिया जाएगा। मांग कि उन्हें अनुसूचित जाति में शामिल किया जाए ताकि उन्हें आरक्षण का लाभ मिल सके, जो कि संवैधानिक अधिकार है। इस दौरान सपा विधायक मोहम्मद हस्सान उर्फ फैजी ने कहा कि आपकी सभी मांगी को आगामी मानसून सत्र के दौरान विधानसभा में उठाया जाएगा। कहा कि साल 2004 2005 में मुलायम सिंह यादव की सरकार ने इस जाति को ओबीसी से एससी में शामिल करने के लिए केंद्र को एक प्रस्ताव भेजा था तत्कालीन यूपीए सरकार ने इसे मंजूरी नहीं दी और बाद में इलाहाबाद उच्च न्यायालय ने भी राज्य सरकार के आदेश को खारिज कर दिया। साल 2016 में अखिलेश यादव की सरकार में भी भी ऐसी ही कोशिश की लेकिन केंद्र की भाजपा सरकार ने इस मामले में फिर से कोई सी सहायता नहीं की। कहा कि यदि भाजपा सरकार इन 17 जातियों की एससी में शामिल नहीं करेगी तो सपा सरकार बनने पर सबसे पहले इन सभी जातियों को एससी जाति में शामिल कराया जाएगा।

इस अवसर पर भीमसैन कश्यप, रघुराज सिंह कश्यप, हरनारायण तुरैहा, हरवीर सिंह कश्यप, दिनेश कुमार, दीनदयाल, चेतन सिंह, ओमकार, पनमेश्वरी कश्यप आदि मौजूद रहे।

# मढ़ी मंदिर की भूमि पर अस्पताल निर्माण का विरोध, सौंपा ज्ञापन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**ठाकुरद्वारा।** नगर के मुरादाबाद हाईवे पर स्थित प्रसिद्ध शिव मढ़ी मंदिर सभा द्वारा आज मंदिर की भूमि गाटा संख्या 595 पर प्रस्तावित राजकीय आयुर्वेदिक चिकित्सालय के निर्माण का विरोध करते हुए उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को एक ज्ञापन सौंपा गया। यह ज्ञापन भारतीय जनता पार्टी के पूर्व जिलाध्यक्ष राजपाल सिंह चौहान के माध्यम से मुख्यमंत्री को प्रेषित किया गया। ज्ञापन में कहा गया है कि मढ़ी मंदिर की भूमि धार्मिक और सार्वजनिक आस्था से जुड़ी हुई है, और इसका उपयोग किसी भी सरकारी निर्माण के लिए उचित नहीं है। मंदिर सभा का कहना है कि नगर पालिका परिषद द्वारा राजकीय आयुर्वेदिक अस्पताल के लिए एक वैकल्पिक भूमि गाटा संख्या 595 गा का प्रस्ताव पारित किया गया था। इसके बावजूद राजस्व विभाग के कुछ अधिकारी मढ़ी मंदिर की भूमि गाटा संख्या 595 पर ही अस्पताल निर्माण कराने का प्रयास कर रहे हैं, जो न केवल अनुचित है बल्कि जनता की धार्मिक भावनाओं को भी आहत करने वाला है। सभा ने यह भी आरोप लगाया कि संबंधित विभाग द्वारा भूमि की पैमाइश तक नहीं करवाई गई है, और प्रशासनिक अधिकारियों की अनदेखी के चलते मंदिर भूमि पर अनावश्यक दबाव डाला जा रहा है। ज्ञापन में मुख्यमंत्री से मांग की गई है कि मढ़ी मंदिर की भूमि पर किसी प्रकार का सरकारी निर्माण कार्य न कराया जाए, और धर्मस्थल की गरिमा को ध्यान में रखते हुए वैकल्पिक भूमि पर ही आयुर्वेदिक चिकित्सालय का निर्माण सुनिश्चित किया जाए।

# मुस्लिम इंटर कॉलेज के प्राचार्य निलंबित कार्यवाहक प्रधानाचार्य बने लोकमन सिंह

**ठाकुरद्वारा।** नगर के मुस्लिम इंटर कॉलेज, में प्रशासनिक भूचाल तब आया जब विद्यालय की प्रवेश समिति ने कॉलेज के तत्कालीन प्राचार्य नईम अहमद को गंभीर आरोपों के चलते निलंबित कर दिया। यह कार्रवाई 4 अगस्त 2025 को आयोजित प्रवेश समिति की बैठक में प्रस्ताव संख्या-2 के तहत पारित की गई । प्राचार्य नईम अहमद पर अनियमितताओं और अनुशासनहीनता के कई गंभीर आरोप लगे हैं, जिनमें शामिल हैं । विद्यालय में मनमाने ढंग से प्रशासन चलाना छात्र निधियों का दुरुपयोग शिक्षकों और कर्मचारियों के साथ



दुर्व्यवहार छात्रों एवं अभिभावकों से अवैध वसूली विद्यालय परिसर में भय का माहौल बनाना चरित्रहीन गतिविधियाँ और झूठे मुकदमों का सहारा लेना इन आरोपों के आलोक में कॉलेज के प्रबंधक हाजी मुख्तार अहमद सैफी ने निलंबन आदेश जारी करते हुए बताया कि प्राचार्य नईम अहमद को तत्काल प्रभाव से पदमुक्त कर दिया गया है। साथ ही यह स्पष्ट किया गया कि जब तक जांच पूर्ण नहीं होती, वे कॉलेज परिसर में प्रवेश नहीं कर पाएंगे। निलंबन आदेश के साथ-साथ लोकमन सिंह (टीजीटी) को कॉलेज का कार्यवाहक प्राचार्य नियुक्त किया गया है। उन्हें निर्देश दिया गया है कि वे तत्काल प्रभार ग्रहण कर कॉलेज की शैक्षणिक व्यवस्था को सुचारू बनाए रखने के निर्देश दिए गए हैं।

# नगर में सजी राखियों की रंग बिरंगी दुकानें, बाजारों में उमड़ी भीड़

**ठाकुरद्वारा।** रक्षा बंधन के पावन पर्व को लेकर नगर में उत्साह और उल्लास का माहौल है। जैसे-जैसे त्यौहार नजदीक आ रहा है, नगर की गलियों और बाजारों में राखियों की रंग-बिरंगी दुकानें सज रही है। दुकानदारों ने अपनी दुकानों को रंगीन झालरों, बलून और सजावटी लाइटों से आकर्षक रूप से सजाया है, जिससे बाजार पूरी तरह से त्योहार के रंग में डूबा नजर आ रहा है। नगर के मुख्य बाजार, बाजार गंज, बड़ा बाजार, नगरपालिका गेट के पास व अन्य क्षेत्रो में राखियों की अस्थायी दुकानों की कतारें लग गई हैं। बहनें अपने भाइयों के लिए राखी चुनने में जुटी हुई हैं। पारंपरिक मोली राखियों के साथ-साथ इस बार बाजार में डिजाइनर राखियों, कंगन राखियों, स्टोन वर्क, पर्ल राखी, कुंदन, और जरी से सजी राखियों की खास मांग देखी जा रही है। बच्चों के लिए कार्टून कैरेक्टर वाली राखियों का बोलबाला है। इनमें छोटा भीम, डोरेमोन, सुपरमैन, स्पाइडरमैन, और ऐनीमेशन लाइट वाली राखियां बच्चों को खूब भा रही हैं। कुछ दुकानों में म्यूजिकल और टॉय अटैच्ड राखियां भी बिक्री के लिए उपलब्ध हैं, जो बच्चों के आकर्षण का केंद्र बनी हुई हैं। हालांकि, बाजार में बढ़ती महंगाई का असर राखियों की कीमतों पर भी पड़ा है। पहले जो राखी 20-30 रुपये में मिलती थी, वही अब 50 से 100 रुपये तक बिक रही है। फिर भी त्योहार का जोश इतना है कि ग्राहक कीमत से ज्यादा भावनाओं को महत्व दे रहे हैं।

## परिषदीय स्कूलों की पहली सत्रीय परीक्षा 18 से 23 तक

**कांठ।** प्रदेश के परिषदीय व मान्यता प्राप्त विद्यालयों में नए शैक्षिक सत्र 2025-26 में पहली सत्रीय परीक्षा 18 से 23 अगस्त के बीच कराई जाएगी। बेसिक शिक्षा विभाग की ओर से परीक्षा को लेकर सभी बीएसए को विस्तृत दिशा-निर्देश जारी किए गए हैं। बेसिक शिक्षा निदेशक प्रताप सिंह बघेल की ओर से जारी निर्देश में कहा गया है कि निर्धारित पाठ्यक्रम के आधार पर कक्षावार मासिक पाठ्यक्रम के अनुसार जुलाई तक पूरे कराए गए पाठ्यक्रम से संबंधित सवालों के आधार पेपर तैयार कराया जाएगा। मूल्यांकन कक्षा शिक्षक व विषय अध्यापक करेंगे। परीक्षा व मूल्यांकन के अभिलेख विद्यालय में सुरक्षित रखे जाएंगे।



शाह टाइम्स

सम्पादकीय

शुक्रवार, 8 अगस्त 2025

# कुदरत की चेतावनी

उत्तराखंड के उत्तरकाशी जिले में आई आपदा हिमालय में अस्थिरता के स्थाई खतरे की याद दिलाती है। मूसलाधार बारिश के कारण खीर गंगा नदी में पानी, मलबा और कीचड़ का एक बड़ा ढेर आने से कम से कम चार लोगों की मौत हो गई और कम से कम 60 लोगों के बह जाने की आशंका है। बाढ़ ने समुद्र तल से 8,600 फीट ऊपर बसे धराली कस्बे के होटलों और रिहायशी इमारतों को अपनी चपेट में ले लिया। स्थानीय निवासियों द्वारा रिकॉर्ड किए गए वीडियो फुटेज में पानी की विशाल लहरें इलाके से गुजरती हुई दिखाई दे रही हैं, जो लोगों और घरों को अपनी चपेट में ले रही हैं। प्रारंभिक रिपोर्टों के अनुसार, कई भारतीय सैन्यकर्मियों के भी मारे जाने की आशंका है।

इस आपदा का अनुमानित कारण 3 से 5 अगस्त तक हुई अत्यधिक भारी वर्षा है, जिसमें उत्तर भारत में मानसून और उसके सक्रिय चरण के कारण जिले के कुछ हिस्सों में एक ही दिन में लगभग 30 सेंटीमीटर बारिश दर्ज की गई। शहर में आए पानी के प्रकोप और मात्रा से ऐसा लग रहा था कि यह एक अचानक हुई घटना थी, जिसके कारण राज्य के अधिकारियों ने इसे बादल फटना की श्रेणी में डाल दिया। हालांकि, आधिकारिक पूर्वानुमानकर्ता, भारतीय मौसम विज्ञान विभाग आईएमडी इसे जिस तरह परिभाषित करता है, उसमें इसका एक बहुत ही विशिष्ट अर्थ है। 10 वर्ग किलोमीटर क्षेत्र में एक घंटे में कम से कम 10 सेंटीमीटर की भारी बारिश आमतौर पर बादल फटने की श्रेणी में आती है। इन ऊंचाइयों पर मौसम रडार की कमी का मतलब है कि आईएमडी ऐसी गणना करने में असमर्थ है। इसलिए, यह बहुत संभव है कि पिछले 48 घंटों से लगातार हो रही भारी बारिश ने मिट्टी को ढीला कर दिया हो और ऊबड़-खाबड़, ऊबड़-खाबड़ इलाके के साथ मिलकर, भारी मात्रा में पानी के साथ बड़ी मात्रा में गाद बहा दी हो। यह एक आकस्मिक घटना थी या धीरे-धीरे बढ़ती घटनाओं का परिणाम, यह केवल अकादमिक रूचि का विषय लग सकता है, क्योंकि इससे जान, आजीविका और संपत्ति का नुकसान हुआ है। इसे बादल फटने के रूप में वर्गीकृत करने से राज्य के अधिकारी खुद को असहाय बता देते हैं। एक बार जब इसे एक अजीबोगरीब घटना के रूप में पेश किया जाता है, तो यह घटना केवल प्रार्थनाओं और गहरी उदासी के रूप में सार्वजनिक अधिकारियों की ओर से सोशल मीडिया पर सहानुभूति और पूर्व-निर्धारित सांकेतिक राशि के वितरण के रूप में ही सामने आती है। हाल के अतीत से पता चलता है कि यह कुछ भी असामान्य नहीं हैं। जलवायु परिवर्तन ने अत्यधिक वर्षा की घटनाओं की संभावना को बढ़ा दिया है और इसलिए, पहाड़ों में शुरू की गई कई बुनियादी ढांचा परियोजनाएं और परिणामस्वरूप मलबा ऐसी वर्षा से उत्पन्न होने वाले गुप्त विस्फोटकों की तरह काम करते हैं। राहत कार्यों के बाद, राज्य सरकार को-जैसे ही परिस्थितियां अनुकूल हों-जलवायु परिवर्तन से अपरिहार्य क्षति को कम करने के लिए राज्य में महत्वपूर्ण बिंदुओं पर मलबे और गाद के संचय की समीक्षा करनी चाहिए।

## डोनाल्ड ट्रम्प का विश्वासघाती कदम



ब्राजील की तरह ही भारत पर भी कुल मिलाकर 50 प्रतिशत का भारी भरकम टैरिफ लगाकर अमेरिका ने भारत को जो आघात पहुंचाने का प्रयास किया है, उसे भारत सरकार ने अपने संयमित बयान में अनुचित, अन्यायपूर्ण व अविवेकी बताया है, किन्तु देश की जनता डोनाल्ड ट्रम्प का मित्र देश भारत के प्रति इसे प्रथम दृष्टया विश्वासघाती एवं देश को कमजोर करने वाला कदम ज्यादा मानती है, इस बड़ी चुनौती पर गंभीर चिन्तन के लिए सम्बंधित विषय पर वर्तमान संसद सत्र में चर्चा हो, तो यह जन व देशहित में बेहतर होगा, किन्तु केन्द्र व राज्य सरकारें अगर आन्तरिक संकीर्ण मुद्दों में ही अधिकतर उलझी रहेंगी, तो यह कैसे संभव हो पाएगा।

**-सुश्री मायावती, अध्यक्ष, बसपा**

# पैरोल और फरलो: कानून है या विशेषाधिकार






**रजनीश कपूर**

**राम रहीम की बार-बार रिहाई ने कानूनी व्यवस्था की विश्वसनीयता पर गंभीर सवाल खड़े किए हैं। शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबंधक समिति (एसजीपीसी) ने उनकी लगातार रिहाइयों के खिलाफ पंजाब और हरियाणा हाईकोर्ट में याचिका दायर की थी, लेकिन कोर्ट ने इसे खारिज कर दिया, यह कहते हुए कि रिहाई का निर्णय कानूनी ढांचे के भीतर लिया गया है, लेकिन यह तर्क उस आम धारणा को कमजोर करता है कि कानून सबके लिए समान है। पत्रकार रामचंद्र छत्रपति के बेटे अंशुल छत्रपति ने इसे कानून का मजाक करार दिया है, यह कहते हुए कि अगर कोई कैदी हर साल नब्बे दिन जेल से बाहर रह सकता है, तो सजा का क्या अर्थ रह जाता है?**

भारत में कानून की समानता का सिद्धांत संविधान का एक आधारभूत तत्व है। संविधान का अनुच्छेद 14 स्पष्ट रूप से कहता है कि कानून के समक्ष सभी समान हैं, लेकिन जब हम समाज के प्रभावशाली और ताकतवर लोगों के व्यवहार को देखते हैं, तो यह सिद्धांत कई बार मजाक बनकर रह जाता है। डेरा सच्चा सौदा के प्रमुख गुरमीत राम रहीम का मामला इसका जीवंत उदाहरण है, जहां बार-बार दी जाने वाली पैरोल और फरलो ने न केवल कानूनी व्यवस्था पर सवाल उठाए हैं, बल्कि आम जनता के विश्वास को भी हिलाकर रख दिया है।

गुरमीत राम रहीम, जिन्हें 2017 में दो साध्वियों के साथ बलात्कार के मामले में 20 साल की सजा सुनाई गई थी। बाद में पत्रकार रामचंद्र छत्रपति और डेरा के पूर्व प्रबंधक रंजीत सिंह की हत्या के लिए आजीवन कारावास की सजा मिली थी। पिछले कुछ वर्षों में यह बार-बार जेल से बाहर निकले हैं। 2020 से 2025 तक, उन्हें कम से कम 14 बार पैरोल या फरलो दी गई है, जिसमें कुल मिलाकर 326 दिन जेल के बाहर बिताए गए हैं। हाल ही में, अगस्त 2025 में, उन्हें 40 दिन की पैरोल दी गई, जो उनकी सजा के सात साल के भीतर उनकी तीसरी रिहाई थी। यह पैटर्न न केवल कानूनी प्रक्रिया पर सवाल उठाता है, बल्कि यह भी दर्शाता है कि कैसे प्रभावशाली लोग अपने रसूख का इस्तेमाल कर कानून को अपने पक्ष में मोड़ लेते हैं।

पैरोल और फरलो का प्रावधान हरियाणा गुड कंडक्ट प्रिजनर्स (टेम्परेरी रिलीज) एक्ट, 2022 के तहत किया गया है। इस कानून के अनुसार, एक साल की सजा पूरी करने के बाद कोई भी कैदी प्रति वर्ष 10 सप्ताह की पैरोल और 21 दिन की फरलो का हकदार है। फरलो को कैदी का अधिकार माना जाता है, जो सामाजिक और पारिवारिक संबंध बनाए रखने के लिए दी जाती है, जबकि पैरोल के लिए विशिष्ट कारणों की आवश्यकता होती है, लेकिन राम रहीम के मामले में, ये रिहाइयां अक्सर बिना किसी ठोस कारण के दी गई हैं। राम रहीम का डेरा सच्चा सौदा हरियाणा, पंजाब, राजस्थान और दिल्ली जैसे राज्यों में लाखों अनुयायियों के साथ एक प्रभावशाली संगठन है। अनुमान के अनुसार, डेरे के 90-95 लाख अनुयाई हैं, जो किसी भी राजनीतिक दल के लिए एक बड़ा वोट बैंक हो सकते हैं। 2022 में पंजाब विधानसभा चुनाव, 2023 में राजस्थान विधानसभा चुनाव और 2024 में हरियाणा विधानसभा चुनाव से पहले उनकी रिहाई ने राजनीतिक प्रभाव की आशंकाओं को बल दिया है। यह सवाल उठता है कि क्या यह रिहाइयां कानूनी प्रक्रिया का हिस्सा हैं या राजनी. तिक लाभ के लिए सुनियोजित कदम?

हरियाणा के जेल मंत्री रंजीत सिंह चौटाला और अन्य नेताओं ने दावा किया है कि राम रहीम को दी गई रिहाइयां कानून के दायरे में हैं और अन्य कैदियों को भी ऐसी सुविधाएं दी जाती हैं। लेकिन 2023 के सरकारी आंकड़ों के अनुसार, हरियाणा की जेलों में 5,832 कैदियों में से केवल 2,801 को ही अस्थाई रिहाई मिली थी। यह सवाल उठता है कि क्या सभी कैदियों को इतनी बार और इतने लंबे समय के लिए रिहाई दी जाती है, जितनी राम रहीम को दी गई है?

राम रहीम की बार-बार रिहाई ने कानूनी व्यवस्था की विश्वसनीयता पर गंभीर सवाल खड़े किए हैं। शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबंधक समिति (एसजीपीसी) ने उनकी लगातार रिहाइयों के खिलाफ पंजाब और हरियाणा हाईकोर्ट में याचिका दायर की थी, लेकिन कोर्ट ने इसे खारिज कर दिया, यह कहते हुए कि रिहाई का निर्णय कानूनी ढांचे के भीतर लिया गया है, लेकिन यह तर्क उस आम धारणा को कमजोर करता है कि कानून सबके लिए समान है। पत्रकार रामचंद्र छत्रपति के बेटे अंशुल छत्रपति ने इसे कानून का मजाक करार दिया है, यह कहते हुए कि अगर कोई कैदी हर साल 90 दिन जेल से बाहर रह सकता है, तो सजा का क्या अर्थ रह जाता है?

राम रहीम की रिहाइयों का प्रभाव केवल कानूनी नहीं, बल्कि सामाजिक और नैतिक भी है। उनकी सजा के बाद 2017 में हरियाणा और पंजाब में हुई हिंसा में 40 लोगों की मौत हुई थी और करोड़ों की संपत्ति का नुकसान हुआ था। ऐसे व्यक्ति को बार-बार रिहा करना न केवल पीड़ितों के परिवारों के लिए अपमानजनक है, बल्कि उन गवाहों के लिए भी खतरा पैदा करता है जो अभी भी उनके खिलाफ चल रहे मामलों में गवाही दे रहे हैं। उदाहरण के लिए, सिरसा आश्रम में नपुंसकता के मामले में अभी भी मुकदमा चल रहा है और उनकी मौजूदगी गवाहों पर दबाव डाल सकती है।

राम रहीम का मामला यह दर्शाता है कि कैसे प्रभावशाली लोग अपनी पहुंच और रसूख का इस्तेमाल कर कानूनी प्रणाली को अपने पक्ष में कर सकते हैं। यह केवल एक व्यक्ति की कहानी नहीं है, बल्कि एक ऐसी व्यवस्था की कमजोरी को उजागर करता है जहां सत्ता और प्रभाव कानून के ऊपर हावी हो जाते हैं। पैरोल और फरलो जैसे प्रावधानों का उद्देश्य कैदियों के पुनर्वास और सामाजिक एकीकरण को बढ़ावा देना है, लेकिन जब इनका दुरुपयोग विशिष्ट लोगों को लाभ पहुंचाने के लिए किया जाता है, तो यह पूरी प्रणाली की विश्वसनीयता को कमजोर करता है।

इस समस्या का समाधान करने के लिए, पैरोल और फरलो के नियमों में पारदर्शिता और जवाबदेही को बढ़ाने की आवश्यकता है। रिहाई के लिए ठोस और उचित कारणों को अनिवार्य करना चाहिए और निर्णय प्रक्रिया को स्वतंत्र निगरानी के अधीन रखा जाना चाहिए। साथ ही, राजनीतिक प्रभाव को कम करने के लिए, चुनाव के समय में ऐसी रिहाइयों पर रोक लगाने जैसे उपाय किए जा सकते हैं। समय की मांग है कि हमारी कानूनी व्यवस्था इस तरह के दुरुपयोग को रोकने के लिए कठोर कदम उठाए, ताकि कानून की गरिमा और विश्वसनीयता बरकरार रहे।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

# इतिहास, विरासत व सौंदर्य का संगम है ओरछा



मध्य प्रदेश के टीकमगढ़ जिले में स्थित ओरछा एक ऐसा ऐतिहासिक नगर है, जो समय के साथ भी अपनी भव्यता, संस्कृति और धार्मिक आस्था को आज तक संजोए हुए है। बेतवा नदी के किनारे बसा यह नगर न केवल स्थापत्य और इतिहास के प्रेमियों के लिए आकर्षण का केंद्र है, बल्कि यह एक शांत, दिव्य और आत्मिक अनुभव भी प्रदान करता है।

**ओरछा का ऐतिहासिक परिचय**

ओरछा की स्थापना राजा रूद्र प्रताप सिंह ने 16वीं शताब्दी की शुरुआत में की थी। यह नगर बुंदेला राजवंश की राजधानी रहा है। ओरछा का नाम संस्कृत शब्द उद्योतका से निकला माना जाता है, जिसका अर्थ होता है छोटा सा प्रकाश। हालांकि आज यह स्थान भव्य महलों, मंदिरों और स्मारकों की रोशनी से जगमगाता है।

**ओरछा के प्रमुख दर्शनीय स्थल**

**राजा महल**- यह महल बुंदेला शासकों का मुख्य निवास स्थान था। इसकी दीवारों और छतों पर की गई चित्रकारी आज भी पूरी तरह सुरक्षित है। यहां की आंतरिक सजावट भगवान राम, कृष्ण और अन्य देवी-देवताओं की कहानियों को चित्रों के माध्यम से जीवंत करती है।

**जहांगीर महल**- यह महल मुगल सम्राट जहांगीर के स्वागत के लिए राजा बीर सिंह देव द्वारा बनवाया गया था। इसकी स्थापत्य कला में मुगल और राजपूत शैली का सुंदर मिश्रण देखने को मिलता है। महल की ऊंचाई से ओरछा और बेतवा नदी का दृश्य अत्यंत मनोहारी लगता है।

**राम राजा मंदिर**- यह भारत का एकमात्र ऐसा मंदिर है जहां भगवान राम को राजा के रूप में पूजा जाता है। यह मंदिर वास्तव में एक महल था, जिसे रानी गणेशा ने मंदिर के रूप में परिवर्तित कर दिया था। यहां का प्रहरी बदलने की प्रक्रिया व सैन्य सम्मान, मंदिर को और भी खास बनाता है।

**चतुर्भुज मंदिर**- यह मंदिर एक ऊंचे चबूतरे पर स्थित है, और इसकी वास्तुकला अत्यंत भव्य है। इसका निर्माण रानी गणेशा ने भगवान राम के लिए करवाया था, लेकिन राम जी की मूर्ति बाद में राम राजा मंदिर में स्थापित हो गई।

**लक्ष्मीनारायण मंदिर**- इस मंदिर में धार्मिक और युद्ध संबंधी दृश्य चित्रित हैं। यह मंदिर कला प्रेमियों के लिए एक स्वर्ग के समान है।

**ओरछा के छतरी**- बेतवा नदी के किनारे स्थित यह स्मारक बुंदेला राजाओं की याद में बनाए गए थे। यह शांत और मनमोहक स्थल सूर्यास्त के समय विशेष रूप से सुंदर प्रतीत होता है।

**साहसिक पर्यटन और प्रकृति**

ओरछा में रिवर राफ्टिंग का भी आनंद लिया जा सकता है, विशेषकर मानसून और उसके बाद के महीनों में।

आसपास का जंगल और नदी का किनारा ट्रैकिंग, बर्ड वॉचिंग और फोटोग्राफी के लिए बेहतरीन है।


## अगस्त में केरल की इन हसीन जगहों को करें एक्सप्लोर

जब भी दक्षिण भारतीय राज्यों में घूमने की बात होती है, तो लोग सबसे पहले केरल का नाम लेते हैं। अरब सागर के तट पर स्थित केरल एक बेहद खूबसूरत राज्य है। जहां पर हर दिन हजारों पर्यटक घूमने के लिए पहुंचते हैं। केरल में कपल्स को हिल स्टेशन्स से लेकर समुद्री इलाके सबसे आकर्षिक करते हैं। इसलिए हर महीने दर्जन से भी अधिक कपल्स केरल रोमांटिक वेकेशन पर जाते हैं। अगस्त के महीने में केरल की सबसे खूबसूरत और रोमांटिक जगह घूमने की बात की जाती है, तो कई कपल्स सबसे पहले अल्लेप्पी पहुंचते हैं। यह जगह अपनी खूबसूरती और मेहमान नवाजी के कारण केरल के टॉप हनीमून डेस्टिनेशन माना जाता है। वैसे केरल का मुन्नार तो हर कोई घूमने जाता है, लेकिन अगर आप किसी भीड़-भाड़ से दूर शांत और खूबसूरत हिल स्टेशन को एक्सप्लोर करना चाहते हैं। तो आपको वायनाड को जरूर एक्सप्लोर करना चाहिए।

# अंतरिक्ष में अब लंबी छलांग की तैयारी में है भारत



**डा. चंद्रप्रकाश शर्मा**



विश्व मंगल की कामना से भारत के ऋषियों ने ऊं द्यौ शांति अंतरिक्षं शांति का उद्घोष किया क्योंकि विश्व के हर मानव की आकांक्षा है- शांति। शांति की खोज में मानव पहाड़ों, जंगलों आदि का भ्रमण करता है और उसकी खोज धन व संसारादि में करता है क्योंकि मानव जीवन का अन्तिम लक्ष्य है, शांति और आनन्द, क्योंकि जहां शांति है वहां सुमित है, जहां सुमति है वहां सम्पन्नता है, जहां सम्पन्नता है वहां विकास की अपरिमित सम्भावनाएं हैं।

इसके विपरीत जहां अशांति है वहां कुमति है, जहां कुमति है वहां कलह और विपन्नता है और जहां कलह और विपन्नता है वहां विकास की संभावनाएं नगण्य हैं। यह सिद्धांत व्यक्ति, परिवार, समाज, देश और विश्व सभी पर समान रूप से लागू होता है। शांति हेतु शक्ति जागरण, शक्ति संपन्न होना और शक्ति संतुलन आवश्यक है। भारत सर्व मंगल मांगल्ए की भावना से अंतरिक्ष में खोजों हेतु सतत प्रयत्नशील है क्योंकि अंतरिक्ष क्या है? अंतरिक्ष में व्याप्त आकाशीय पिंड किससे बने हैं? उनकी प्रकृति, संरचना, वातावरण कैसा है? उस पर जीवन और मानव-जीवन की संभावनाएं क्या है? आदि अनेक प्रश्न मानव-मन को उद्वेलित कर, जानने की उत्सुकता पैदा करते हैं।

इस हेतु विश्व की अनेक महान शक्तियों के साथ भारत ने भी अंतरिक्ष मिशन की शुरुआत की है और भारत अंतरिक्ष में लंबी छलांग लगाने की तैयारी में जुटा है। भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन ने अपनी लगन, मेहनत और तकनीकी क्षमताओं के बल पर अंतरिक्ष में अपनी स्थिति को मजबूत बनाने के लिए कई महत्वाकांक्षी लक्ष्य निर्धारित कर योजनाएं बनाई है जिनमें गगनयान मिशन, भारतीय अंतरिक्ष स्टेशन की स्थापना, चंद्रयान-4, मंगलयान-2, शुक्रयान मिशन आदि उल्लेखनीय महत्वाकांक्षी मिशन शामिल हैं।

गगनयान मिशन भारत का पहला मानव युक्त अंतरिक्ष मिशन है। इसमें भारतीय अंतरिक्ष यात्रियों को अंतरिक्ष में भेजना और उनकी सकुशल वापसी सुनिश्चित करना प्रमुख है। इसके अंतर्गत तीन भारतीय अंतरिक्ष यात्रियों को 2028 तक अंतरिक्ष में भेजा जाएगा। इस मिशन की कामयाबी से भारत को अंतरिक्ष कार्यक्रमों में मजबूती मिलेगी। साथ ही अंतर्राष्ट्रीय सहयोग में वृद्धि होगी। इसरो की 2035 तक अंतरिक्ष स्टेशन स्थापित करने की महत्वाकांक्षी योजना भी है। इसका मुख्य उद्देश्य अंतरिक्ष में वैज्ञानिक प्रयोग, पृथ्वी की निगरानी और गहन अंतरिक्ष अनुसंधान को बढ़ावा देना है जिससे भारत की अंतरिक्ष में स्वायत्तता और आत्मनिर्भरता बढ़ेगी और अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर भारत दूसरे देशों को अंतरिक्ष अनुसंधान में सहयोग करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकेगा। साथ ही भारत तकनीकी मामलों में आत्मनिर्भर होगा। 2023 में चंद्रयान-3 की सफलता के बाद भारत चंद्रमा के दक्षिणी हिस्से में पहुंचने वाला विश्व का पहला देश बनकर एक नया इतिहास रचने में सफल हुआ है। इस सफलता से उत्साहित होकर इसरो ने चंद्रयान-4 की तैयारी प्रारंभ कर दी है जो चंद्रमा की सतह पर और अधिक गहन अध्ययन करेगा और इसमें उन्नत रोवर और प्रौद्योगिकी का प्रयोग किया जाएगा जिससे भारत की चंद्रमा पर उपस्थित मजबूत होगी क्योंकि भारत का लक्ष्य चंद्रमा पर अपने यात्री को उतार कर तिरंगा फहराना है।

भारत ने 2014 में मंगलयान को मंगल ग्रह की कक्षा में प्रवेश कराकर मंगल ग्रह के वातावरण,सतह और जलवायु का महत्वपूर्ण डाटा एकत्र किया है। इस सफलता के बाद इसरो ने मंगलयान-2 मिशन की तैयारी प्रारंभ कर दी है। इस मिशन का उद्देश्य मंगल की सतह पर एक लैंडर और रोवर को सफलतापूर्वक उतार कर मंगल ग्रह के बारे में सघन अध्ययन करना है ताकि आने वाले दशकों में मानव मिशन को साकार रूप दिया जा सके। इसके साथ ही 2028 में शुक्रयान मिशन इसरो का शुक्र ग्रह पर पहला मिशन है जिसका उद्देश्य शुक्र ग्रह के वातावरण, भू संरचना और सतह का अध्ययन करना है।


इस मिशन से शुक्र ग्रह के रहस्यों का पर्दाफाश होगा। इन मिशनों की सफलता हेतु इसरो सतत अपनी जोरदार तैयारी और प्रौद्योगिकी विकास में संलग्न है।इस हेतु एक्सिओम मिशन-4 के अंतर्गत भारतीय अंतरिक्ष यात्री ग्रुप कैप्टन शुभांशु शुक्ला की अंतर्राष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन की 18 दिन की यात्रा के दौरान किए गए वैज्ञानिक प्रयोग और उनके अनुभव भारतीय अंतरिक्ष मिशनों की सफलता में मील के पत्थर सिद्ध होंगे। शुभांशु शुक्ला की यह यात्रा भारत के गगनयान मिशन के लिए प्रशिक्षण की भांति है क्योंकि उन्होंने अंतरिक्ष में रहने, काम करने और आपात स्थिति से निपटाने का अनुभव प्राप्त किया है जो गगनयान टीम के लिए उपयोगी सिद्ध होगा। शुभांशु शुक्ला द्वारा इसरो द्वारा डिजाइन किए गए प्रयोग भारत के भविष्य के अंतरिक्ष मिशन के लिए अत्यधिक महत्वपूर्ण हैं क्योंकि अंतरिक्ष की माइक्रो ग्रेविटी में मांसपेशियां और हड्डियां कमजोर हो जाती है।

शुभांशु शुक्ला ने बिना गुरुत्वाकर्षण में मांसपेशियां कैसे कमजोर होती हैं और इसे रोकने के उपायों की खोज की क्योंकि अंतरिक्ष यात्रियों को सबसे ज्यादा मांसपेशियों और हड्डियों की कमजोरी से जूझना पड़ता है। साथ ही इससे पृथ्वी पर आस्टोपोरोसिस जैसे रोग की चिकित्सा में सहायता मिलेगी। इसके साथ ही शुभांशु ने माइक्रो जीव टार्डिग्रेड्स का अध्ययन किया क्योंकि अंतरिक्ष में जिंदा रहने वाले जीवो में टार्डीग्रेड, तिलचट्टा, नेमटोड़ वर्म, ब्राइन श्रिम्प और फूट फ्लाइज शामिल है जो अंतरिक्ष की विषम परिस्थितियों-रेडिएशन, वैक्यूम और न्यूनतम व उच्चतम तापमान में भी जीवित रह सकते हैं। इनमें टार्डीग्रेड सबसे टफ जीवों में एक है जो उबलते पानी, जमने वाली ठंड, रेडिएशन और वैक्यूम में भी जिंदा रह सकते हैं। उन्होंने देखा कि यह अंतरिक्ष में कैसे जीवित रहते हैं जो भविष्य के लंबे मिशन-मंगल मिशन के लिए उपयोगी सिद्ध हो सकते हैं।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

# पुतिन साल के आखिर में आएंगे भारत

## राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजित डोभाल ने की पुष्टि, यूक्रेन वॉर के बाद होगा पहला दौरा



**डोनाल्ड ट्रम्प की तरफ से रूस के साथ भारत के संबंधों पर की गई टिप्पणियों की वजह से ये यात्रा काफी अहम मानी जा रही है**

**6 दिसम्बर 2021 में पुतिन महज कुछ घंटे के लिए भारत आए थे, उन्होंने नई दिल्ली में पीएम मोदी से मुलाकात की थी**

**मास्को/नई दिल्ली।** रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन इस साल के आखिरी हफ्ते में भारत दौरे पर आ सकते हैं। रूसी न्यूज एजेंसी तास के मुताबिक, यह जानकारी भारत के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल ने दी है। डोभाल ने रूसी रक्षा मंत्री सर्गेई शोइगु से मुलाकात में कहा कि अब हमारे बहुत अच्छे रिश्ते बन गए हैं, जिनकी हम कदर करते हैं। हमारे देशों के बीच एक मजबूत साझेदारी है और हम हाई लेवल पर बात. चीत करते हैं।

भारत के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार (एनएसए) अजीत डोभाल बुधवार को रूस पहुंचे। उनकी राष्ट्रपति पुतिन के साथ भी मुलाकात हो सकती है। ऑपरेशन सिंदूर के बाद डोभाल की यह पहली मास्को यात्रा है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प की तरफ से रूस के साथ भारत के संबंधों पर की गई टिप्पणियों की वजह से ये यात्रा काफी अहम मानी जा रही है। 2021 में पुतिन महज कुछ घंटे के लिए भारत आए थे, उन्होंने नई दिल्ली में पीएम मोदी से मुलाकात की थी। आखिरी बार 2021 में भारत आए थे पुतिन राष्ट्रपति पुतिन ने 06 दिसम्बर 2021 को भारत की यात्रा की थी। तब वे सिर्फ 4 घंटे के लिए भारत आए थे। इस दौरान भारत और रूस के बीच 28 समझौते पर दस्तखत हुए थे। इसमें मिलिट्री और तकनीकी समझौते शामिल थे। दोनों देशों ने 2025 तक 30 अरब डालर (2 लाख 53 हजार करोड़ रुपये) सालाना ट्रेड का टारगेट रखा था। फरवरी 2022 में यूक्रेन वार शुरू होने के बाद यह पुतिन की पहली भारत यात्रा होगी। इस विजिट से दोनों देशों के बीच 2030 के लिए नए आर्थिक रोडमैप को आगे बढ़ाने की उम्मीद है। भारत और रूस अपने बाइलैटरल ट्रेड को दोगुना करके सालाना 100 अरब डालर से ज्यादा करने पर सहमत हुए हैं। फिलहाल दोनों देशों के बीच करीब 60 अरब डालर का द्विपक्षीय व्यापार है। पीएम मोदी ने साल 2024 में दो बार रूस की यात्रा की थी। वे ब्रिक्स समिट के लिए 22 अक्टूबर को रूस गए थे। इससे पहले जुलाई में भी मोदी ने दो दिन का रूस दौरा किया था। तब उन्होंने पुतिन को भारत आने का न्योता दिया था। रूस ने पिछले साल 9 जुलाई को मास्को में पीएम नरेंद्र मोदी को देश का सर्वोच्च सम्मान 'आर्डर ऑफ सेंट एंड्रयू द एपोस्टल' दिया था। राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने खुद उन्हें सम्मानित किया। अरेस्ट वारंट जारी होने के बाद दूसरे देशों की यात्रा से बच रहे पुतिन मार्च 2023 में आईसीसी ने पुतिन के खिलाफ अरेस्ट वारंट जारी किया था। कोर्ट ने यूक्रेन में बच्चों के अपहरण और डिपोर्टेशन के आरोपों के आधार पर पुतिन को वार क्राइम्स के लिए जिम्मेदार माना था। यह पहला मौका था जब आईसीसी ने संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद (यूएनएससी) के किसी स्थाई सदस्य देश के टाप लीडर के खिलाफ अरेस्ट वारंट जारी किया था।

अमेरिका, रूस, चीन, ब्रिटेन और फ्रांस यूएनएससी के स्थाई सदस्य हैं। इसके बाद से पुतिन दूसरे देशों की यात्राएं करने से बचते रहे हैं। वह पिछले साल जी-20 समिट में शामिल होने भारत नहीं आए थे। उनकी जगह विदेश मंत्री सर्गेई लावरोव कार्यक्रम में शामिल हुए थे। इस साल के आखिर में ब्राजील में होने वाली ळ20 समिट में भी पुतिन संभवतः हिस्सा नहीं लेंगे। भारत, चीन के बाद रूसी तेल का सबसे बड़ा खरीदार है। यूक्रेन युद्ध से पहले भारत रूस से सिर्फ 0.2 प्रतिशत (68 हजार बैरल प्रतिदिन) तेल इम्पोर्ट करता था। मई 2023 तक यह बढ़कर 45 प्रतिशत (20 लाख बैरल प्रतिदिन) हो गया, जबकि 2025 में जनवरी से जुलाई तक भारत हर दिन रूस से 17.8 लाख बैरल तेल खरीद रहा है।



रांची। स्वतंत्रता दिवस समारोह से पहले एक व्यक्ति राष्ट्रीय ध्वज दिखाता हुआ।

## ट्रम्प ने पुतिन से मुलाकात की संभावना जताई

**वाशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने कहा है कि रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन से यूक्रेन में युद्धविराम को लेकर उनकी जल्द मुलाकात हो सकती है। जिससे यूक्रेन और रूस के युद्ध का अंत हो सकता है। गौरतलब है कि ट्रम्प के विशेष दूत स्टीव विटकॉफ ने बुधवार को पुतिन से मुलाकात की। ट्रम्प ने इस बैठक को अहम बताया। क्रेमलिन ने भी इसे उपयोगी बातचीत बताया। सीएनएन की रिपोर्ट के अनुसार कल ओवल ऑफिस में जब उनसे निकट भविष्य में मुलाकात की संभावनाओं के बारे में पूछा गया तो अमेरिकी राष्ट्रपति ने कहा कि आज राष्ट्रपति (व्लादिमीर) पुतिन के साथ हमारी बहुत अच्छी बात. चीत हुई और इस बात की पूरी संभावना है कि हम इस समस्या का अंत कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि यह डगर लंबी थी और अभी भी लंबी है, लेकिन इस बात की अच्छी संभावना है कि बहुत जल्द एक मुलाकात होगी। ट्रम्प की यह टिप्पणी मॉस्को में रूसी राष्ट्रपति पुतिन और अमेरिकी दूत स्टीव विटकॉफ के बीच हुई बैठक के बाद आई है-हालांकि उन्होंने कहा कि दोनों के बीच कोई 'सफलता' नहीं मिली है।

## संक्षिप्त समाचार

### अमेरिका से बातचीत दोबारा करने पर फैसला नहीं: ईरान

**तेहरान।** ईरानी उप विदेश मंत्री अब्बास अराघची ने कहा है कि अमेरिका से परमाणु वार्ता फिर शुरू करने पर कोई अंतिम निर्णय नहीं हुआ है लेकिन दोनों पक्षों में संवाद बना हुआ है। अराघची ने चैनल तेहरान पर एक साक्षात्कार में कहा कि अमेरिका से बातचीत को लेकर कोई आखिरी फैसला अभी नहीं हुआ है। इतना अवश्य है कि संपर्क बने हुए हैं। उनको अमेरिका से संदेश तो मिले हैं पर बातचीत होगी या नहीं, यह इस पर निर्भर करता है कि ईरानी हितों का सम्मान होता है या नहीं।

### म्यांमार के कार्यवाहक राष्ट्रपति यू म्यिट स्वे का निधन

**यांगून।** म्यांमार के कार्यवाहक राष्ट्रपति यू म्यिट स्वे का गुरुवार सुबह राजधानी ने नेपी ताव में निधन हो गया। वह 74 वर्ष के थे। राष्ट्रीय रक्षा एवं सुरक्षा परिषद (एनडीएससी) ने बताया कि स्वे को एक साल पहले पार्किंसन रोग और अन्य संबंधित तंत्रिका संबंधी समस्याएं सामने आई थीं। उनका सिंगापुर और देश के सैनिक अस्पताल कराया गया लेकिन जुलाई 2025 में उनकी हालत बिगड़ना प्रारंभ हो गया। वह जुलाई 2024 से चिकित्सा अवकाश पर थे।

### यूनाइटेड एयरलाइंस की उड़ानें फिर से शुरू

**न्यूयॉर्क।** अमेरिकी विमानन कंपनी यूनाइटेड एयरलाइंस ने बुधवार देर रात अपनी उड़ानें फिर से शुरू कर दीं। इससे कुछ घंटे पहले कंप्यूटर सिस्टम में तकनीकी खराबी आने के कारण कंपनी को पूरे देश में उड़ानें रोकनी पड़ी थीं। एयरलाइन ने एक बयान में कहा कि आंतरिक प्रौद्योगिकी समस्या का समाधान कर लिया गया है यद्यपि हमें कुछ विलम्ब की आशंका है लेकिन फिर भी हमारी टीम सामान्य परिचालन बहाल करने की दिशा में काम कर रही है।

### ट्रम्प प्रशासन नासा के दो मिशन बंद करेगा

**वाशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प का कार्यालय ग्रीनहाउस गैस उत्सर्जन की निगरानी करने वाले नासा के दो मिशन बंद करेगा। न्यूज़मैक्स प्रसारक ने एजेंसी के हवाले से बुधवार को कहा कि ईमेल द्वारा भेजे गए एक बयान में नासा ने कहा कि ये मिशन अपने मुख्य उद्देश्य से परे हैं और राष्ट्रपति के एजेंडे और बजट प्राथमिकताओं के अनुरूप इन्हें समाप्त किया जा रहा है।

## ब्रह्मोस की ताक देख चौंक गए थे ट्रम्प

**ट्रम्प प्रशासन को मिसाइलों में परमाणु बम जोड़ने की आशंका थी, वाल स्ट्रीट जर्नल डब्ल्यूएसजे की रिपोर्ट में बड़ा दावा**

**वाशिंगटन।** ऑपरेशन सिंदूर के समय अमेरिका को खुफिया जानकारी मिली थी कि भारत ने पाकिस्तान के भीतर निशाने पर ब्रह्मोस क्रूज मिसाइलें दागी हैं।

अमेरिका को चिंता थी कि अगर भारत-पाकिस्तान के बीच तनाव और बढ़ा, तो भारत इन मिसाइलों में परमाणु हथियार भी लगा सकता है। यह जानकारी वाल स्ट्रीट जर्नल (डब्ल्यूएसजे) की एक रिपोर्ट में दी गई है। रिपोर्ट में ट्रम्प प्रशासन के मौजूदा और पूर्व अधिकारियों के हवाले से कहा गया है कि अमेरिकी खुफिया एजेंसियों ने ब्रह्मोस मिसाइल को एक ऐसा हथियार माना जो परमाणु हथियार ले जाने में सक्षम है। रिपोर्ट के अनुसार, राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प को चिंता थी कि अगर हालात बिगड़ते हैं, तो भारत इन मिसाइलों में परमाणु बम जोड़ सकता है। साथ ही यह आशंका भी थी कि जवाब में पाकिस्तान भी परमाणु हमला कर सकता है। इसी डर की वजह से ट्रम्प ने उपराष्ट्रपति जेडी वेंस और विदेश मंत्री मार्को रुबियो को भारत और पाकिस्तान के नेताओं से बात करने को कहा। भारत ने हमेशा यह स्पष्ट कहा है कि ब्रह्मोस मिसाइल केवल पारंपरिक (नान-न्यूक्लियर) हथियारों से लैस है। इनका संचालन भारतीय सेना की तोपखाना रेजिमेंट, वायुसेना और नौसेना करते हैं। भारत की जो मिसाइलें परमाणु हथियार ले जा सकती हैं, वे रणनीतिक बल कमान (एसएफसी) के कंट्रोल में रहती हैं। ब्रह्मोस मिसाइल में 200 से 300 किलो के पारंपरिक विस्फोटक लगाए जा सकते हैं।

# अमेरिकी विशेषज्ञ खुद ट्रम्प से दुखी

## कहा: भारत को उपदेश देने से पहले रूस के साथ अमेरिकी व्यापार पर ध्यान दे राष्ट्रपति ट्रम्प



■ भारत-अमेरिका की रणनीतिक साझेदारी में अब तक सबसे बड़ा संकट, ट्रम्प के 25 प्रतिशत अतिरिक्त टैरिफ पर विशेषज्ञों की राय

■ अमेरिका ने 2024 में तीन अरब डालर से अधिक के रूसी सामान आयात किए

वाशिंगटन। भारत के खिलाफ अधिक टैरिफ लगाने के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के फैसले पर अमेरिकी विशेषज्ञों ने गहरी चिंता जताई है। रूस के साथ अमेरिकी व्यापार का हवाला देते हुए ट्रम्प को आईना भी दिखाया है।

विशेषज्ञों का कहना है कि अमेरिका जब खुद रूस के साथ व्यापार करता है तो उसे भारत को उपदेश देने से पहले सोचना चाहिए। संयुक्त राष्ट्र के पूर्व हथियार निरीक्षक, अमेरिकी मरीन कोर के पूर्व खुफिया अधिकारी व लेखक स्काट रिटर ने भारत पर अधिक टैरिफ लगाने के लिए ट्रम्प पर निशाना साधा है।

सोशल मीडिया पोस्ट में रिटर ने कहा, अमेरिका ने 2024 में 3 अरब डालर से अधिक के रूसी सामान आयात किए। इससे लगभग 600 टी-90 टैंकों की कीमत चुकाई जा सकती है। यह दो रूसी बख्तरबंद डिवीजनों को लैस करने के लिए काफी है। ऐसे में अगली बार जब ट्रम्प भारत को उपदेश दें, तो इस बारे में जरूर सोंचे। एशिया सोसायटी पालिसी इंस्टीट्यूट (एएसपीआई) की वरिष्ठ उपाध्यक्ष और पूर्व उप अमेरिकी व्यापार प्रतिनिधि वेंडी कटलर ने बढ़ते द्विपक्षीय विवाद पर चिंता व्यक्त की। उन्होंने कहा, अफसोस की बात है कि अमेरिका-भारत विवाद बढ़ता जा रहा है और अब राष्ट्रपति 25 प्रतिशत अतिरिक्त टैरिफ लगाने की घोषणा कर रहे हैं। इससे अमेरिका को होने वाले ज्यादातर भारतीय निर्यात लगभग बंद हो जाएंगे। कटलर ने एक बयान में कहा कि चीन संभवतः इन घटनाक्रमों का स्वागत कर रहा है। अब वह दिल्ली के साथ अपने संबंधों को सुधारने के लिए कुछ कदम उठा सकता है। अब समय आ गया है कि अमेरिकी और भारतीय अधिकारी निजी तौर पर अपने मतभेदों को सुलझाने की कोशिश करें। वहीं अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प द्वारा भारत पर 25 प्रतिशत अतिरिक्त टैरिफ लगाने की घोषणा पर दक्षिण एशिया संस्थान के निदेशक माइकल कुगेलमैन ने अपनी राय रखी। उन्होंने इसे पिछले दो दशकों में भारत-अमेरिका की रणनीतिक साझेदारी में अब तक का सबसे बड़ा संकट बताया है। भारत पर 25 प्रतिशत अतिरिक्त टैरिफ लगाने की घोषणा पर विल्सन सेंटर स्थित दक्षिण एशिया संस्थान के निदेशक माइकल कुगेलमैन ने इसे भारत-अमेरिका की रणनीतिक साझेदारी में अब तक का सबसे बड़ा संकट बताया है। माइकल कुगेलमैन ने कहा कि हाल के दिनों में अमेरिका और भारत के बीच जिस तरह के संबंध विकसित हुए हैं, उन्हें देखते हुए ट्रम्प का यह फैसला बहुत चौंकाने वाला नहीं है। राष्ट्रपति ट्रम्प शुरू से ही टैरिफ लगाने के पक्ष में रहे हैं। भले ही इससे भारत और अमेरिका के संबंधों को नुकसान पहुंचे, फिर भी मुझे हैरानी नहीं है कि उन्होंने अपनी धमकी को हकीकत में बदल दिया है।

### ट्रम्प के सलाहकार बोले: भारत टैरिफ का महाराजा

**वाशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रम्प के सलाहकार पीटर नवारो ने भारत पर एक्स्ट्रा टैरिफ लगाने के अमेरिकी फैसले का बचाव किया। उन्होंने भारत को 'टैरिफ का महाराजा' करार देते हुए कहा कि भारत अमेरिकी सामानों पर दुनिया में सबसे ज्यादा टैरिफ और नान-टैरिफ बाधाएं लगाता है, जिससे अमेरिकी प्रोडक्ट्स को भारतीय मार्केट में एंट्री करने में मुश्किल होती है। नवारो ने गुरुवार को मीडिया से बात करते हुए कहा: भारत अमेरिकी डालर का इस्तेमाल रूसी तेल खरीदने के लिए करता है। फिर रूस उन डालर का इस्तेमाल हथियार बनाने में करता है, जिनसे यूक्रेन में लोग मारे जा रहे हैं। इसके बाद अमेरिकी टैक्सपेयर्स को यूक्रेन की रक्षा के लिए हथियारों पर खर्च करना पड़ता है। यह गणित ठीक नहीं है।

## बलूचिस्तान में सेना के वाहन पर हमला

### मेजर समेत तीन सैनिक मारे गए, जवाबी हमले में चार आतंकी ढेर

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के उपद्रवग्रस्त बलूचिस्तान के मस्तुंग जिले में सेना की एक गाड़ी को बम से निशाना बना गया। हमले में तीन सैनिक मारे गए और सेना की जवाबी कार्यवाही में चार आतंकवादी ढेर हो गए।

पाकिस्तानी सेना ने देर रात यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि मारे गए जवानों में सेना का मेजर रैंक का अधिकारी भी शामिल है। पाकिस्तान की इंटर-सर्विस पब्लिक रिलेशंस (आईएसपीआर) ने एक बयान में कहा कि बुधवार देर रात सुरक्षा बलों के एक वाहन को निशाना बनाया गया।

इस हमले में एक मेजर, एक नायक और एक लांसनायक मारे गए। प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने एक बयान में इस हमले की निंदा करते हुए सेना की सराहना की। गौरतलब है कि बलूचिस्तान, पाकिस्तान का सीमांत प्रांत है और इसकी सीमाएं अफगानिस्तान और ईरान की सीमा से लगी हुई हैं। यह इलाका अपनी खनिज संपदा और चीन-पाकिस्तान आर्थिक गलियारे (सीपीईसी) के लिए एक पारगमन केंद्र के रूप में अपनी भूमिका के रण रणनीतिक रूप से महत्त्वपूर्ण है लेकिन पाकिस्तान में बलूचिस्तान के लोगों से दोयम दर्जे का व्यवहार होने के कारण वहां अलगाववादी आंदोलन लंबे समय से चल रहा है। ये लोग एक अलग देश बलूचिस्तान बनाने के लिए प्रयासरत हैं और पाकिस्तान सरकार पूरी ताकत से इस आंदोलन के दमन में जुटी रहती है। बलूचिस्तान में लंबे समय से अलगाववादी सशस्त्र विद्रोह भी कर रहे हैं। इसमें प्रमुख समूह बलूचिस्तान लिबरेशन आर्मी (बीएलए) का है। इस संगठन ने हाल के वर्षों में अपनी गति. विधियां तेज की हैं। गौरतलब है कि इस साल बलूचिस्तान में कई बड़े आतंकवादी हमले हुए हैं। मार्च में बीएलए ने एक यात्री ट्रेन का अपहरण कर लिया था और मई में, खुजदार में एक आत्मघाती बम विस्फोट में स्कूल बस को निशाना बनाया।



■ शहबाज शरीफ ने एक बयान में इस हमले की निंदा करते हुए सेना की सराहना की

### थाईलैंड मंत्रिमंडल ने दी चीन, स्वीडन के साथ रक्षा सौदों की मंजूरी

**बैंकॉक।** थाईलैंड सरकार ने चीन और स्वीडन के साथ रक्षा सौदों को मंजूरी दी है जिसमें स्वीडिश ग्रिपेन लड़ाकू विमानों, दो विदेशी निर्मित युद्धपोत और चीन के साथ एक पनडुब्बी सौदे को अंतिम रूप देना शामिल है। द नेशन ने अपनी एक रिपोर्ट में जानकारी दी है। जारी रिपोर्ट में कहा गया है कि स्वीडिश लड़ाकू विमान अमेरिकी एफ-16 विमानों की जगह लेंगे जो 37 वर्षों से थाई वायु सेना में सेवारत हैं। रिपोर्ट में कहा गया है कि इस खरीद में तीन सिंगल-सीट एसएएबी जेएएस-39 ग्रिपेन ई विमान और एक दो-सीट ग्रिपेन एफ विमान, साथ ही सहायक प्रणालियां और इलेक्ट्रॉनिक युद्ध उपकरण शामिल हैं।

प्रवेश सूचना-पैरामेडिकल/वोकेशनल एण्ड यूनिवर्सिटी कोर्स Admission Open
10th व 12th (OPEN Board) से करें (विषय-साइंस, आर्ट, कॉमर्स)
प्रवेश- 10th हेतु- 8th पास और 10th फेल, 12th-10th पास और 12th फेल
Fresh, Part Admission & TOC Facility Available) (Exam-Oct/Nov 2025)
NIOS(शिक्षा मंत्रालय) कोर्स- DNYS, Radiology(एक्स-रे टैक.), CCH(एलोपैथिक), CAT(आयुर्वेदिक-पंचकर्मा टैक), CHD(होम्यापैथिक), ECCE(प्री-प्राईमरी शिक्षक हेतु), Diploma in Yoga & YTTR, CCA(कम्पयूटर), ET (इलेक्ट्रिकल टैक.) ETC.
Contact for UGC Approved University Courses:-
Dip. in CMS&ED, DPT, DMLT, OPTOMETRY, OPHTHALMIC, OT TECH MPHW, DENTAL TECH. & HYGIENE, RADIOLOGY & BACHELOR (IN All Paramedical), (M.SC, B.SC, B.COM, M.COM) BA/MA/PGD YOGA ETC...
:- प्रवेश हेतु सम्पर्क करे:-
श्री कृष्ण वोकेशनल एण्ड पैरामैडिकल कॉलेज
गांधी कॉलोनी, मेन पचैण्डा रोड, निकट गऊशाला, मु.नगर
M.: 8505978850, 9634519104

अब खबरें आपके मोबाइल फोन पर...
www.shahtimesnews.com

# पाक आर्मी चीफ दोबारा जाएंगे अमेरिका

## दो महीने में दूसरा वॉशिंगटन दौरा, ट्रम्प से मुलाकात संभव

**वाशिंगटन।** पाकिस्तान के आर्मी चीफ फील्ड मार्शल असीम मुनीर इस हफ्ते अमेरिका के दौरे पर जाएंगे। वह सेंटकोम (सेंट्रल कमांड) के नए प्रमुख की नियुक्ति समारोह में शामिल होंगे। यह दो महीने में उनकी अमेरिका की दूसरी यात्रा होगी।

इससे पहले वे 14 जून को वाशिंगटन डीसी में अमेरिकी सेना की 250वीं वर्षगांठ के जश्न में शामिल हुए थे। इसके अलावा मुनीर ने राष्ट्रपति ट्रम्प के साथ व्हाइट हाउस में दो घंटे की लंच मीटिंग की थी। यह बैठक बंद कमरे में हुई थी। यह पहली बार था जब किसी अमेरिकी राष्ट्रपति ने पाकिस्तान के आर्मी चीफ की मेजबानी की। मुनीर ने ट्रम्प को मई में भारत और पाकिस्तान के बीच संघर्ष रुकवाने का क्रेडिट दिया था। साथ ही ट्रम्प को नोबेल पुरस्कार के लिए नामिनेट किया है। दोनों ने व्हाइट हाउस के कैबिनेट रूम में साथ लंच किया था। सेंटकोम के पूर्व प्रमुख को पाकिस्तान ने सैन्य सम्मान से नवाजा पाकिस्तान ने अमेरिका के सेंट्रल कमांड प्रमुख जनरल माइकल कुरिल्ला को देश के सबसे बड़े सैन्य सम्मान निशान-ए-इम्तियाज से नवाजा है। यह सम्मान पिछले महीने इस्लामाबाद में राष्ट्रपति भवन में आयोजित एक समारोह में राष्ट्रपति आसिफ अली जरदारी ने दिया गया। जनरल कुरिल्ला को यह सम्मान क्षेत्रीय शांति को बढ़ावा देने और पाकिस्तान-अमेरिका सैन्य संबंधों को मजबूत करने के लिए दिया गया। जनरल कुरिल्ला ने पाकिस्तान के राष्ट्रपति जरदारी और सेना प्रमुख असीम मुनीर से मुलाकातें कीं। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, इस सम्मान के जरिए पाकिस्तान, अमेरिका के लिए अपनी वफादारी जाहिर कर रहा है। आर्मी चीफ फील्ड मार्शल आसिम मुनीर संभालेंगे। ट्रम्प ने मुनीर के साथ डिनर डिप्लोमेसी के तहत क्रिप्टो डील को फाइनल की है। पाक क्रिप्टो काउंसिल ने पाकिस्तान के 17000 करोड़ रुपये के क्रिप्टो बिजनेस का ट्रम्प परिवार के दबदबे वाली वर्ल्ड लिबर्टी फाइनेंशियल से करार किया है।



■ सेंट्रल कमांड के नए प्रमुख की नियुक्ति समारोह में शामिल होंगे

ROOP RAKSHAK®
आप के रूप का रक्षक
क्या आप अपने चेहरे के मुहासों (Acne) से परेशान हैं। अपनाएं ....
क्या आप अपने चेहरे के दाग, धब्बे व झाईयों से परेशान हैं, अपनाएं
(भारत सरकार द्वारा रजिस्टर्ड ब्रांड)
Customer Care No. 9457717311

यौन समस्याएं
यौन समस्याओं के विशेषज्ञ
पुराने से पुराने यौन रोग के मरीज एक बार अवश्य मिलें
डा. सम्राट
नशामुक्ति, शराब, बीड़ी, सिगरेट, गुटखा तम्बाकू, प्रोक्सीवॉन कैप्सूल अफीम, चरस, डोडे पोस्त इंजेक्शन व अन्य नशा छुड़ाने का स्थायी ईलाज।
नावल्टी सिनेमा चौक
मुजफ्फरनगर (यू.पी.)
M-9412211108